kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-310 ❑ मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



यह सदन संविधान में निहित सिद्धांतों से ही अपनी शक्ति और उद्देश्य प्राप्त करता है और संसद सदस्यों के रूप में इन सिद्धांतों को बनाए रखना और उनकी रक्षा करना सभी कर्तव्य है।
जगदीप धनखड़

जेवर एयरपोर्ट पर सफल हुई ट्रायल लैंडिंग 11
भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है जीवनः कीर्ति वर्धन 12

## संक्षेप

### संजय मल्होत्रा आरबीआई गवर्नर नियुक्त, दास को नहीं मिला सेवा विस्तार

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। श्री मल्होत्रा श्री शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे। श्री मल्होत्रा की नियुक्ति के बाद अब साफ हो गया है कि श्री दास को अब सेवा विस्तार नहीं मिला है। राजस्थान कैडर के 1990 वर्ष के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्री मल्होत्रा की नियुक्ति 11 दिसंबर 2024 से तीन वर्षों के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार 11वीं बार नीति गत दरों को यथावत बनाए रखा है जिसमें आम लोगों विशेषकर घर, कार और व्यक्तिगत ऋण लेने वालों को कोई राहत नहीं मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य और उद्योग संघों ने कई अवसरों पर ब्याज दरों में नरमी लाए जाने की आवश्यकता बता चुके हैं और इसको लेकर उद्योग संघों ने आरबीआई गवर्नर से अपील भी कर चुके हैं।

### भाजपा ने की राज्यसभा उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आंध्र प्रदेश, हरियाणा एवं ओडिशा में होने वाले राज्यसभा के उप-चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार सोमवार को घोषित कर दिये। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने आंध्र प्रदेश, हरियाणा एवं ओडिशा में होने वाले राज्यसभा के उप-चुनावों में प्रत्याशी के रूप में आंध्र प्रदेश से श्री रयागा कृष्णैया, हरियाणा से श्रीमती रेखा शर्मा और ओडिशा से श्री सुजीत कुमार के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

### बिजलीकर्मियों के आंदोलन को राज्यकर्मी भी देंगे समर्थन

**लखनऊ।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन का राज्य कर्मचारी भी समर्थन करेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बिजली विभाग में निजीकरण का व्यापक प्रभाव सरकारी विभागों पर भी पड़ेगा। बिजली महंगी होगी, यातायात सेवाएं एवं उपभोक्ता को मिलने वाली सभी सेवाएं महंगी हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि उड़ीसा एवं मुंबई में निजी बिजली कंपनियां कार्य कर रही हैं। वहां बिजली दर ?10 रुपये प्रति यूनिट से भी ऊपर है जबकि उत्तर प्रदेश में बिजली दर ?6 रुपये के आसपास है।
उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन 110000 करोड़ का घाटा दिखाकर निजीकरण की वकालत कर रहा है जबकि बड़े उपभोक्ताओं पर 115000 करोड़ का बकाया है। कॉरपोरेशन अपना बकाया वसूल कर ले एवं लाइन लॉस को नियंत्रित कर ले तो घाटा नहीं रहेगा।

# 'आप कब्जा करेंगे तो हम क्या लॉलीपॉप खाते रहेंगे'

## बांग्लादेश को ममता बनर्जी की दो टूक

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कंग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश को सख्त नसीहत दी है और दो टूक लहजे में कहा है कि आप अगर हमारे क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम क्या चुपचाप बैठकर लॉलीपॉप खाते रहेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा में बांग्लादेशियों को जमकर फटकार लगाई और सख्त लहजे में कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता जताई।

ममता बनर्जी ने आज विधानसभा में कहा, ''किसी ने कलकत्ता पर कब्जा करने की बात कही। कुछ ने फिर से पश्चिम बंगाल, बिहार और ओडिशा की वापसी की मांग करने की धमकी दी है। अगर कोई कोलकाता या बंगाल पर कब्जा करने आएगा तो राज्य सरकार चुप नहीं बैठेगी और लॉलीपॉप नहीं खाती रहेगी।'' मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि भारत अभिन्न है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश की राजनीति को लेकर ना कोई सिरदर्द है और न कुछ लेना-देना। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि हम दंगा नहीं, शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''यह उत्तर प्रदेश नहीं है कि मैं आपको बैन कर दूं लेकिन मैं आपसे अपील करती हूं कि यहां सही तरीके से रहिए। कुछ फर्जी वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। एक खास राजनीतिक दल ऐसा कर रहा है। राजनीति मत कीजिए। वहां हमारे दोस्तों को नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, ''आप कहते हैं कि आप (बांग्ला, बिहार, ओडिशा) पर कब्जा कर लेंगे। आपमें वह दम नहीं है और हम क्या बैठकर लॉलीपॉप खाते रहेंगे? इसके बारे में सोचो भी मत। भारत अखंड है। हम सब एक हैं। हमारा बांग्लादेश की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हमें किसी के उकसावे में भी ● शेष पेज 11 पर

## ढाका पहुंचे विदेश सचिव की खरी-खरी

### पहले हिन्दुओं की रक्षा और धर्मस्थलों की सुरक्षा करें तय

एजेंसी



ढाका। पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर बढ़ते हमलों के बीच पहली बार विदेश सचिव विक्रम मिसरी बातचीत के लिए ढाका पहुंचे हैं। ढाका पहुंचते ही उन्होंने बांग्लादेश को दो टूक लहजे में कहा है कि सबसे पहले हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तय करनी होगी। उन्होंने अपने समकक्ष के सामने सख्ती से ये मुद्दा उठाया। विदेश सचिव मिसरी ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और साझा हित चाहता है, इसलिए बांग्लादेश को भी उसी तरह का व्यवहार करना चाहिए।

अपनी उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मिसरी ने कहा, ''मैंने आज बांग्लादेश प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है।'' दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है। मिसरी की यह यात्रा हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों ● शेष पेज 11 पर

# अपराध होते ही शहर की सीमाएं लॉक हो जायेंगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



**तैयारी**

- ❑ कैमरे की नजर में आ जायेंगे अपराधी
- ❑ डीजीपी ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए शुरू की नाकाबंदी योजना
- ❑ कोई भी घटना होने पर त्रिस्तरीय चेकिंग होगी, हर बैरियर प्वाइन्ट व मुख्य स्थान सीसी कैमरे की नजर में रहेंगे
- ❑ सभी आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नरों व जिला कप्तानों को दिए निर्देश

लखनऊ। डीजीपी ने अपराधियों की धरपकड़ और गश्त व्यवस्था को पहले से ज्यादा मजबूत करने के लिए नाकाबंदी योजना लागू करने के निर्देश दिए है। इसके तहत हर प्रमुख स्थानों व सीमाओं पर नाकाबंदी कर समय समय पर चेकिंग की जाएगी। अगर कहीं कोई घटना हो जाती है तो अपराधियों के पकड़ने के लिए इस योजना के तहत त्रिस्तरीय चेकिंग की जाएगी। सीमा पर निकास व प्रवेश मार्गों के साथ बैरियर प्वाइन्ट सीसी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस सम्बन्ध में सभी आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर व कप्तानों को नाकाबंदी योजना बनाकर देने को कहा है।

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सभी चिन्हित बिन्दुओं, हॉट स्पाटस पर सूचना मिलते ही चेकिंग शुरू कराने के लिए सभी जरूरी संसाधन जुटा लिए जाए। बैरियर, बूथ को सही कर लिया जाए। ये सभी स्थान आपरेशन त्रिनेत्र व्यवस्था के तहत सीसी कैमरों की जद में कर लिए जाए। सभी पुलिस अधिकारी अपने अधीन थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज को इस बारे में ब्रीफ कर दे। साथ ही यूपी-112 के वाहनों व कर्मचारियों को भी इस योजना में शामिल कर लिया जाए।

डीजीपी ने मातहतों को निर्देश दिया है कि सूनसान रहने वाले स्थान व मार्ग को भी चिन्हित कर लिया जाए। यहां भी सुरक्षा बढ़ा दी जाए। साथ ही यह भी देख लिया जाए कि शहर में कौन-कौन से नए मार्ग बन गए हैं जहां आवागमन ज्यादा रहता है। इन्हें भी चिन्हित कर नाकाबंदी योजना में शामिल कर लिया जाए। इस योजना को शुरू करने से पहले शहर की यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा कर ली जाये। यह ध्यान रखा जाये कि नाकाबंदी की कार्रवाई पर कहीं भी यातायात व्यवस्था बाधित न हो। डीजीपी ने चेताया कि चेकिंग के समय पुलिसकर्मी सभी तरह के सुरक्षा उपकरणों से लैस रहे। उनके पास बॉडीवार्न कैमरे, डण्डा, सर्विस रिवाल्वर-पिस्टल जरूर रहे। पुलिसकर्मियों को इसमें पारंगत करने के लिए मॉक ड्रिल करा ली जाए। इसके साथ ही सीमा से सटे जिलों की पुलिस के साथ समन्वय भी कर लिया जाए। नाकाबंदी योजना के बारे में कन्ट्रोल रूम, सोशल मीडिया सेल ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने जो विकास किया है, वो हर क्षेत्र में आता है नजर : मोदी

एजेंसी



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज दुनिया का हर एक्सपर्ट, हर इन्वेस्टर भारत को लेकर बहुत ही उत्साहित है और परफोर्म , रिफोर्म एवं ट्रासफोर्म के मंत्र पर चलते हुए भारत ने जो विकास किया है, वो हर क्षेत्र में नजर आता है।

श्री मोदी ने सोमवार को यहां राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन-2024 का उद्घाटन करने के बाद अपने उद्बोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद के सात दशक में भारत दुनिया की ग्यारहवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाया था। उसके सामने पिछले 10 वर्ष में भारत दसवीं सबसे बड़ी इकोनामी से पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बना है। बीते दस वर्षों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज़ करीब-करीब डबल किया है। गत दस वर्षों में भारत का एक्सपोर्ट भी करीब-करीब डबल हो गया है। वर्ष 2014 से पहले के दशक की तुलना में बीते दशक में एफडीआई भी दोगुना से अधिक हुआ है। इस दौरान भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर का खर्च करीब दो ट्रिलियन रुपए से बढ़ाकर 11 ट्रिलियन तक पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल डेटा और डिलिवरी की पावर क्या होती है, यह भारत की सफलता से पता चलता है। भारत जैसे डायवर्स देश में, डेमोक्रेसी इतनी फल-फूल रही है, इतनी सशक्त हो रही है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। डेमोक्रेटिक रहते हुए, मानवता का कल्याण, यह भारत की फिलॉसॉफी के कोर में है, यह भारत का मूल चरित्र है। आज भारत की जनता, अपने डेमोक्रेटिक हक के माध्यम से ● शेष पेज 11 पर

## सीयूईटी-यूजी, स्नातकोत्तर में 2025 में बदलाव की संभावना : यूजीसी प्रमुख

नयी दिल्ली, नौ दिसंबर (भाषा) स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में विशेषज्ञ समिति की समीक्षा के बाद 2025 के संस्करण में कई बदलाव होने की संभावना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। यूजीसी ने सीयूईटी-यूजी और पीजी के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी। कुमार ने कहा, ''बीते वर्षों में मिली प्रतिक्रिया के आधार पर सीयूईटी देने वाले छात्रों के लिए बेहतर, अधिक कुशल और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए परीक्षा प्रक्रिया में निरंतर सुधार करना भी आवश्यक है। इसी भावना से यूजीसी ने 2025 के लिए सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा, ''समिति ने इसकी संरचना, प्रश्नपत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि, पाठ्यक्रम ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस लाएगी जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

एजेंसी



नई दिल्ली। विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। कांग्रेस ने यह प्रस्ताव लाने की पेशकश की है, जिसका समर्थन इंडिया अलायंस के अन्य दल भी कर सकते हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि राज्यसभा के चेयरमैन के तौर पर जगदीप धनखड़ पक्षपात कर रहे हैं। वह विपक्षी दलों के सांसदों को मौका नहीं देते और उन्हें अनसुना किया जाता है। ममता बनर्जी की टीएमसी, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

विपक्षी दल संविधान के अनुच्छेद 67 (बी) के तहत इस प्रस्ताव को लाने वाले हैं। बता दें कि सोमवार को भी संसद के दोनों सदनों में कामकाज प्रभावित रहा। राज्यसभा में भी रुक-रुक कर हंगामा होता रहा और कई बार सदन को ठप करने के बाद अंत में पूरे दिन के लिए ही कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इस दौरान जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों के रुख पर दुख भी जताया और कहा कि ये लोग कामकाज बाधित कर रहे हैं और लोकतंत्र के मंदिर में चर्चा से बच रहे हैं। राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों पर भारी हंगामा किया, जिसके कारण उच्च सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न करीब तीन बजकर दस मिनट ● शेष पेज 11 पर

### मौजूदा संसद सत्र में ही 'एक देश, एक चुनाव' बिल, जेपीसी की भी तैयारी

नई दिल्ली। सरकारी सूत्रों के हवाले से यह कहा गया है कि सरकार शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में है। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने पहले ही एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को मंजूरी दे रखी है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है और विस्तृत चर्चा के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजना चाहती है। सरकार से जुड़े सूत्र कह रहे हैं कि सरकार चाहती है कि रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली एक्सपर्ट कमेटी की 18,636 पन्नों की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा हो। खबर है कि सरकार ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरण रिजिजू और अर्जुनराम मेघवाल को विपक्षी नेताओं के साथ बैठकें कर आम राय बनाने को कहा गया है।

# आंदोलनकारी किसानों को राजमार्गों से हटाने का निर्देश देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राजमार्गों को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों और किसानों को वहां से तत्काल हटाने की मांग संबंधी जनहित याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह अदालत संबंधित मामले में पहले से ही सुनवाई कर रही है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता गौरव लूथरा की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में एक याचिका पहले से ही इस अदालत के समक्ष लंबित है। अदालत एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, 'इस अदालत ने पहले ही कुछ पहल की हैं। इसके बावजूद आप याचिका दायर करते हैं?। ऐसा लगता है कि कोई यहां दर्शकों को लुभाने के लिए याचिका दायर कर रहा है और प्रचार के लिए याचिका दायर की गई है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उनकी प्रार्थना यात्रियों की दुर्दशा के संबंध में है। अदालत द्वारा किसानों की शिकायतों के हल के लिए कदम उठाए जाने के बाद भी आंदोलन जारी है। इस पर पीठ ने वकील से कहा, हमें सब कुछ पता है। ऐसा नहीं है कि याचिकाकर्ता ही समाज की अंतरात्मा की आवाज है और बाकी लोग नहीं जानते। बार-बार याचिका दायर न करें। अगर आप लंबित जनहित याचिका में सहायता करना चाहते हैं तो आपका स्वागत है। याचिकाकर्ता श्री लूथरा ने अपनी याचिका में राजमार्गों को अवरुद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों और किसानों को तत्काल हटाने के लिए ● शेष पेज 11 पर

**मुफ्त इलाज की योजनाएं हो या फिर राहत कोष से आर्थिक मदद, हर कदम सशक्त भारत के लिए : सीएम योगी**

# 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' का होना जरूरी

एजेंसी



- ❑ हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को पाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही डबल इंजन सरकार
- ❑ प्रदेश के 65 जिलों को मेडिकल कॉलेज की सौगात दे चुकी है डबल इंजन की सरकार
- ❑ हर जिले में अत्यधिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। 'स्वस्थ भारत' के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश की सरकार हर एक स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य, यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं।

सीएम योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 19 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से वय वंदना कार्ड प्रदान किए और उनसे आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और सुदीर्घ-स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले आजादी के बाद 70 सालों में प्रदेश में सिर्फ 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी है। अकेले इस वर्ष 16 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए। इनमें से 13 सरकारी और 3 पीपीपी मोड पर संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त दो नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी शुरू हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष इंसेफ़ेलाइटिस से बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने प्रभावी नियंत्रण के साथ बीमारी को समाप्त कर दिया है। 2017 के पहले जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में अकेला गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, वह भी खुद बीमार रहा करता था। जबकि आज डबल इंजन की सरकार में गोरखपुर में एम्स खुल चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी की सेवा शुरू हो चुकी है। पहले देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच में मेडिकल कॉलेज नहीं थे वहीं आज इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बन गए हैं या बन रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर जिले में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू, डायलिसिस, सीटी स्कैन, कलर डॉपलर, एमआरआई, ब्लड बैंक, ब्लड कंपोनेंट यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कर रही है और इसका लाभ बड़े पैमानों पर नागरिक ले रहे हैं। इंसेफ़ेलाइटिस पर नियंत्रण पाने के साथ ही सरकार ने कोरोना के संकट काल में प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को बचाने के लिए सफल प्रयास किया। इंसेफ़ेलाइटिस से मुक्ति दिलाने के बाद कोरोना को भी समाप्त किया गया। यह सुदृढ़ हुई स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते ही संभव हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।प्रति साल पांच लाख रुपये की मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए इसमें लाभार्थी को कुछ भी नहीं देना है, सिर्फ हर साल सिर्फ आयुष्मान हेल्थ कार्ड का नवीनीकरण कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ देश में ● शेष पेज 11 पर

# सोनिया गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**लहुराबीर आईएमए भवन में रक्तदान, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह से किया भागीदारी**

एजेंसी

वाराणसी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के 78वें जन्मदिन पर सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां पूरे उत्साह के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ रक्तदान किया। लहुराबीर स्थित आईएमए भवन के सभागार में आयोजित ''सामाजिक सद्भाव रक्तदान शिविर'' कार्यक्रम में जुटे कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। रक्तदान कार्यक्रम में चारों धर्मों के प्रतिनिधियों ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संघर्ष और त्याग की प्रतिमूर्ति, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष, हमारी नेता एवं अभिभावक, सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर हम सब हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हैं। आज सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कमेटी ने ''सामाजिक सद्भाव रक्तदान शिविर'' का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में किया है। इसमें रक्तदान कर हम यह संदेश देना चाहते है कि सभी का खून शामिल है यहां की मिट्टी में। आज जिस प्रकार से भाजपा सरकार लोगों को बांटने की राजनीति कर रही है। नफरत के माहौल को बढ़ा रही। ऐसे में प्रेम ,सद्भावना,एकता ,भाईचारा को बढ़ाने का कार्य कंग्रेस पार्टी करेगी। रक्तदान में जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, प्रमोद पाण्डेय, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, विशाल सिंह, ऋषभ पाण्डेय, अमरजीत सिंह, असलम खां, सतनाम सिंह,राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश ओझा,वीरेंद्र कपूर,विश्वनाथ कुँवर, राजीव राम, मयंक चौबे आदि ने भागीदारी की।

## घर में घुसकर बदमाशों ने की अधेड़ की हत्या

रायबरेली । बदमाशों ने घर में घुसकर एक अधेड़ की हत्या कर दी और जमकर लूटपाट किया। इस बेदर्दी से की गई हत्या के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पत्नी जब घर पहुंची तो शव के हाथ-पैर बंधे मिले और जानकारी हो सकी।

सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण नौहवार, डलमऊ कोतवाल सहित थाने की फ़ोर्स मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है। सोमवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नरसवां गांव के रहने वाले उमाशंकर साहू पुत्र सरजु प्रसाद(50) का घर के अंदर रस्सी से बंधा शव मिला है। जब इसकी भनक परिजनों को लगी तो हड़कम्प मच गया। मौके पर भीड़ जुट गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या मेहनत से बनी पार्टी है : स्वतंत्र देव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज । भारतीय जनता पार्टी ऋषि-मुनियों की पार्टी है। आपके त्याग तपस्या समर्पण और मेहनत से बनी पार्टी है।आपको इसे निरंतर गति देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करना,अपने कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सम्मिलित होते रहना चाहिए। आप अपने दरवाज़े से घर में प्रवेश करें तो मंदिर जैसा माहौल होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी आपकी मां है मां का सम्मान झुकने ना पाएं यह सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य होना चाहिए उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ नगरी प्रयागराज में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत यमुनापार जिला एवं मण्डल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए वृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर करछना में कहीं और सभी कार्यकर्ताओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को सुनने हेतू भारी संख्या में कार्यक्रम मे पहुंचने की अपील करते हुए योजना रचना बनाकर कई संगठनात्मक बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया और कार्यकर्ताओं के विभिन्न समस्याओं को सुनकर निदान का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का बुकें अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत सम्बोधन करते हुए प्रभारी मंत्री को विश्वास दिलाया कि महानगर गंगापार से ज्यादा संख्या यमुनापार से पहुंचेगी। बैठक में काशी क्षेत्र महामंत्री संतोष पटेल,विधायक करछना पियूष रंजन निषाद,विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक बारा डॉं वाचस्पति, जिला चुनाव सह अधिकारी रमाकांत विश्वकर्मा,जय सिंह पटेल, पुष्पराज सिंह पटेल आदि रहें। संचालन जिला महामंत्री व जिला सह चुनाव अधिकारी राजेश शुक्ला ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने एक-एक कार्यकर्ताओं से परिचय करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के सभा की योजनाओं की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष के आवास पर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। बैठक में सभी ब्लाक प्रमुख, चेयरमैन, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।

# अक्षय वट कारिडोर का निर्माण अंतिम चरण में पीएम मोदी 13 दिसंबर को करेंगे उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मुगल बादशाह अकबर द्वारा इसे बंद करा दिया था अब कुंभ मेला दृष्टि गत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 दिसंबर को खोला जाएगा**

प्रयागराज । पौराणिक मान्यता के अनुसार मोक्ष के लिए लोग अक्षयवट वृक्ष से छलांग लगा दिया करते थे। जिसके चलते मुगल बादशाह अकबर द्वारा इसे बंद करा दिया था। अब महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत यह श्रद्धालुओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी के उद्घाटन के बाद 13 दिसंबर से खोला जाएगा। संगम नगरी में बने अक्षयवट पौराणिक स्थल के कॉरिडोर को कारीगर अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हुए है। यह निर्माण किले के अंदर किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 13 दिसंबर को प्रयागराज आगमन हो रहा हैं। जिसको लेकर शासन और प्रशासन द्वारा निर्माण कार्यों की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि 18 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे संगम तट पर अक्षयवट कॉरिडोर को कारीगरों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। 2023 में इसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जोकि कुल 10 एकड़ में फैला हुआ है। बताते चलें कि अक्षयवट कॉरिडोर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। लंबे समय तक यह क्षेत्र सेना के कब्जे के बाद महाकुंभ में फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। राजस्थान के धौलपुर से खास लाल पत्थर द्वारा इसका निर्माण किया गया है।इसके अलावा इसके पत्थरों पर की गई नक्काशी के द्वारा संस्कृत और हिंदी में प्रयाग की महिमा का बखान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुम्भ के लिए संगम नोज पर पूजन व आरती के अलावा संगम नोज पर बनाए गए जनसभा स्थल पर जाएंगे। जहाँ पर 6500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा।संगम नोज पर पीएम की जनसभा के लिए अधिकारियों द्वारा पंडाल को अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है।जिसमें दो लाख से अधिक लोगों के बैठने का बंदोबस्त किया गया है। प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण कार्य अपने अंतिम पड़ाव पर है। साथ ही सरस्वती कूप के चारों ओर फव्वारे लगाएं जाएंगे।

**अक्षयवट कॉरिडोर–**

18 करोड़ की लागत से तीन मंदिरों का होगा संगम 10 एकड़ में किया जा रहा है निर्माण कार्य 2023 में शुरू किया गया था कार्य अक्षयवट कॉरिडोर के तहत सरस्वती कूप के चारों ओर फाउंटेन लगाया जा रहा है ।

# सोसायटी में डीएपी का अकाल, नीजी दुकानों पर अधिक मूल्य पर मिल रही डीएपी, किसानों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव ( प्रयागराज ) सरकार भले ही किसानो को उचित मूल्य पर सोसायटी मे डीएपी यूरिया सल्फ़र खाद मुहैया कराने की बात कह रही है लेकिन जमीनी हकीकत यह है की सोसायटी मे उपलब्ध नहीं है किसानो को खाली हाथ लौटना पड़ता है मजबूरी लाचारी मे नीजी दुकानों सें अधिक मूल्य मे खरीदकर खेतो मे डाल रहे है जिससे किसानो की जेब ढीली हो रही है जहाँ एक ओर ब्यापारी मालामाल हो रहे है वही दूसरी तरफ किसान लूट रहा है उदाहरण के तौर पर कोरांव विकास खंड के घेघसाही शमलीपुर गांव के किसान तौलन ने बताया की कोरांव ब्लाक के पास सोसायटी पर डीएपी लेने के लिए गया लेकीन उपलब्ध नहीं रहा यह कहकर वापस किया गया की आने पर दिया जायेगा ज्यादातर सचिव किसानो को खाद न देकर कालाबाजारी कर लेते है जिससे किसानो को सोसायटी जाने पर खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है कब आता है कब खत्म हो जाता है किसी को जानकारी ही नहीं होता जिससे किसानो मे काफी आक्रोश ब्याप्त है




# आम आदमी पार्टी ने की मंडल व जिले की सोशल मीडिया टीम घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी ने रविवार को यूपी के सभी मंडल एवं जिलों के सोशल मीडिया प्रभारियों की घोषणा की। यूपी प्रभारी व सांसद संजय सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। आप सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी विपिन पाठक ने कहा कि सोशल मीडिया की इस टीम के माध्यम से वह दिल्ली के केजरीवाल मॉडल को घर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही, भाजपा की नफ़रत की राजनीति को भी सोशल मीडिया पर एक्सपोज करेंगे।

आम आदमी पार्टी ने आगरा मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी के तौर पर प्रबल मित्तल, अलीगढ़ में उमेश, बरेली में जाकिर हुसैन सैफी, बस्ती में भरत यादव, चित्रकूट में विवेक सिंह, देवीपाटन में हरीश वर्मा, झांसी में संदीप सिंह, गोरखपुर में नासिक अली, आजमगढ़ में सत्यम राय संघर्ष, कानपुर में जसवंत सैनी, लखनऊ में डॉक्टर तुषार आर्य, मेरठ में अजहर मिर्ज़ा बेग, मिर्ज़ापुर में मोहम्मद एहसान, मुरादाबाद में जाकिर हुसैन सैफी, प्रयागराज में पुलसित तिवारी, सहारनपुर में गोविंद शुक्ला, वाराणसी में विवेक गुप्ता और अयोध्या मंडल में विकास तिवारी को जिम्मेदारी दी।

वहीं, जिले के प्रभारी के तौर पर आगरा में अंशुल शर्मा, मथुरा में चंद्र शेखर मिश्रा, मैनपुरी में अमित कुमार, फिरोजाबाद में यदुवंश यादव, अलीगढ़ में विशाल गौतम, एटा में सुमित कुमार, हाथरस में शुभम अग्निहोत्री, कासगंज में भारत सिंह, बदायूं में आलोक सिंह, बरेली में डॉ नंदकिशोर, पीलीभीत में परवेज आलम, शाहजहांपुर में अनुराग रस्तोगी, बस्ती में शिवनारायण यादव, संतकबीरनगर में विंध्यवासिनी सिंह, सिद्धार्थ नगर में अब्दुल रहमान खान, हमीरपुर में सलमान खान, महोबा में पुष्पेन्द्र गौतम, बांदा में सोनू कुमार, चित्रकूट में अनिरुद्ध सिंह, बहराइच में देशबंधु शुक्ला, बलरामपुर में अरविंद भारद्वाज, गोंडा में शिवम शर्मा, श्रावस्ती में दीपक साहू, जालौन में विकास राज, झांसी में प्रशांत चौधरी, ललितपुर में आदर्श दुबे, देवरिया में बृजेश चौहान, कुशीनगर में सद्दाम हुसैन, गोरखपुर में विनीत द्विवेदी, महाराजगंज में श्रवण वर्मा, आजमगढ़ में अंगद यादव, बलिया में दुर्गेश यादव, मऊ में राजू, औरैया में अमित पाल, इटावा में सदानंद सिंह, फर्रुखाबाद में अंकित शाक्य, कन्नौज में रविकांत शर्मा, कानपुर देहात में पंकज पाल, कानपुर नगर में कार्तिक भोला, हरदोई में उमाकांत वर्मा, लखीमपुर खीरी में मदन सिंह, रायबरेली में सौरभ वर्मा, सीतापुर में उपेंद्र पासी, उन्नाव में हरि सिंह, बागपत में ऋषभ गौर, बुलंदशहर में दर्शन शर्मा, मेरठ में शक्ति चौधरी, गौतमबुद्धनगर में विजय श्रीवास्तव, हापुड़ में उमेश तोमर, मिर्ज़ापुर में हेमंत कुमार कुशवाहा, भदोही में रोशन अली, सोनभद्र में जितेंद्र, बिजनौर में अभिषेक पटेल, अमरोहा में शाहिद हुसैन, मुरादाबाद में वसीम राजा, रामपुर में रयान खान, संभल में असम हुसैन, प्रयागराज में अजय कुमार निषाद, प्रतापगढ़ में शिवाकांत तिवारी, कौशांबी में आशिक अली, फतेहपुर में राहुल राय, सहारनपुर में नावेद अहमद कुरैशी, शामली में राशिद खान, चंदौली में संतोष सिंह, गाजीपुर में अजय कुमार गिरी, वाराणसी में राजीव भारद्वाज, सुल्तानपुर में साहिल तिवारी व बाराबंकी जिले में धनंजय यादव को प्रभारी बनाया गया।

# महोबा जा रही महिलाओं के बैग में रखे नगदी जेवरात गायब

एजेंसी

हमीरपुर। मौदहा नगर के बड़े चौराहे से महोबा जाने के लिए अज्ञात कार में बैठी दो बहनों के बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नगदी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। रविवार को पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। महोबा के समद नगर निवासिनी शबनम खातून पत्नी मोहम्मद तौफीक ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि वह अपनी छोटी बहन चांदनी के साथ महोबा जाने के लिए बड़े चौराहे पर खड़ी थी। तभी एक अज्ञात कार चालक द्वारा महोबा जाने की आवाज लगाने पर वह उसकी कार में बैठ गई और अपना बैग सीट के नीचे रख लिया। कार चालक अपनी गाड़ी नरायच तक ले गया और आगे चेकिंग लगी होने की बात कहकर वापस मौदहा बड़े चौराहा लाकर सभी सवारियों को उतार दिया। इस बीच शबनम ने अपना बैग देखा तो उसमें रखे दो हजार रुपये के अलावा सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत करीब तीन लाख रुपए थी गायब थे। उसने इधर-उधर कार चालक की तलाश की लेकिन वह जा चुका था और अन्य सवारियां भी इधर उधर हो चुकीं थीं।

## आगरा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

आगरा। खेरिया एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सुरक्षा जांच एजेंसिया पूरी तरह से सतर्क हो गई हैं। पुलिस धमकी देने वाले की तलाश में जुटी हुई है। एसीपी मयंक तिवारी ने सोमवार को यह बताया कि एयरपोर्ट प्रशासन को आज सुबह एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इसमें कहा गया है कि एयरपोर्ट परिसर के बाथरूम में बम रखा गया है। ऐसी खबर मिलते ही पुलिस और एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और बम निरोधक दल ने एयरपोर्ट की गहन जांच की, लेकिन कोई भी समान नहीं मिला है। एयरपोर्ट के निदेशक योगेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दो घंटे तक एयरपोर्ट परिसर में गहनता से छानबीन की गई है।

## अवैध खनन की बालू लें जातें समय पलटा टैक्टर चालक की दर्दनाक मौत

प्रयागराज जमुनापार कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र थाना औद्योगिक क्षेत्र के मुंगारी गांव के सल्दी का पूरा का रहने वाला 18 वर्षीय जितेंद्र यादव छोटकऊ पुत्र धर्म राज यादव सोमवार की सुबह मनैया घाट से बालू लादकर करछना थाना क्षेत्र के नेवादा नरैना गांव के ईंट भट्ठे पर गिराने जा रहा था। अचानक नरैना गांव के पास उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। स्थानीय लोगों ने उसे ट्रैक्टर से नीचे निकालकर औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। अस्पताल के डाक्टरों ने औद्योगिक पुलिस को युवक के दुर्घटनाग्रस्त होकर मौत होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने करछना पुलिस को मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने कहा कि मौके पर उपनिरीक्षक अखिलेश राय को भेजा गया था। युवक का पोस्टमार्टम कराने के लिए नहीं तैयार हुए। मृतक का बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस में कोई शिकायत नहीं की। इसलिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं लगातार मनैया गांव में अवैध बालू और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। पुलिस और राजस्व विभाग के साथ खनन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गवा रहे हैं।

## प्रयागराज :शातिर लुटेरा गिरफ्तार, नकदी बरामद

प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। थरवई थाने की पुलिस टीम ने रविवार को पारनडीह पुलिया के समीप से एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से 29 हजार 510 रुपए बरामद किया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित थरवई थाना क्षेत्र के चक मसूद कुम्हौना गांव निवासी तेज प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र स्वर्गीय पृथ्वीराज सिंह है। इसके खिलाफ प्रतापगढ़ के जेठवारा, थरवई थाने में तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को मुखबिर की सूचना पर पारनडीह पुलिया के समीप गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## डॉ. शालू महाजन को पियरे फौचर्ड अकादमी (यूएसए) ने फैलोशिप देकर सम्मानित किया

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर की सुप्रसिद्ध दन्त चिकित्सक डॉ. शालू महाजन को अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था 'पियरे फौचर्ड अकादमी'' द्वारा फैलोशिप देकर सम्मानित किया गया। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका के लिए डॉ. शालू महाजन को यह सम्मान रविवार को इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित कन्वोकेशन के दौरान सम्मान समारोह में अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. चेरिल ब्रैडफोर्ड बिलिंग्स्ले ने प्रदान किया। डॉ. शालू महाजन ने बताया कि वह विगत तेरह वर्षों से मुरादाबाद में एमडीए कॉलोनी में एक सफल एवम एडवांसड डेंटल प्रैक्टिस चला रही हैं और अपनी चिकित्सा कार्यों से सेकड़ों मरीजों को लाभ दे चुकी हैं। डॉ. शालू महाजन ने आगे बताया कि पियरे फौचर्ड अकादमी एक इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन जिसका निर्माण वर्ष 1936 में हुआ था और आज उसका हेड ऑफिस वैंकूवर (यूएसए) में है।

## विधायक के हाथों कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिले

गोरखपुर। सदर तहसील अंतर्गत कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र के मीरपुर ग्राम सभा में जरूरतमंदों को स्थानीय विधायक फतेह बहादुर सिंह ने 500 कंबल वितरित किए। शासन के मुखिया का निर्देश है कि कोई भी गरीब या जरूरतमंद ठंड के मौसम में ठिठुरने न पाए। गांव-गांव पहुंचकर जनप्रतिनिधि ग्रामवासियों को ठंडक से बचने के लिए कंबल वितरण करें। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जाय। ठंडक में गरीबों को कंबल वितरित किया जाए। शासन द्वारा गरीब, विधवा, विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल बांट जा रहे हैं।

## संस्कृत और संस्कार हम भारतीय लोगों के रक्त में : प्रो. रविशंकर

वाराणसी। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में आयोजित संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर में लगातार तीसरे दिन रविवार को भी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भागीदारी की। प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने इससे जुड़े अनुभव भी साझा किए। शिविर में विश्वविद्यालय के प्रो. रवि शंकर पांडेय ने कथा कहानियों के जरिए छात्रों को प्रशिक्षित किया। प्रो. पांडेय ने कहा कि संस्कृत और संस्कार तो हम भारतीयों के रक्त में है। केवल आवश्यकता इस बात की है कि हमारी वाणी में भी संस्कृत हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र की निदेशक प्रोफ़ेसर विधु द्विवेदी ने कहा कि शिविर में विश्वविद्यालय के किसी भी कक्षा के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

## सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में 17 जनवरी को अगली सुनवाई

प्रयागराज। भाजपा नेता डा. सुब्रमण्यम स्वामी ने उत्तर प्रदेश सरकार के 2017 के उस फैसले को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें सरकार द्वारा राज्य के मंदिरों से जुड़े मेलों और त्योहारों का प्रबंधन अपने हाथ में लेने का निर्णय लिया गया है। आज केस की सुनवाई के दौरान स्वामी के अधिवक्ता के अनुरोध पर चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई 17 जनवरी तक के लिए टाल दी। कोर्ट इस याचिका पर अब अगले साल 17 जनवरी को सुनवाई करेगा। याचिका में उत्तर प्रदेश सरकार की 18 सितंबर 2017 की अधिसूचना और 3 नवंबर 2017 के परिणामी आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि यह अधिसूचना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 31-ए का उल्लंघन करती है। यूपी सरकार मनमाने, असंवैधानिक और अवैध तरीके से मंदिरों और उनके धार्मिक समारोहों के प्रशासन, प्रबंधन और नियंत्रण को अपने हाथ में लेने का प्रयास कर रही है। जनहित याचिका में राज्य सरकार को उत्तर प्रदेश राज्य में मंदिरों के मेलों और त्योहारों को सरकारी मेला घोषित करने या उनका नियंत्रण अपने हाथ में लेने से स्थायी रूप से रोकने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

# एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस अवसर पर परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार की सुबह 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक समारोह के समापन अवसर पर श्रेष्ठतम संस्था का महायोगी श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा। श्रेष्ठतम परिचारक के लिए ब्रह्मलीन महंत गोपालनाथ स्वर्ण पदक एमपी इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के बृजानंद को, श्रेष्ठतम कर्मचारी के लिए योगिराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के बृजेश विश्वकर्मा को, श्रेष्ठतम शिक्षक के लिए योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्वर्ण पदक गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के शिक्षक डॉ. सुमित कुमार को प्राप्त होगा।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में स्नातकोत्तर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के सागर चौधरी को, स्नातक के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के निमिष सिंह को तथा हाईस्कूल-इंटर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी का महाराणा मेवाड़ स्वर्ण पदक एमपी बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस की गौरी गौड़ को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 12 मेधावियों को विभिन्न विभूतियों के नाम पर नकद राशि सहित स्मृति पुरस्कार और बोर्ड परीक्षा/विश्वविद्यालय परीक्षा में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 9 विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह की पुस्तक 'शिक्षा की भारतीय अवधारणा' का विमोचन किया जाएगा। यह पुस्तक प्राचीन काल से शिक्षण पद्धति का विश्लेषण करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित करती है।

# लखनऊ मध्य क्षेत्र में 57 लोगों पर बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को अति संवेदनशील घनी आबादी वाले क्षेत्र के अन्तर्गत सुबह 5 बजे से 8 बजे के बीच बिजली चोरी के ख़िलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। ये अभियान देवपुर, भदेवां, प्रकाश पुरम, पुराना हैदरगंज, वजीरबाग, हातानूर बेग, नई बस्ती, मुरली नगर, खानडारी बाजार, घसियारी मण्डी, अहिमामउ, संत कबीर नगर, रथखाना, मशकगंज, तुलसी दास मार्ग, हुसैनाबाद, बारुद खाना, सरफराज गंज, बरौरा गांव, हाता कुरान साहब नजफ कटरा दरगाह, नवबस्ता, गांधी चबूतरा, मेंहदीगंज, मिल्लतनगर आदि इलाक़ो में चलाया गया था। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया की अभियान के दौरान लो-कम्जम्शन, टैम्पर्ड मीटर, अवैध कटिया कनेक्शन, मीटर बाईपास आदि की चेकिंग की गयी। इस दौरान कुछ लोग अपने बिजली चोरी के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास करते देखे गये। इस दौरान लखनऊ मध्य क्षेत्र के सभी खण्डो में मिलाकर 176 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमें से 57 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पाया गया, बिजली चोरी करने वाले इन सभी 57 उपभोक्ताओं के ख़िलाफ एंटी पावर थीफ थाने में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और इन सभी 57 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई।



# ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर कटे, हालत नाजुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा,लखनऊ । थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर रेल खंड पर स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम करीब 7:00 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान एक युवक के साथ हादसा हो गया। हादसे में युवक के दोनों पैर मौके पर कट गए वहीं उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी पाकर पहुंची जीआरपी पुलिस ने एंबुलेंस को सूचित किया, इसके बाद एंबुलेंस से युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सहिजनपुर गांव का निवासी रामबाबू पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर उम्र करीब 50 वर्ष प्लंबरिंग का काम करने के लिए लखनऊ रोजाना आता जाता था। सोमवार सुबह भी वह घर से काम के लिए शहर गया था और शाम को ट्रेन से जब स्टेशन पर उतर रहा था इसी दौरान हादसा हो गया। बताते हैं कि हरौनी रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर एक मालगाड़ी खड़ी थी इसी दौरान पैसेंजर ट्रेन के आने का समय होने पर ट्रेन को मेन लाइन पर लिया गया जिसके दोनों और प्लेटफार्म नहीं है जिस वजह से ट्रेन से काफी नीचे उतरना पड़ता है यह भी हादसे की मुख्य वजह रही। फिलहाल अधेड़ युवक को इलाज के लिए गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।



### एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

अधेड़ युवक हादसे का शिकार होकर करीब 1 घंटे तक मौके पर ही तड़पता रहा और उसे कोई इलाज न उपलब्ध हो सका जिस वजह से उसकी हालत और भी नाजुक बन गई। इस वजह से आस-पास मौजूद ग्रामीण आक्रोशित भी होने लगे। जानकार बताते हैं कि इस क्षेत्र में कोई भी हादसा होने पर एंबुलेंस के आने में घंटो लग जाते हैं जिससे हादसे के शिकार का जीवन बचाना और भी मुश्किल हो जाता है, इसे प्रशासनिक उदासीनता कहा जाए या दूरी का कारण फिलहाल हादसे का शिकार होने वाले पीड़ित को एंबुलेंस की इस आम समस्या से भी दो-चार होना पड़ता है।

# जयपुरिया में नवां संस्थापक दिवस समारोह का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित आनंदराम जयपुरिया स्कूल में नवां संस्थापक दिवस को रविवार को भव्यता से मनाया गया। इस वर्ष की थीम नैतिकता व उत्कृष्ट पर आधारित थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और गजानन स्तुति से हुई इसके बाद श्री राम भजन प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि निवेश राज प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी और विशिष्ट अतिथि स्टीवन सैमुअल देवासी विश्व प्रसिद्ध ड्रामा और गायक रहे । जयपुरिया ग्रुप की अध्यक्ष सुनीता जयपुरिया उपाध्यक्ष हरि संदूजा निदेशक शिखा बनर्जी प्रधानाचार्य सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कानपुर गणेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नैतिकता से उत्कृष्ट नाटक ने जीवन के नैतिक मूल्यों को दर्शाया संस्कृति के रंग में भारतीय लोक नृत्य और हिप हॉप का संगम दिखाया। पश्चिमी गीत में एकता और नैतिकता का संदेश दिया। टेक टाइम टाइड्स आईटी प्रस्तुति ने छात्रों के तकनीकी नाव व चारों को प्रदर्शित किया और लेजियम ड्रिल ने अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन किया।



# उप्र में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन, वादों का होगा निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए अदालत में दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली एवं जल के बिल से संबंधित शमनीय दंडवाद, चेक बाउंस से संबंधित धारा-138 एनआई एक्ट व बैंक रिकवरी, राजस्व वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वार और अन्य सिविल वादों का समाधान किया जाएगा। योगी सरकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्?देश्य दोनों पक्षों के बीच सौहार्द बनाना है। इससे संबंधित पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है। लोक अदालत में निर्णित मुकदमे की अपील किसी अन्य न्यायालय में नहीं की जा सकती है। लोक अदालत के निर्णय को अंतिम माना जाता है। वहीं, अदा की गयी कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस हो जाती है। लोक अदालत का निर्णय सिविल न्यायालय के निर्णय के समान बाध्यकारी होता है। यातायात संबंधी चालानों को वेबसाइट फ्दधफ्ल्प्प.द्दधफ.द्धद्ध के द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण कराया जा सकता है। ऐसे में प्रदेशवासी किसी भी आलंबित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हैं तो वह संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क कर वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवाद वह हैं, जो दंपति के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न होते हैं। इसके समाधान के लिए पति अथवा पत्नी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विवाद का संक्षिप्त विवरण लिखते हुए प्रार्थना पत्र दिया जायेगा। इसके बाद विपक्षी को नोटिस भेज कर बुलाया जायेगा। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ अधिवक्ता की पीठ गठित की जायेगी। पीठ के द्वारा दोनों पक्षों की बैठक करवाकर सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जायेगा। पीठ के द्वारा पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जायेगा, जो अंतिम माना जायेगा। इससे परिवार टूटने से बच जायेगा एवं पारिवारिक सद्भाव बना रहेगा।



### नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर कि आत्महत्या



दुबग्गा । कोतवाली क्षेत्र मृतिका की पहचान अंजली देवी (22) के रूप में हुई हैं। जो हरदोई के गौसगंज नया गांव के गंगू पुरवा की रहने वाली थी। अंजली देवी दुबग्गा के मोहन विहार कॉलोनी में सुमन सिंह के मकान पर किराए पर रहती थी। और नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। मकान मालिक सुमन सिंह ने बताया कि अंजली देवी यहां पर अकेली रहकर नर्सिंग की पढ़ाई करती थी। करीब एक वर्ष से पूर्व से यहां रहकर नर्सिंग की पड़ाई करती थी। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच पड़ताल की जा रही है। घर में किसान संतोष कुमार, मां विमला देवी, बहन अनामिका, भाई आकाश हैं। मामा अरविंद ने के मुताबिक अंजली देवी ने चरक सुरुचि इंस्टिट्यूट में एनएम की पढ़ाई पास की थी। 6 दिन पूर्व रिजल्ट आया था। हालां कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री को महाकुम्भ 2025 के लिए किया आमंत्रित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को गुजरात राज्य में राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से भेंटकर महाकुम्भ 2025 के लिए आमंत्रित किया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत अहमदाबाद पहुंचे मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पहले दिन अहमदाबाद में मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की और इस दौरान महाकुंभ 2025 की विशेषताओं पर चर्चा की।

दोनों मंत्रियों ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से राजभवन जाकर दोनों मंत्रियों ने भेंट की। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल से कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो व मुख्यमंत्री का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया। प्रयागराज के महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता का परिचय भी दिया।

# गोमती नगर में 3 अवैध निर्माण हुए सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को एलडीए प्रवर्तन जोन एक की टीम ने गोमती नगर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध तरीके से किये जा रहे 3 निर्माण कार्यों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजकुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनम्र खण्ड में भूखण्ड संख्या-2/4 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से चार मंजिला भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह हितेश खन्ना व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में भूखण्ड संख्या-5/483 पर लगभग 115 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिनके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। इसके अलावा नावेद सिद्दीकी व अन्य द्वारा गोमती नगर के सृजन विहार में भूखण्ड संख्या-49 पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन टीम द्वारा पूर्व में सील किया गया था। वर्तमान में विपक्षी द्वारा अवैध तरीके से परिसर की सील खोलकर पुनः निर्माण व फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। जिस पर परिसर को पुनः सील करने के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता उदयवीर सिंह व अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से तीनों अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

# चिनहट में तीन टप्पेबाज गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अपनी भोली-भाली बातों में फंसाकर भोले-भाले लोगों से उनकी गाढ़ी कमाई लुटने वाले गिरोह का खुलासा कर थानाध्यक्ष चिनहट भरत कुमार पाठक की टीम ने दो सगे भाइयों सहित तीन टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में बीते दिनों चिनहट क्षेत्र निवासी पुष्पा पाण्डेय ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाराबंकी जिले के देवा कोतवाली क्षेत्र निवासी अस्लम, अकरम व अमजद अहमद को सोमवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जेवरात बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए तीनों आरोपियों में से अस्लम व अकरम सगे भाई हैं। बताया गया कि इनका एक संगठित गिरोह है जो सुनसान जगहों पर महिलाओं को अपनी भोली-भाली बातों में फंसाकर उनके जेवर लेकर भाग निकलते हैं। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह में कितने लोग और शामिल हैं इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है।

# दहिरामऊ स्थित समर्थ सदगुरु साहिब मंदिर पर तृतीय भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के दहिरामऊ स्थित सदगुरु साहिब मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद रविवार को कीर्तन भजन व पूजा- अर्चना के बाद तृतीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य आयोजक पवन कुमार वर्मा निवासी दहिरामऊ व देवकीनंदन वर्मा निवासी इच्छा खेड़ा मजरा शाह मोहम्मदपुर अपैया है । कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पर पूजन कर सुंदर-सुंदर झांकियों द्वारा किया गया, जिससे कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया और लोग। गोसाईगंज क्षेत्र के दहिरा मऊ स्थित सत्यनाम समर्थ सदगुरु साहिब के मंदिर पर रविवार को तृतीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पवन वर्मा व देवकीनंदन वर्मा ने पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ कराया , इस बीच कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाकर लोगों का मन मोह लिया जिसमें मुख्य झांकी शिव तांडव रही कार्यक्रम के व्यवस्थापक डॉ रमन वर्मा ने बताया कि मंदिर के जीरो धार एवं छबिलाल दास एवं उनकी धर्मपत्नी रामरती की स्मृति में तृतीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस मौके पर गोसाईगंज , नगराम व निगोहां क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान देवकीनंदन, पवन कुमार, डॉ रमन वर्मा , रोहित कुमार , मुरली वर्मा, पंकज वर्मा, आंसू , राहुल पटेल मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल रहे।



### कलाकारों ने झांकियों के माध्यम से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया

# लखीमपुर में गोमती नदी के तट पर रमणीय स्थल तक खिंचे चले आते पर्यटक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में गोमती नदी के तट पर रमणीय स्थलों की भरमार है। इन रमणीय स्थलों पर लखीमपुर आने वाले पर्यटक अपने आप ही खिंचे चले आते हैं। पर्यटकों के यहां तक पहुंचने के कारण उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की टीम भी यहां तक पहुंची है। लखनऊ से 130 किलोमीटर की दूरी पर लखीमपुर जनपद अपने में प्रकृति की सुंदरता छुपाये हुए स्थित है। प्रकृति प्रेमियों और वन्य जीव दर्शन का शौक रखने वाले लोगों के लिए लखीमपुर एक पर्यटन जनपद भी है। लखनऊ से सीतापुर होते हुए लखीमपुर तक पहुंचा जा सकता है। लखीमपुर में गोमती नदी बहती है और उसके दोनों किनारों पर रमणीय पर्यटक स्थलों की बड़ी संख्या है। लखीमपुर जनपद के निवासी अध्यापक देवेश कुमार बताते हैं कि आजकल लखीमपुर में बाहर से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। विशेष रूप से लखनऊ से यहां लोग आते हैं, जिनकी पहली पसंद गोला गोकर्णनाथ के दर्शन और दुधवा नेशनल पार्क होती है। इसके बाद गोमती नदी के किनारे बसे रमणीय स्थलों में उचवा हनुमानगढ़ी आश्रम, अमरी देवी मंदिर, टेढ़ेनाथ घाट देखने लोगों का पहुंचना होता है। पर्यटकों की सहायता करने वाले देवेश कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि लखीमपुर के मोहम्मदी के निकट हरिहरापुर गांव में उचवा हनुमानगढ़ी आश्रम स्थित है। विराट परिक्रमा के दौरान यहां पर श्रद्धालुओं का रुकखा होता है। अमरी देवी के नाम पर अमरी घाट और बाद में एक विशालकाय मंदिर बना है। यह स्थान जैती फिरोजपुर गांव में है। अमरी देवी की कृपा है, यहां गोमती नदी उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा की ओर बहती है। उन्होंने बताया कि अमरी देवी मंदिर पर प्रत्येक अमावस्या पर मेला लगता है। दूर-दूर से यहां श्रद्धालुओं का पहुंचना होता है। इसी तरह रमणीय स्थल के रूप में टेढ़ेनाथ घाट पर बाबा टेढ़ेनाथ धाम बना हुआ है। सैदापुर गांव में रमणीय स्थालों में से एक स्थल के रूप में टेढ़ेनाथ धाम स्थित है। यहां शिवलिंग को पाण्डवों के ज्येष्ठ भ्राता धर्मराज युधिष्ठिर द्वारा पूजित माना जाता है। पर्यटन विभाग से जुड़े अधिकारी दिनेश ने कहा कि लखीमपुर के रमणीय स्थलों को और भी विकसित करने की पर्यटन विभाग की पूरी तैयारी है। जिसके लिए पर्यटन विभाग के अध्यक्ष के सम्मुख तमाम प्रमुख बिन्दुओं को रखा गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में नये पर्यटक स्थलों को विकसित करने और पुराने पर्यटन क्षेत्रों के लिए तमाम विकास कार्यों की योजना बनी है।



# सिंचाई खंड को अब मिलेगा नया कार्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सिंचाई विभाग कॉलोनी में स्थित सिंचाई खंड का कार्यालय जो काफी समय से स्थित है जिस भवन ये कार्यालय संचालित किया जा रहा था उसकी इमारत काफी जर्जर ही चुकी थी ।

**अधिशाषी अभियंता प्रमोद कुमार ने नारियल फोड़ किया नए कार्यालय का नींव पूजन**

अब कार्यालय से चंद कदमो की दूरी पर आज कार्यालय का नींव पूजन किया गया ।इस कार्यालय को बनाने के लिए अधिशाषी अभियंता प्रमोद कुमार के अथक प्रयासों से शासन के द्वारा मंजूरी मिल सकी उस से पहले भी कई बार नए कार्यालय की मंजूरी के लिए शासन को लिखा गया था।आपको बता दे कि सिंचाई विभाग के कार्यालय काफी समय से इसी परिषर में संचालित हो रहा है । अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि नए कार्यालय में सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे राजकीय कार्य की करने और आसानी होगी ।सहायक अभियंता प्रथम।निखिल प्रसाद ने बताया व सहायक अभियंता रंजीत सिंह ने बताया कि अधिशाषी अभियंता ने जब से सीतापुर में अपना कार्यभार ग्रहण किया है उन्होंने सिंचाई खंड के अंतर्गत आने वाली सभी नहरों की समुचित देख रेख की व पूरा कार्य अपनी निगरानी में ही कराया जिस से कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न आने पाए ।इस अवसर पर निवर्तमान अवर अभियंता सुनील कुमार अवर अभियंता महेंद्र प्रताप गौतम अवर अभियंता शुभम गुप्ता सहायक अभियंता अनुप राजवंशी आशीष गुप्ता शिवसागर अवस्थी पुरुषार्थ मिश्र अवर अभियंता आशीष सिंह गौरव शर्मा सहित सिंचाई खंड के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

# जिला गन्ना अधिकारी ने कुसैना द्वितीय एवं पिसावां प्रथम व द्वितीय तथा जल्लापुर का औचक निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति महोली श्री मुनेन्द्र प्रताप यादव के साथ चीनी मिल जवाहरपुर द्वारा संचालित क्रय केन्द्र कुसैना द्वितीय एवं चीनी मिल हरियावां द्वारा संचालित क्रय केन्द्र पिसावां प्रथम एवं द्वितीय तथा जल्लापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घटतौली का कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। कतिपय क्रय केन्द्रों पर यार्ड रजिस्टर एवं ऑनलाइन तौल व्यवस्था नहीं पायी गयी। सम्बन्धित चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि यार्ड रजिस्टर एवं ऑनलाइन ही तौल करें। निरीक्षण के समय कृषकों से गन्ना लोडिंग/अनलोडिंग के सम्बन्ध में शुल्क लिये जाने की जानकारी करने पर किसी कृषक ने मौके पर शिकायत नहीं की। कृषकों से अनुरोध किया गया कि वह ट्रैश मल्चर का प्रयोग करें तथा 0238 प्रजाति को विस्थापित करें, गन्ना तौल में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर सम्बन्धित सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक को सूचित करें नियमानुसार निस्तारण कराया जायेगा। अन्य व्यवस्थायें सामान्य रूप से पायी गयीं।

# किसान मंच सीतापुर का 10-12-24 से जन समस्याओं को लेकर के निदान हेतु शुरू होगा सांकेतिक धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर।संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा दिल्ली बार्डर पर तेरह महीने आंदोलन के बाद एम एस पी समझौते को अविलंब अमल में लाया जाए !गन्ना सत्र शुरू होने के एक माह पश्चात भी अभी तक गन्ना मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है ! निवेदन है कि गन्ना मूल्य 450/ रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए ! समूचे जनपद सीतापुर में डीएपी खाद की खुलेआम कालाबाजारी चल रही है !घंटों लाइन में लगने पर भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही !दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अविलंब ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए !

राजधानी से सटे जनपद सीतापुर में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत विगत वर्ष के साथ इस वर्ष बनी सड़कों में जिम्मेदारों द्वारा मानक विहीन सड़कें बनाकर खुले आम लूट की गई है,इन सभी सड़कों का भौतिक सत्यापन कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए !

भू माफियाओं द्वारा ग्राम पंचायत टेड़वा चिलौला ब्लाक खैराबाद की गाटा संख्या -378 भट्ठा जमीन पर वर्ष 1986 में उस समय के डी एम द्वारा रानी गैस एजेंसी के पक्ष में जारी आदेश की जांच के साथ ग्राम पंचायत कचनार विकास खंड ऐलिया की खाता संख्या -987 की एकड़ों जमीन पर हाई कोर्ट आदेश के पर अमल कर जिला प्रशासन अवैध कब्जेदारो के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आदेशित किया जाए !आवारा पशुओं, बंदरों,और जंगली जानवरों से किसानों को निजात दिलाई जाए !जिला प्रशासन द्वारा पराली के नाम पर इस ठंड के मौसम में गन्ना बाहुल्य जनपद के कारण ठंड से बचने हेतु जलाए गए अलाव पर भी जुर्माना किया जा रहा है !यह किसानो के साथ घोर अन्याय है !इस अवैध जुर्माने पर रोक लगाई जाए !धान क्रय केंद्रों पर विचौलियो और दलालों द्वारा तरह तरह की कमियां निकाल कर किसानों के साथ हो रही अभद्रता से मुक्ति दिलाई जाए !सहारा इंडिया से ठगी का शिकार हुये सहारा पीड़ित निवेशकों का व्याज सहित भुगतान तत्काल कराया जाए !10- विधवा व वृद्धा हेतु संचालित पेंशन योजना में महीनों पूर्व दिए गए आवेदन पत्र ठंडे बस्ते में डालकर दलालों के माध्यम से हो रही लूट पर अंकुश व पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए !

झरेखापुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में ग्यारह हजार की जर्जर विद्युत लाइन का नवीनीकरण के साथ ग्राम पंचायत नरसोही में आबादी से सटी ग्यारह हजार विद्युत लाइन को आबादी से दूर किया जाए ! गौशाला से जुड़े अवैध कब्जे से निजात दिलाई जाए !नहरों में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया किसान सिंचाई हेतु परेशान हैं ।उपरोक्त जनहित के मुद्दों पर जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सम्पन्न हुआ साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ, सीतापुर का वार्षिक समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां (सीतापुर)। शैक्षिक, साहित्यिक, सामाजिक सरोकार न केवल हमारा मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि हमारे सामाजिक समरसता के नैतिक मानक भी निर्धारित करते हैं। हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का समर्थन करते हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक संस्कार भी देने की आवश्यकता है।'' यह बात साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ सीतापुर द्वारा हरगोविंद वर्मा सभागार, बिसवाँ में आयोजित वार्षिक समारोह ''सृजन महोत्सव 2024'' के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कौशल जी ने ( प्रांत प्रचारक, अवध क्षेत्र - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) अपने सम्बोधन में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता, शिक्षाविद साहित्यकार रमेश बाजपेयी ने की और सम्मानित अतिथि के रूप में दूरदर्शन कार्यक्रम प्रमुख डॉक्टर आत्म प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रेनू मेहरोत्रा और उप जिलाधिकारी, बिसवां मनीष कुमार मंच पर उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन विनय दीक्षित व संगीत सिंह ने कुशलतापूर्वक किया। विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में संस्था गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है बल्कि सामाजिक मूल्य और परंपराओं को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सम्मानित अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी और मानवीय संवेदना के प्रति सजग दृष्टि हमारे सामाजिक मूल्यों को और अधिक परिष्कृत करती है।

अध्यक्षीय संबोधन में रमेश बाजपेई विरल में कहा शैक्षिक संस्कार, सामाजिक मूल्य, पुस्तकालयों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए संस्थान को शुभकामनाएं प्रदान की।

# सरयू तट पर हुआ अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का आगाज

**दो दिन तक रहेगी धूम, पहली बार नेपाल और श्रीलंका में भी हो रहा आयोजन**

एजेंसी

अयोध्या। सरयू के तट पर सोमवार से अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का रंगारंग आगाज हो गया। श्रीराम की पैड़ी पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। यह पहला मौका है कि भारत के पांच राज्यों समेत नेपाल और श्रीलंका में भी यह कॉन्क्लेव होने जा रहा है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद से अयोध्या में अध्यात्म की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा रहती है कि अयोध्या में हर तरफ श्रीराम कथा व प्रभु का गुणगान होता रहे। इसके लिए वह पर्यटन व संस्कृति विभाग को समय-समय पर निर्देश भी देते रहते हैं। उसी कड़ी में एक बार फिर से दो दिवसीय रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन शुरू हुआ है। निदेशक, अ.रा.वै.शो.सं., अयोध्या संस्कृति विभाग के संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि रामायण कॉन्क्लेव पहली बार नेपाल और श्रीलंका में हो रहा है। भारत के छह राज्यों में 10 स्थान पर यह आयोजन प्रथम चरण में किए जा रहे हैं। इसमें से चार स्थान राम वन गमन पथ से जुड़े हैं। कॉन्क्लेव में विद्वतजनों के बौद्धिक प्रबोधन, चित्रकला शिविर, रामायण गान और प्रश्नोत्तरी समेत श्री राम के गुणों पर आधारित संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें भारत के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होगी। अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव में सोमवार को सुबह नौ से 11.30 बजे तक राज्य ललित कला अकादमी की ओर से चित्रकला शिविर लगाया गया। शाम को महापौर गिरिशपति त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मुंबई के हेमंत बृजवासी ने भजन गायन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सहारनपुर की रंजना नेब की नृत्य नाटिका, अयोध्या की आराध्या गौतम का अवधी-लोकनृत्य के साथ धोबिया नृत्य खूब सराहा गया। 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे से रामायण गान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। शाम 4.30 बजे से मुंबई के अभिजीत घोषाल भजन गायन करेंगे। इसी कड़ी में रामार्चन काव्य संध्या व लोकनृत्य आयोजित होगा।

# सेमरहना में आयोजित शिविर में 6660 से अधिक लोगों का हुआ संतृप्तिकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत शनिवार को विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 558 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि का वितरण, 126 मरीजों को ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन, 76 लोंगो को आयुष्मान कार्ड, आर.बी.एस.के./आर.के.एस.के. टीम द्वारा 115 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 120 लोंगो का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरण, 114 लोंगो को परिवार नियोजन संसाधनों का वितरण, गैर संक्रामक रोगों के लिए 406 के स्वास्थ्य की जांच, 83 लोंगो की पैथालोजी जांच, वीएचएसएनडी सत्र अन्तर्गत 16 की जाचं, 123 लोगों की आभा आई.डी. बनायी गयी तथा किशोर/किशोरी कार्यक्रम अन्तर्गत 240 किशोरियों को सेनेटरी पैड व आयरन फ़ेलिक एसिड का वितरण किया गया।

शिविर के दौरान पुलिस विभाग द्वारा पिंक बूथ के माध्यम से 252 महिलाओं को जागरूक किया गया, राजस्व विभाग द्वारा निर्विवाद वरासत के 05, आईजीआरएस के 01, धारा-24 के 07, आय के 17, जाति के 08 व निवास के 10, फार्मर रजिस्ट्री के 06 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया तथा 06 खाताधारकों को खसरा का वितरण किया गया। महिला कल्याण (प्रोबेशन) विभाग द्वारा निराश्रित महिला पेंशन व बेबी किट वितरण योजना से 42 लोंगो को लाभान्वित किया गया। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत मीटर बदलने, बिल संशोधन तथा ओटीएस से सम्बन्धित 17 आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 85 नवीन आधार निर्गत करने के साथ-साथ 138 लोंगो के मोबाइल नम्बर को आधार से लिंक किया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत 620 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 07 समूहों के गठन, 01 को आर.एफ. प्रपत्र, 02 को प्रशस्ति पत्र व 02 को सीसीएल जारी किया गया। कृषि विभाग द्वारा 04 की फार्मर रजिस्ट्री, 73 को पीएम किसान सम्मान निधि व 04 कृषकों को बीमा योजना से आच्छादित किया गया। बैंकिंग सेवा अन्तर्गत इण्डियन बैंक व आर्यावत बैंक के द्वारा 58 लोंगो के नवीन खाता खोलने व जेजेवाई व केवाईसी से सम्बन्धित कार्यवाही की गई। ई-डिस्ट्रिक्ट अन्तर्गत 15 लोंगो के आधार अपडेट करने के साथ-साथ मोबाइल से लिंक करने की कार्यवाही की गई। श्रम विभाग द्वारा 108 मनरेगा मज़दूर सहित 25 अन्य को श्रमिक कार्ड जारी किये गये, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड के सम्बन्ध 23 व यूनिट वृद्धि हेतु 25 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा केवाईसी व पेंशन से सम्बन्धित 24 आवेदन-पत्रों का निस्तारण किया गया। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आवासीय योजना से सम्बन्धित 752 आवेदन प्राप्त किये गये तथा 46 लोंगो को फैमली आईडी व 152 महिलाओं को सबला ऐप डाउनलोड कराया गया तथा 59 लोंगो को जाबकार्ड का वितरण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 208 लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई तथा स्वच्छ शौचालय हेतु 66, जन्म प्रमाण-पत्र हेतु 65 व मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु 35 आवेदन-पत्र प्राप्त किये गये।

## बीमा सखी योजना की लांचिंग पर 250 महिलाओं ने प्रधानमंत्री को सुना

अयोध्या । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सर्वश्रेष्ठ बीमा कम्पनी, भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से महिला स्वरोजगार को समर्पित बीमा सखी योजना का प्रारम्भ पानीपत से किया। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के मण्डल कार्यालय फैजाबाद के प्रांगण में वेबलिंक के माध्यम से अयोध्या, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, गोंडा, सुलतानपुर, जगदीशपुर (अमेठी), बाराबंकी जनपद की लगभग 250 महिलाओं ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना, देखा और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक जी.एस. यादव ने बताया कि ये महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवम आर्थिक आज़ादी को बल प्रदान करती हुई एक ऐसी योजना है जिसमें 18 वर्ष से 70 वर्ष तक की दसवीं पास महिला पात्र है। इसमें 3 वर्ष तक मानदेय 7000 रुपये प्रतिमाह, 6000 रुपये प्रति माह तथ 5000 रुपये प्रति माह देय है। मानदेय के अतिरिक्त बीमा सखी द्वारा किये गए व्यवसाय पर आकर्षक कमीशन भी प्राप्त होगा। व्यावसायिक मानक पूर्ण करने वाली ''बीमा सखी'' को भविष्य में आकर्षक कॅरियर प्राप्त होगा। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक जी.एस. यादव ने उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और आर्थिक उन्नति के साथ परिवार और समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने हेतु प्रेरित किया।

# जिला कारागार सीतापुर में बन्दियों के लिए ध्यान/मेडिटेशन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''श्री कुलदीप सक्सेना'' के निर्देश के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में हार्टफुलनेस सीतापुर संस्था के सक्रिय सहयोग से आज दिनांक-09.12.2024 को समय-09:00 बजे जिला कारागार सीतापुर में बन्दियों के लिए ध्यान/मेडिटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव, महोदय द्वारा ध्यान के महत्व को रेखांकित किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में श्री जे.पी. सिंह, श्री अमित कुमार, श्री हेमन्त गोपाल, श्री कपिल वर्मा, श्री दुर्गेश कुमार सिंह, द्वारा उपस्थित बन्दियों को ध्यान का प्रशिक्षण अभ्यास कराया गया तथा उक्त प्रशिक्षण में मन कैसे शान्त और नियंत्रित रहेगा, के बारे बन्दियों को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिन तक निरन्तर चलेगा तथा इसके पश्चात प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक बार उपरोक्त प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बन्दियों को फॉलो अप एवं अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा। उक्त आयोजन में जेल अधीक्षक श्री सुरेश कुमार सिंह, अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इसी दौरान अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा जिला कारागार सीतापुर का साप्ताहिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पाकशाला व महिला बैरक व किशोर बैरक के साथ-साथ जिला कारागार सीतापुर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक तथा जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी व बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बंदी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया।

# ज़िम्मेदारों की अनदेखी के चलते विकास कार्य के नाम पर प्रधान व सचिव ने लिख दिया भ्रष्टाचार की नई इबारत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मनरेगा के तहत गरीबो के हक पर भी डाल रहे डाका लगा रहे फर्जी हाजरी**

**कागजों पर भरे जा रहे फर्जी मज़दूरों के नाम, धरातल पर नहीं दिख रहा काम**

सीतापुर (मछरेहटा)। जनपद के विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राजपुर प्रताप, जो कभी विकास के सपनों से परिपूर्ण थी, आज भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी हुई है। यहां के ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा भेजी गई धनराशि का दुरुपयोग हो रहा है। ग्राम पंचायत में बना प्राथमिक विद्यालय बच्चों के आने जाने के रास्ते में व स्कूल के गेट के सामने लगी झाड़िया व गंदगी डेंगू , मलेरिया जैसी घातक बीमारियों को दावत दे रही है । सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के ऊपर पूर्णतया पानी फ़ेरा जा रहा हैं। वही ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा के तहत कार्य में भी जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। कार्य कर रहे एक मजदूर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कार्य तीन चार दिन से चल रहा है। यहा पर केवल तीन ही मज़दूर कार्य कर रहे है। जब कि ऑनलाइन अठ्ठारह मज़दूरों की फर्जी हाजरी भरी जा रही है। योगी सरकार की महत्वपूर्ण महात्मा गांधी गारंटी योजना को पलीता लगाने एवं देश की आर्थिक स्थित को रसातल में पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्रधान व सचिव की मिलीभगत से मानक विहीन कार्य करवाकर पंचायत के खातों से बड़ी मात्रा में धन निकाला जा रहा है।

पंचायत में रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि जो ग्राम पंचायत में विकास को लेकर वादा किया गया था, वह केवल कागजों पर ही सीमित रह गया है। न तो कोई सड़क बनी है, और न ही कोई सुधार कार्य हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जूनियर विद्यालय दुघरा में टाइलीकरण के नाम पर 15 मार्च 2024 को 381127 रुपये व पुनः उसी मद में 9 अक्टूबर 2024 को 163099 रुपयो का भुगतान कराया गया। व जूनियर विद्यालय दुघरा में शौचायल व टाईल कार्य के नाम पर 23 मार्च 2023 को 72000 रुपयो का भुगतान कराया गया है जिसमे काफी अनिमिताये बर्ती गयी है। यही नही आर.सी.सी. रोड से प्राथमिक विद्यालय तक खड़ंजा मरम्मत व हियूम पाइप कार्य के नाम पर चार बार मे लगभग 345000 रुपयो का भुगतान कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मानक विहीन कार्य करवा कर भुगतान कराया गया है। यही नही ग्राम पंचायत में ठेलिया मरम्मत के नाम पर 16 अगस्त 2024 को लगभग 29000 रुपयो का भुगतान कराया गया है जिस पर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों के पोषण की कमी को करें दूर : सीएमओ

**25 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पोषण की पोटली**

**चिकित्सक,पैरामेडिकल स्टाफ एवं समाजसेवियों ने टीबी रोगियों को दिया पोषण की पोटली**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को पीएचसी टेकुआटर के परिसर में 25 टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम क्षयरोग पर्यवेक्षको द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि टीबी रोग शरीर में पोषक तत्व की कमी से होता है एवं टीबी रोगी शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है। ऐसे में हम निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार देते है तो मरीज टीबी की दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। मैं आज जो भी निक्षय बनकर टीबी रोगियों को गोद लिये है उनको साधुवाद देते हुये उनसे अपील करता हूँ कि वे मरीज से महीने में एक बार जरूर बात करले तथा मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी भी ले ले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि टीबी किसी को भी हो सकता है अतः किसी व्यक्ति के अंदर टीबी के लक्षण दिखे तो वे तत्काल सरकारी अस्पताल पर अपनी जाँच करा लें। टीबी रोगियों का उपचार निःशुल्क किया जाता है तथा दवा के साथ प्रतिमाह एक हजार की धनराशि निक्षय पोषण योजना के तहत दी जा रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सिद्धनाथ तिवारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुकों का स्वागत एसटीएलएस निशांत मिश्र ने किया तथा आभार एसटीएस इसरार अली ने किया।

गोद लेने वालों में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बलिराम राव,साहिल बजाज,पवन मद्देशिया,लाइफ केयर हॉस्पिटल एवं पीएचसी के स्टाफ़ में डॉ राजेन्द प्रसाद,मनोज कुमार,निशांत मिश्र,इसरार अली,बन्दना सिंह,कंचन पटेल,दीपमाला,श्रीराम कुशवाहा,रिंकी गौतम,अभिप्रिया,नीलम,परियंका यादव आदि प्रमुख रहे। इस दौरान राजेश कुमार,गोपी मद्देशिया,दिनेश,बबिता,सुमन देवी,रीना राजभर,अमृता गोड आदि उपस्थित रहे।

# कार्य में शिथिलता बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई : शर्मा

एजेंसी

जौनपुर। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सोमवार को कहा कि अधिकारी, ठेकेदार अथवा संबंधित के स्तर से शिथिलता बरतने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

श्री शर्मा ने निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और निर्देश दिये कि जिस भी कार्यदायी संस्था, अधिकारी, ठेकेदार, अथवा सम्बन्धित के स्तर से शिथिलता बरती जाएगी, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

मंडलायुक्त ने सेतु निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा बनाये जा रहे सेतु, पहुंचमार्ग, उपरिगामी सेतु के निर्माण में तेजी लाने गुणवत्तापूण कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने इंदिरा गांधी स्टेडियम में बन रहे मल्टीपरपज हाल को जून 2025 तक पूर्ण कराने तथा सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से मार्च 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सिल्ट सफाई के कार्य 01 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश एक्सइएन सिचाई को दिये। उन्होने जिले में फ़ेमिली आई डी, फार्मर रजिस्ट्री कार्य के प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए प्रगति बढाने के निर्देश दिये। डिप्टी आरएमओ से धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शासन के द्वारा दिये गये लक्ष्यों का पूर्ण करें और इस वर्ष 50 हजार किसानों से धान की खरीद की जाए। छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाए।

बीज और उर्वरकों के उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जनपद में उक्त की कमी न रहे। भूमि अधिग्रहण के पश्चात किसानों को मुआवजा दिए जाने आदि के संबंध में जानकारी भी ली। श्री शर्मा ने निर्देश दिया कि आगामी महाकुम्भ के दृष्टिगत सड़के, स्ट्रीट लाईट, यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिया कि ठण्ड को देखते हुए अलाव, कम्बल और रैन बसेरा क्रियाशील करने से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण तथा कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## यूपी में खुलेंगे पांच केंद्रीय विद्यालय : गिरीश चंद्र

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि जौनपुर समेत पांच जिलों में केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे। उन्होने कहा कि जौनपुर जिले के सदर तहसील क्षेत्र के डाल्हनपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत प्रयागपुर गांव में केंद्रीय विद्यालय खुलेगा। इसके लिए 33 करोड़ 47 लाख रुपए स्वीकृत हुआ है। यादव ने पत्रकारों से कहा कि केंद्र सरकार के आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लिए गए निर्णय में पूरे देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का की स्वीकृति की गई है।

# रामकोला बीडीओ की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट एग्जिट कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर । ब्लॉक सभागार रामकोला में सोमवार को बीडीओ विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट एग्जिट कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी ऊषा पाल, जिला कोऑर्डिनेटर अनन्त भार्गव की ओर से सोशल ऑडिट एग्जिट कॉन्फ्रेंस की बैठक में सभी लम्बित प्रकरणों को अवगत कराया गया। बैठक में ब्लॉक के समस्त सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं तकनीकी सहायक मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण तथा राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना व राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा सोशल ऑडिट किया जाना आदि विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ,अभिषेक सिंह,मिर्ज़ा राशिद,अरविंद कुमार, जियाऊर रहमान,विवेक यादव,मिथिलेश यादव अमरेंद्र दीक्षित, तकनीकी सहायक रमाशंकर शुक्ला, जेपी सिंह,छठठू उपाध्याय बीआरपी0 महेन्द्र सिंह,महेंद्र कुशवाहा, अशोक कुमार ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर विजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वांछित मनीष को गिरफ्तार कर पुलिस ने छोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मीडिया सेल द्वारा वांछित मनीष की गिरफ्तारी की खबर कुशीनगर मीडिया पुलिस ग्रुप मे पोस्ट करने के बाद कर दिया गया डिलिट**

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है सवाल**

कुशीनगर । जनपद में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कसया पुलिस ने विभिन्न धाराओं मे निरुद्ध किये गये वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने के कुछ देर बाद ही छोड दिया है। कहना न होगा कि सत्तादल से ताल्लुक रखने वाले मनीष श्रीवास्तव के गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया सेल पर वांछित की फोटो के साथ बकायदे खबर पोस्ट की थी किन्तु कुछ देर बाद ही फोटो व खबर डिलिट कर पुलिस मामले से पल्ला झाडने लगी। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पुलिस प्रशासन द्वारा कुशीनगर मीडिया । पुलिस वाटसप ग्रुप मे किये गये पोस्ट के मुताबिक वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे दिनांक 8 दिसम्बर - 2024 को कसया पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या- 852/2023 धारा 419, 420, 406, 504, 506, 467, 468, 471 भारतीय दंड विधान में वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव पुत्र गोपालकृष्ण श्रीवास्तव निवासी वार्ड संख्या-13 श्रीराम जानकी नगर थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।मीडिया सेल ग्रुप मे वांछित अभियुक्त की फोटो के साथ उप निरीक्षक कुलदीप मौर्य व कांस्टेबल महेन्द्र कुमार द्वारा मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी दिखाई गयी है।

गौरतलब है कि रविवार को कुशीनगर मीडिया । पुलिस वाटसप ग्रुप मे मीडिया सेल कुशीनगर द्वारा वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी संबधित जानकारी व फोटो पोस्ट किया गया था जिसे कुछ देर बाद 7 बजकर 11 मिनट पर डिलिट कर दिया गया। सूत्र बताते है कि अन्य ग्रुप मे मीडिया सेल की फारवर्ड किये गये इस खबर को पुलिस व्यक्तिगत लोगो के पास फोन करके डिलिट करा दिया।

मीडिया सेल द्वारा कुशीनगर मीडिया । पुलिस वाटसप ग्रुप में धोखाधड़ी के आरोप मे तमाम धाराओं मे निरुद्ध मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी की फोटो सहित जानकारी पोस्ट करने के पश्चात डिलिट किये जाने पर न सिर्फ तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खडे किये जा रहे है। मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने वाले कसया थाने के उपनिरीक्षक कुलदीप मौर्य से जब इस संबंध में जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि विज्ञप्ति लिखने वाले की गलती से खबर ग्रुप मे पोस्ट हो गयी। मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी नही की गयी थी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उप निरीक्षक श्री मौर्य से जब यह पूछा गया कि अगर वांछित को पूछताछ के लिए बुलाया गया था तो फिर पुलिस के साथ अभियुक्त की फोटो ग्रुप मे पोस्ट कर क्यो डिलिट किया गया इस पर श्री मौर्य निरुत्तर हो गये। अभियुक्त की सत्तादल से ताल्लुक होने के कारण तो नही छोड दिया गया पूछे जाने पर श्री मौर्य ने कोई जबाब नही दिया।

इस संबंध में मनीष श्रीवास्तव से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे गिरफ्तार नही किया गया था बल्कि विवेचना मे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मीडिया सेल द्वारा उनकी पुलिस के साथ फोटो समहित गिरफ्तारी की खबर पोस्ट किये जाने के संबंध मे पूछने पर मनीष ने कहा कि इसकी उन्हें कोई जानकारी नही है। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार यहां का जमीदार रहा है मेरी जमीन हडपने के नीयत से मुझे फसाया गया है।

# बिजली बिल के लिए एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाए उपभोक्ता : अनिल कुमार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। यूपी में बिजली बिल में एकमुश्म समाधान योजना लागू होने पर तहसील क्षेत्र के सब स्टेशन छितौनी भीमनगर में बकायेदार उपभोक्ताओं को जानकारी हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। इस योजना से उन उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिल सकेगी जिनके पुराने बिल ज्यादा हो गए हैं।

बताते चले कि प्रदेश में बिजली बिल बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 लागू कर दी गई है। यह योजना 15 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है। योजना के प्रचार प्रसार हेतु सब स्टेशन छितौनी भीमनगर के जेईई अनिल कुमार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गांव-गांव एंव शहर बाजार हर जगह जाकर बकायेदार उपभोक्ताओं को एक रैली के तहत जागरूक किया। जोकैया, नगर पंचायत छितौनी, उसरहवा टोला, पनिहवा, केशव पट्टी, तिनबरदहा, तुरकही आदि दर्जनों गांव के भ्रमण के समय हाथो में बैनर, पोस्टर लिए जेईई ने उपभोक्ताओं से बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को कार्पोरेशन की वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा और मूल बकाये का 30 फीसदी अनिवार्य रूप में जमा करना होगा। उसके बाद बाकी बकाये के सरचार्ज में बंपर छूट मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू उपभोक्ता पंजीकरण के बाद अन्य कई किश्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। इस दौरान जेईई अनिल कुमार के साथ संदीप यादव, अमित कुशवाहा, आनन्द चौरसिया ,अखिलेश तिवारी लाइनमैन दुर्गेश, महेंद्र आनन्द आदि मौजूद थे।

## कृष्णा उर्फ पवन को गुण्डा एक्ट तहत नोटिस जारी

कुशीनगर। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहन पट्टी के निवासी कृष्णा उर्फ पवन पुत्र बशिष्ठ पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे के वांक्षित को लेकर पडरौना कोतवाली पुलिस द्वारा गुडडा एक्ट का तहत पुलिस रिपोर्ट जिलाधिकारी कुशीनगर को भेजा था जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी कुशीनगर ने वांक्षित अभियुक्त कृष्णा उर्फ पवन को गुण्डा एक्ट के तहत नोटिस जारी कर 16 दिसमबर को अपने न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश दिया है उक्त आदेश का तामिला पडरौना कोतवाली पुलिस के द्वारा करा दिया गया है। बता दें कि उक्त ग्राम सभा निवासी कृष्णा उर्फ पवन पर पडरौना कोतवाली व विशुनपुरा थाना में 420 व पास्को सहित अन्य मुकदमे में अभियोग पंजीकृत हैं जिससे वांक्षित अभियुक्त के द्वारा क्षेत्र में भय लोगों में व्याप्त है जिसको लेकर पडरौना कोतवाली पुलिस ने जिला प्रशासन से अभियुक्त के खिलाफ गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की सिफारिश किया था जिसको लेकर जिला अधिकारी ने अभियुक्त को नोटिस जारी कर न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश दिया है

# पुरूष नेत्र चिकित्सालय पर पिलायी गयी दो बूंद जिन्दगी की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । पल्स पोलियो अभियान के दो बूंद जिंदगी की कार्यक्रम के तहत रविवार को पडरौना नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष जायसवाल द्वारा में आयोजित कार्यक्रम शुभारंभ कर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजीव सुमन उपस्थित रहे। उपस्थिति प्रमुख रूप से रही। अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने कहा कि पोलियो की बीमारी एक अभिशाप की तरह है जिसका इलाज बचपन मे पोलियो की खुराक है। दिव्यांगता की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के साथ ही आसपास के लोगों को पोलियो के प्रति जागरूक करने तथा जीरो से पांचवर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाये जाने के लिये सचेत किया। इस अवसर पर सुमित श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, गंगेश कुमार, रेनू, अमरदीप रंजन, पूजा साहा, मालविका सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, मंजू देवी, सुरेश तिवारी, सन्तोष श्रीवास्तव, ममता देवी, गीता जायसवाल, राजकुमारी, अर्चना देवी, गिरिजा देवी, वीरेंद्र दीक्षित के अलावा चिकित्सा परिवार के अन्य कर्मचारी सहित लाभार्थी जन उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने बांग्लादेश सरकार का फुका पुतला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर । नगर के सुभाष चौक पर भारतीय उद्योग एकीकरण व्यापार मंडल ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाया। नगर अध्यक्ष मनोज मोदनवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। इस तरह का कृत्य निंदनीय है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हिंदुओं पर बढ़ती हिंसा को देखते हुए भारत सरकार को बांग्लादेश से सभी रिश्ते तोड़ते हुए आयात-निर्यात पर पूरी तरह से रोक लगा देनी चाहिए। वहां शांति व्यवस्था कायम करने के के लिए शांति सेना भेजना चाहिए। इस दौरान रमाशंकर गुप्ता, संदीप यादव, कृष्णा मोदनवाल, भानु वर्मा, अमित मोदनवाल, प्रहलाद गुप्ता, राम बिलास आदि मौजूद रहे।

# धनुष यज्ञ मेला एव विराट कुश्ती का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। विकास खण्ड नेबुआ नौरंगिया के ग्राम सभा सेखुई खास में चार दिवसीय धनुष यज्ञ मेला एव विराट दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे गांव क्षेत्र के अलावा दूर दराज के नामी पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन दिखा कर पुरे नहर स्टीडियम को बजरंगबली के नारों से गुंजमान कर दिया। वही आर पार की कुश्तियां देख तालियों की गड़गड़ाहट से सभी दर्शक पहलवानों को उत्साह वर्धन किए।

बताते चले कि सेखुई खास नहर स्टीडियम में हर साल की तरह इस बार भी परिसर में धनुष-यज्ञ का चार दिवसीय मेला का लोगो ने आनंद उठाया । यहाँ का मेला पहले दिवस से प्रारंभ होने पर चारों रात वृहद पैमाने पर सीता फुलवारी, धनुष-यज्ञ, सीता-राम विवाह व अंतिम दिवस को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होता है। मुख्य अतिथि के तौर पर आए विवेका नन्द पाण्डेय विधायक ने मंजेश बरवा रतनपुर और मोनू गोरखपुर से हाथ मिलाया जो बराबरी पर रही उसके बाद सिंटू, तूफानी, कंाशू आदि पहलवानों ने एक के बाद एक पहलवानों को आसमान दिखाया इस तरह से कुल २८ कुश्तियां दर्शकों ने देखी। इसी दिन मेले की समाप्ति भी हो गई है। ग्रामीणों की माने तो धनुष-यज्ञ मेला स्वर्गीय बाबू सिंहासन सिंह ने प्रारंभ कराया था। आज भी उन्ही के परिवार के राजकुमार सिंह अध्यक्ष मेला समिति है। जो अपने जीवन काल से आज तक अनवरत लगवाते आ रहे है। यह धनुष यज्ञ मेला स्वर्गीय सिंहासन सिंह के इच्छा अनुरूप स्थानीय गाँव के परिसर में लगता है। उनकी इच्छा थी कि हमारे नही रहने के पश्चात भी गाँव में भगवान राम और सीता की लीला का आयोजन हो, क्षेत्र की जनता को इससे सिख मिले। इसी मेले में बहुत दूर- दूर से लोग और दुकानें चर्खी, छोटे बड़े झूले, कई प्रांत के पहलवान, नाट्य कलाकार आदि आते हैं। इस मामले में मेले के आयोजक ग्राम प्रधान राजेंद्र पाल ने कहा कि प्रति वर्ष की तरह इस साल भी लोगो का स्नेह और प्यार मिला। दर्शकों से अपील किया की यह मेला निश्चित तौर पर हर साल लगता रहेगा। मेले में आने वाले लोगों, दुकानदारों, महिला, पुरुष, बच्चों आदि की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा कहा कि सुरक्षा को लेकर भी अपने स्तर से जहाँ तैयारियाँ हुई प्रशासन भी अपने स्तर से तैयारी में सहयोग की गांव सदैव आभारी रहेगा। इस दौरान सुनील सिंह, राजन सिंह, श्रीनिवास सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, विजय प्रताप, हरीश राणा, रमेश गोंड, सूर्यजीत सिंह, दिनेश कुशवाहा, अशोक पाल, दिवाकर पाल,हरिमोहन सिंह, संदीप कुशवाहा,पन्नेलाल यादव, मुन्ना जायसवाल, हरिंद्र चौधरी, राजेश पाल, दुर्गेश पाल आदि दर्शक मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** 1128-R4-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांकः– 09.12.2024 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के अंतर्गत LC गेटों पर AT सप्लाई और अन्य इलेक्ट्रिकल कार्यों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 1,02,75,050.20/- (एक करोड़ दो लाख पिचहत्तर हजार पचास रुपये एवं बीस पैसा मात्र) |
| 4. | **ई-निविदा की कीमत :** शून्य |
| 5. | **बयाना राशि :** रु. 2,01,400/- (दो लाख एक हजार चार सौ रुपये मात्र) |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 माह |
| 7. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 30.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | **प्रस्ताव की वैधता :** ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1128-R4-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 09.12.2024 3776/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शांतिकुंज हरिद्वार से बहराईच के लिए वैदिक विधि विधान से पूजित कलश प्रस्थान कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में शांतिकुंज हरिद्वार से बहराईच के लिए वैदिक विधि विधान से पूजित कलश प्रस्थान कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार परिसर स्थित प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा वृत्त में आयोजित कलश पूजन समारोह में सैकड़ो गायत्री परिजन एवं आस्थावान जन तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए वरिष्ठ परिव्राजक श्याम बिहारी दुबे ने बताया कि सौ वर्ष पूर्व वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित राम शर्मा आचार्य ने शांतिकुंज परिसर में अखंड ज्योति की स्थापना की थी तबसे अनवरत ज्योति का प्रज्जवलन हो रहा है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य ने आज वैदिक विधि विधान से पूजित ज्योति कलश यात्रा समूचे उत्तर प्रदेश में प्रस्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में दायित्व विशेष का निर्वहन कर रहे वरिष्ठ परिजन जगह जगह कलश को ले जाएंगे। ज्योति कलश अयोध्या जोन के तत्वावधान में बहराईच प्रेसित किया जा रहा है जहाँ पर 11 दिसंबर से 3 दिवसीय 24 कुंडीय महा यज्ञ प्रस्तावित है। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ गायत्री परिजन जय प्रकाश वर्मा ,प्रबंध ट्रस्टी संदीप मिश्रा ,जिला संयोजक यस0 के0 त्रिपाठी, महिला मंडल कार्यकर्ती शशि सिंह, रेखा श्रीवास्तव, गायत्री ,मधु,प्राची, साक्षी,कविता, शक्ति, सीमा,साधना श्रीवास्तव के अलावा डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव, आयुष वर्मा, प्रवक्ता राजीव कुमार,दुर्गेश बाजपेई, संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, शुभम, मनोज ,सुदीप, अर्जुन, प्रेम बाबू,कृष्ण कुमार,अनिल,प्राची व खुश्बू बाजपेयी, घनश्याम श्रीवास्तव,दुष्यंता,प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे समापन अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा संचालित विभिन्न प्रज्ञा विचार धारा को जन जन तक पहुचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# बिना नक्शा पास कराए न हो कोई भी निर्माण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी,अध्यक्ष,नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र-गोंडा नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विनियमित क्षेत्र बोर्ड की 48 वीं बैठक संपन्न हुई।बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अपीलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सभी अपीलों के पक्ष एवं विपक्ष को पूरी तरह से सुना गया।बोर्ड की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चंद्रभान तिवारी बनाम सरकार आदि, हीरालाल बनाम उत्तर प्रदेश सरकार, राधारानी तिवारी बनाम नुरुउल्ला, राधारानी तिवारी बनाम शफीउल्ला, श्रीमती काजल रस्तोगी बना उत्तर प्रदेश सरकार, विशाल सोनी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार, शूफिया बेगम बनाम उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमती साबिरुन निशा बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि,उजमा राशिद बनाम उत्तर प्रदेश सरकार सहित कुल नव अपीलों पर सुनवाई की।

अपीलों को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पक्षों को सुनकर ही उचित फैसला किया जाएगा। किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा है कि विनियमित क्षेत्र में कोई भी निर्माण कार्य बिना नक्शा पास कराए नहीं होना चाहिए वरना संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट राजीव मोहन सक्सेना,डीसी उद्योग बाबूराम, एक्सईएएन विद्युत राधेश्याम भाष्कर, डीजीसी रेवेन्यू सुशील कुमार त्रिपाठी, जेई विनियमित क्षेत्र अतुल मिश्र, एई प्रान्तीयखण्ड, बाबू विनियमित क्षेत्र संजय श्रीवास्तव, नरसिंह नारायन सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आयुक्त के निरीक्षण में लापरवाह कर्मियों पर प्रधानाचार्य ने ड्यूटी से अनुपस्थित मिलने पर रोका वेतन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज गोण्डा में इमरजेंसी कक्ष में लापरवाही सामने आने पर आयुक्त देवीपाटन मंडल द्वारा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मंडला+युक्त ने मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सक डॉ.अरिहंत मिश्रा और फार्मासिस्ट उमाकांत त्रिपाठी अपनी निर्धारित ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित पाए गए थे। निरीक्षण में और भी कमियां मंडलायुक्त को मिली थी।इस लापरवाही के कारण मरीजों को इमरजेंसी कक्ष में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा।आयुक्त ने इसे अत्यंत खेदजनक और अनुशासनहीनता करार देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा करने के निर्देश दिए थे।प्रधानाचार्य ने सम्बंधित कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के कारण उनके वेतन/मानदेय को बाधित करने का आदेश दिया है।साथ ही उन्हें तुरंत अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक पाए जाने पर ही वेतन/मानदेय भुगतान पर विचार किया जाएगा।

कर्मचारियों की इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित रूप से इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करें और इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

गोण्डा मेडिकल कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली में अनुशासन और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम संदेश है। प्रधानाचार्य ने सभी संबंधित कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने का निर्देश दिया है। स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ उठायें कृषक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषक भी होंगे लाभान्वित**

**रबी मौसम में हरी मटर की फसल है अधिसूचित**

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी मौसम में हरी मटर की फसल अधिसूचित है। रबी मौसम 2024-25 में अधिसूचित हरी मटर फसल हेतु प्रामियम की दर 05 प्रतिशत, प्रीमियम की धनराशि प्रति बीघा रू. 283.50, प्रति एकड़ रू. 1417.50 तथा प्रति हेक्टेयर रू. 3500.00 निर्धारित है। योजनान्तर्गत रबी 2024-25 मौसम में हरी मटर उगाने वाले सभी कृषक (बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषकों सहित) रबी 2024 मौसम में दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक योजना में सम्मिलित होकर फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

श्री चौधरी ने बताया कि जनपद में अधिसूचित फसलों को उगाने वाले समस्त कृषक गैर ऋणी कृषक के रूप में स्वैच्छिक आधार पर अपने आधार एवं खतौनी तथा बैंक के विवरण तथा मोबाइल नम्बर के साथ निकटतम बैंक शाखा/बीमा कम्पनी एजेण्ट/जन सेवा केन्द्र/सीधे फसल बीमा पोर्टल पर आनलाइन बीमा करा सकेंगे। गैर ऋणी कृषकों को बीमा कराते समय अपने आधार के विवरण के साथ-साथ अपने बैंक खाते का विवरण एवं मोबाइल नम्बर तथा उगाई गयी अधिसूचित फसल का विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। फसल बीमा योजना में सम्मिलित होने वाले समस्त गैर ऋणी कृषकों हेतु आधार अनिवार्य होगा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक/ग्रामीण/सहकारी बैंक/पैक्स द्वारा अधिसूचित फसल के सापेक्ष मौसमी कृषि प्रचालन ऋण/केसीसी ऋण की स्वीकृत सीमा को सम्बन्धित संस्था द्वारा कवर किया जायेगा अर्थात ऋणी कृषकों का बीमा समबन्धित बैंक द्वारा किया जायेगा। ऋणी किसानों को अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अन्तिम तिथि के 07 दिन पहले अर्थात 24 दिसम्बर 2024 तक योजनान्तर्गत प्रतिभाग नहीं करने की दशा में केसीसी ऋण वाले बैंक शाखा को लिखित रूप में अवगत कराना पड़ेगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित बैंक द्वारा ऋणी कृषक का बीमा स्वतः कर दिया जायेगा। श्री चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में रबी 2024-25 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। व्यापक आपदाओं तथा स्थानिक आपदाओं से फसलों की क्षति की स्थिति में फसलों की हुई क्षति की क्षतिपूर्ति बीमा कम्पनी द्वारा किसानों का की जाती है।

# हरियाली के सीने पर चल रहा है आरा जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । दैवीय आपदाओं एवं विभीषिकाओं से बचाने के लिए वनों का संरक्षण तथा पेड़-पौधे लगाने के लिए सरकारें प्रयास कर रही हैं लेकिन पेड़ों की कटाई को रोकना बड़ा मुश्किल है।सूत्र बता रहे है कि क्षेत्र में पुलिस और दलाल की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटाई का क्रम जारी है।जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से खुलेआम हो रहा हरे पेड़ों का कटान हो रहा है, पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर हर जतन किया जा रहा है,हाल में ही पौधारोपण अभियान चला गया था,इसके इतर जिम्मेदारों की अनदेखी से माफिया दिन-रात हरियाली के सीने पर आरी चला रहे हैं.और हरियाली के सारे मसूबो को ध्वस्त करने में लगे है, चर्चा है कि लकड़ी माफिया व वन विभाग के कुछ कर्म चारियों व स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से प्रतिबंधित हरे पेड़ों का कटान जारी है, इसका नजारा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा सकता है,जहां पर आम और महुआ गूलर और फल दार वृक्ष की कटान खुलेआम हो रहा है मोतीगंज थाना क्षेत्र के छजवा वन रेंज पंडरी कृपाल में खुले आम कटान माफिया फलदार हरे पेड़ों को काट रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हरे पेड़ों का कटान बिना परमिट के स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से लगातार चल रही है, जिससे कि पर्यावरण को नुकसान पहुंच रही है, वन विभाग व स्थानीय पुलिस तथा लकड़ी ठेकेदारों के गठजोड़ से या धंधा स्थानीय मोतीगंज थाना क्षेत्र में खूब फल फूल रहा है, जिम्मेदार विभागों का सेटिंग का असर है कि लकड़ी माफिया खुलेआम आम, महुआ,फल दार प्रतिबंधित पेड़ को खुलेआम कटाई कर रहे हैं.दिन रात थाने के सामने से प्रतिबंधित लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जाते रहते हैं. कुछ लकड़ी माफिया अवैध रूप से लकड़ी का भंडारण करते हैं.सूत्र बता रहे है कि कई माफिया और दलाल सेटिंग करके अवैध लकड़ी कटान जो कि थाने में दिन भर बैठे रहते हैं और वहां पर सेटिंग गेटिंग का काम करते हैं,फिर वही लकड़ी माफिया पुलिस से सांठगांठ करके हरे व प्रतिबंधित पेड़ो कि कटान करवा रहे हैं,इसके बाद भी जिम्मेदार जानकर अनजान बने हुए है।

# अफसरों की मेहरबानी कहे या फिर अजब मोतीगंज पुलिस की गजब कहानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**दीपावली के दिन पटाखा की दुकान पर दबंगों के बीच हुई मारपीट की घटना में की गई एकतरफा कार्रवाई बनी जिले में चर्चा का विषय**

गोण्डा। दिवाली के दिन पटाखा खरीदने को लेकर हुआ विवाद तूल पकड़ता देखकर मौके पर पीएसी तैनात की गई। करीब सप्ताह भर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। इस मामले में इलाकाई पुलिस को दोहरा चेहरा सामने आया है। थाने की पुलिस ने दुकानदार की बर्बरता पूर्वक पिटाई करने वाले दबंगों के खिलाफ महज एनसीआर दर्ज किया, जबकि उपद्रव करने के आरोपी की ओर से पीड़ित व उसके परिजनों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया।मामला जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोतीगंज कस्बे का है। दिवाली के दिन 31 अक्टूबर को क्षेत्र के ग्राम गौरवा कानूनगो के मजरा दुल्हापुर निवासी विशाल सिंह अपने साथियों के साथ पटाखा खरीदने मोतीगंज रेलवे स्टेशन के सामने अजीजुद्दीन व फखरूद्दीन की दुकान पर पहुंचा, जहां पैसे को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि विशाल ने अपने साथियों के साथ दुकानदार को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारा-पीटा। इसके बाद सभी अपने गांव चले गए और वहां से बड़ी संख्या में लोगों को साथ लेकर दुकानदार की पिटाई करने के लिए मोतीगंज बाजार आ रहे थे। जानकारी होने पर कस्बे के कुछ दुकानदारों ने इसकी सूचना मोतीगंज थाने की पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव मयफोर्स कस्बे में पहुंचीं और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों से बात कर मौके पर पुलिस व पीएसी की तैनाती करा दी। इस मामले में दुकानदार के पिता सलाहुद्दीन की तहरीर पर विशाल सिंह उर्फ अनूप सिंह पुत्र दृगराज सिंह व मुकुंद सिंह पुत्र बलजीत सिंह के खिलाफ एक नवंबर को एनसीआर दर्ज किया, जबकि इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य आरोपी विशाल सिंह द्वारा दी गई तहरीर पर 31 अक्टूबर को ही अजीजुद्दीन व सलाहुद्दीन समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों को चोटें आई थीं। वहीं, विशाल सिंह द्वारा दुकान पर जाकर अपने साथियों संग बवाल किया गया, लेकिन इसके बावजूद मोतीगंज पुलिस ने इसे नजरंदाज करते हुए एकतरफा कार्रवाई कर दी। इतना ही नहीं, बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध के बावजूद इलाकाई पुलिस की अनदेखी से गोलों-पटाखों की दुकानों से बाजार गुलजार रही। हालांकि, पुलिस ने इसे सिरे से खारिज करते हुए उच्चाधिकारियों को भी गुमराह करने का काम किया। सबसे बड़ी बात यह भी रही कि दीपावली जैसे संवेदनशील त्योहार पर भी बाजार में पुलिस की मौजूदगी नहीं रही, जिसके चलते दो समुदाय के लोगों में मारपीट की घटना हुई, जो थाने की पुलिस की लापरवाही से सांप्रदायिक रूप ले सकती थी, लेकिन पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गयी थी। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए मोतीगंज बाजार में पीएसी व पुलिस की तैनाती कर दी थी। करीब सप्ताह भर कस्बे में पीएसी तैनात रही। इस गंभीर मामले में मोतीगंज पुलिस द्वारा की गयी एकतरफा कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। बाजार के एक व्यापारी का कहना है कि इस मामले में मोतीगंज पुलिस की कार्यशैली ठीक नहीं है।जिस दुकानदार को दबंगों द्वारा मारा-पीटा गया, उसी पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज करना तमाम सवाल खड़ा करता है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आखिर मार-पीट की घटना में पुलिस भेदभावपूर्ण कार्रवाई कैसे कर सकती है ?

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष युवा अभिषेक मदेशिया के मरी माता स्थित प्रतिष्ठान श्री रेस्टोरेंट पर हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री युवा अभिषेक गुप्ता ने की । इस बैठक में वैश्य समाज की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई । सर्वसम्मति से ये निर्णय हुआ कि वैश्य समाज हमेशा से ही व्यापार के साथ साथ सामाजिक कार्यों में सबसे आगे रहा है और अब समय आ गया है कि वैश्य समाज राजनीति में भी अपनी भागीदारी को और अधिक बढ़ाए, जिससे कि राजनीति में भी वैश्य समाज अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन प्रत्यक्ष रूप से कर सके और इसके लिए ये बहुत आवश्यक है कि समाज के युवा अधिक से अधिक संख्या में चुनाव में भाग ले और इसलिए आने वाले पंचायत चुनाव में वैश्य समाज के अधिक से अधिक युवाओं को चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच शीघ्र ही एक व्यापक राजनीतिक जनजागरुकता का अभियान की शुरुआत करेगा जिससे कि पंचायत चुनाव में वैश्य समाज के भावी प्रत्याशियों को हर संभावित सहायता उपलब्ध हो सके । प्रदेश महामंत्री अभिषेक ने बताया कि देवीपाटन मंडल में वैश्य समाज के पिछड़े वर्ग से आने वाले युवाओं को पिछड़ा वर्ग का प्रमाणपत्र बनाने में अनेक कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है मुख्यतः कसौधन और कँदू समाज का पिछड़ा वर्ग का प्रमाणपत्र प्रशासन द्वारा नहीं बनाया जा रहा है जिसकी वजह से इस समाज के अधिकतर युवा चुनाव में हिस्सा लेने से वंचित हो जाते है , इस समय के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा इसके लिए शीघ्र ही एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देगा ताकि देवीपाटन मंडल में इस अन्याय को रोका जा सके और वैश्य समाज का समुचित प्रतिनिधित्व स्थानीय सरकार में हो सके । आज की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता, प्रदेश मंत्री संजय अग्रहरी जिला अध्यक्ष अभिषेक मधेशिया, जिला प्रभारी अमन अग्रहरी जिला उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल तायल, संगठन महामंत्री महेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अद्वैत शैलवरंश, शुभम गुप्ता आदि लोग ने अपने विचार रखे ।

# हरमैन मॉडर्न स्कूल द्वारा आयोजित कार्निवल स्पेशल पार्टी का विधायक मटेरा ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बहराइच। नगर के शेखय्यापुरा स्थित हरमैन माडर्न जू हाईस्कूल की ओर से कर्नीवल स्पेशल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि मारिया शाह विधायक मटेरा, स्कूल प्रबंधक इश्तियाक अली तथा स्कूल अध्यक्ष मो अब्दुल्ला ने किया। विधालय के डायरेक्टर मो0 मशकूर ने बताया कि कार्यक्रम मे नन्हे मुन्ने बच्चों ने देश गीत, तारा रम पम पम सांग, लाल टमाटर बड़े मज़ेदार, मा बाप बड़े अनमोल, मन सुजा, छोटा बच्चा आदि एक्शन सांग तथा कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के जूनियर कक्षा के बच्चों ने चाट चाउमिंग, पानी पूरी, गाजर का हलवा, पेटीज़ कीम बंद, बैलून, कैंडी, मटर पापड़, छोला पुलाव, काफी, रिंग फ़ेकना, निशाना लगाना आदि के स्टाल लगाए तथा सांइस के माडल चन्दयान, सोलर सिस्टम, कार्यक्रम का संचालन मिस कुलसूम ने कियाइ्इस अवसर पर बच्चों ने एक दर्जन स्टाल भी लगाए। इस कार्यक्रम मे वरिष्ठ पत्रकार शादाब हुसैन, डा फैसल,मो यासिर, अकरम सईद, मो कासिम जियाउद्दीन,असद परवेज़,अनुज मिश्रा ,अब्दुलाह,परवेज प्रिंस,वसीम,अनवार अहमद तोहीद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जफरुल्लाह खान बंटी, तारिक खान राष्ट्रीय प्रवक्ता, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला, पूर्व सभासद रईस अहमद एवं रेशमा मैडम ने संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य पुरमुज़ी बेगम,राहिला निज़ाम स्कूल स्टाफ इकराम सर, शहला मिस, अजरा मिस,लवी मिस,शाइस्ता मिस, शबीना मिस,अलफिशा, मिस, मिस,इकरा मिस,सना मिस,शबीना मिस,दरक्खशा मिस,फाइज़ा मिस,सानिया मिस, फिरोज सर,असिफ सर, आदिल खान, फारिया शादाब व लुबना खान आदि अभिभावक मोजूद रहे ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 289 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के प्रांगण में सोमवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में आधा दर्जन विकास खण्ड के दो सौ नवासी जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही ब्लाक प्रमुख ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नव दाम्पत्य को उपहार सामग्री के साथ प्रमाण पत्र भेंट किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि इस विवाह के तहत दस हजार रुपये की गृहस्थी की सामग्री तथा पैंतीस हजार रुपये की नगद धनराशि लड़की के खाते में भेजी जा रही है।कार्यक्रम में चौबीस अल्पसंख्यक, नौ बौद्ध सहित कुल एक सौ इक्यानबे जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहुत ही प्रिय योजना है उनका कहना है कि हर गरीब परिवार इस योजना का लाभ उठाएं।ब्लाक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीबों के लिये वरदान साबित हो रही है इससे तमाम गरीब कन्याएं लाभान्वित हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है इसकी जितनी सराहना की जाय वह कम है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही ब्लाक प्रमुख ने वर वधू व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी और सबका जीवन सुखमय व्यतीत हो अपने परिवार के साथ खुश रहे आप दोनो लोगों का यह रिश्ता जन्म जन्मांतर का रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि विकास खण्ड तिलोई सिंहपुर, बहादुरपुर, गौरीगंज, शाहगढ़ व जामो के दो सौ अड़तीस जोड़ों का सामूहिक विवाह और इक्यावन मुस्लिम जोड़ों का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से कराया गया है।इस मौके पर एडीएम दिनेश कुमार मिश्रा,एसडीएम अमित कुमार सिंह, डीडीओ वीर भानु सिंह, ऐश्वर्य यादव,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, प्रवीणा शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह,हरि शंकर सिंह,चंद्र भान सिंह, ओंकार पाण्डेय, अनुज शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, विजय यादव, लाल चंद्र सरोज,अवनीश श्रीवास्तव,रणवीर सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, शिवांश मिश्रा,प्रवीण कुमार, मोहम्मद इलियास, मानस शुक्ला, वेद प्रकाश मिश्रा, शिवम तिवारी सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



**जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ब्लाक प्रमुख ने वर वधू को आशीर्वाद दिया**

# किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन उपस्थित रहे अधिकारी और किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर के चीनी मिल पीलीभीत क्षेत्र के ग्राम दियोरिया में वृहद गन्ना कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ प्रवीण कुमार कपिल सहायक निदेशक गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर द्वारा उपस्थित कृषकों को गन्ने की आधुनिक वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कपिल द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ना बुवाई हेतु बीज चयन मे सावधानी बरतें।बुवाई के लिए कीट एवं व्याधि रहित बीज का चयन करे। गन्ना फसल के पोषण प्रबंधन,कीट रोग प्रबंधन एवं गन्ने की नवीनतम किस्मों के बारे में जानकारी दी गई। किसानो से अनुरोध किया गया कि वह भूलकर भी को. 0238 की बुवाई न करे।यह किस्म रोग ग्रसित हो चुकी है।गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही उनके द्वारा गन्ने की सहफसली खेती के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि किसान भाई गन्ने के साथ दलहनी, तिलहनी,सब्जी एवं मशाले वाली फसलों की खेती कर सकते है।सहफसली खेती से अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते है।केबी शर्मा प्रधान प्रबंधक चीनी मिल पीलीभीत द्वारा गन्ना आपूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए कृषकों की समस्याओं का समुचित निराकरण किया गया। इफको एम सी के प्रतिनिधि आशुतोष द्विवेदी द्वारा इफको के विभिन्न उत्पादों की जानकारी दी गई।मनोज कुमार साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर द्वारा गोष्ठी में आए अधिकारियों एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।गोष्ठी में प्रेम शंकर प्रसाद गन्ना पर्यवेक्षक सहित मो.मुकीम,राम मोहन तिवारी,हरि ओम सिंह ,सत्यवीर सिंह,गोविन्द मिश्रा ,रजनीश सिंह ,हारून खान आदि सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे है।




**जिला गन्ना अधिकारी ने गोष्ठी में उपस्थित किसानो को गन्ने की सहफसली खेती के बारे में दी जानकारी**

# चेयरमैन सहित सभासदों और भाजपा नेताओं ने देखी दा साबरमती रिपोर्ट फ़िल्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सोमवार को सभासदों और भाजपा नेताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। सोमवार को डॉ आस्था अग्रवाल ने सभी के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। फिल्म देखने वालों में पालिका अध्यक्ष के साथ पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, भाजपा जिला महामंत्री दिनेश पटेल, अशोक बाजपेई, प्रमोद अग्रवाल, सभासद रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, शिवम श्रीवास्तव, राशिद हुसैन, निजाकत अली कादरी, सुरेश लोधी, चेतन गंगवार, राजू फौजी, इकबाल हजरत, मोहम्मद शरीफ, शिवली अहमद, विकास बाबू, जगन्नाथ प्यारे, विपिन त्यागी, रईस अहमद, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, मनोज मिश्रा मोनू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।




# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला आयुष समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आयुष विभाग के निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर,प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर सैंपल एकत्रित कर जांच करने का निर्देश दिया एवं रजिस्टर लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सालयों में मरीज हेतु समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जो भी चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनको हैंडओवर कराया जाए जिससे कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके।जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि वह स्वयं निगरानी करते हुये टीम गठित कर छापेमारी, मूलभूत सुविधाओं इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शारदन, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बड़गांव तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पच्चीस शैय्या अमेठी में संचलित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में योग एवं आयुष विद्या को आधिकाधिक जनसुलभ बनाने हेतु नगरीय क्षेत्र में, पार्कों में, आवास विकास एवं नगर विकास विभाग के सहयोग से योग सत्र का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में कुल अठारह आयुर्वेद चिकित्सालय तथा नौ यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं। उन्होंने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराते हुए कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में अंशकालिक योग प्रशिक्षक महिला के पांच पद पद रिक्त हैं जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आवश्यक कार्यवाही कर रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती के निर्देश दिये। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने कहा कि आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन एवं गर्भावस्था की निःशुल्क जांच की जा जाती है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ , अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आयुष समिति के समस्त सदस्य एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।



# रक्तदान कर कांग्रेसियो ने मनाया सोनिया गाँधी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। यूपीए की चेयरपर्सन कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद सोनिया गाँधी का 78 वां जन्मदिन कांग्रेसियों ने रक्तदान करते हुए विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया। यहां जिला कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ नेता संदीप तिवारी पिंटू के कैंप कार्यालय कुड़वार जयसिंहपुर लंभुआ चॉदा समेत ब्लॉकों के कैंप कार्यालय पर केक काटने व फल वितरित करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा राहुल त्रिपाठी शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ओपी चौधरी हरीश त्रिपाठी की मौजूदगी में केक काटा गया वहीं संदीप तिवारी पिंटू के कैंप कार्यालय पर सीनियर नेता हौसला प्रसाद भीम, सुब्रत सिंह सनी, मोहम्मद कमर खान, पवन मिश्रा कटावा, पवन मिश्रा नन्हे, अतहर नवाब, अरुण कुमार तिवारी, विजयपाल प्रमुख डॉ देवेंद्र तिवारी, राहुल मिश्रा, ओपी शर्मा, रविंद्र कोरी, मानसिंह यादव, नफीस फारुकी, निःवर्तमान सभासद राजदेव शुक्ल, उमाकांत तिवारी, संजू कैप्टन आवेश अहमद, अरबाज खान, ममनून आलम, राजेश श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद साहू आदि नेताओं की मौजूदगी में केक काटा गया। सभी कांग्रेसियों ने वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। वरिष्ठ नेता संदीप तिवारी पिंटू ने कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण, त्याग, तपस्या बलिदान और सुचिता की प्रतिमूर्ति है ऐसे नेता की लंबी उम्र के लिए आज हम कांग्रेस के लोगों ने रक्तदान किया।

# इफको द्वारा बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र केएनआई सुल्तानपुर के सभागार में इफको द्वारा बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदानंद चौधरी जिला कृषि अधिकारी रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता डा जेबी सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र हेड सुल्तानपुर द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि शतीश कुमार उप महाप्रबंधक विपणन इफको रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार मौर्य क्षेत्र प्रबंधक इफको सुल्तानपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 विक्री केंद्र प्रभारी जिसमें एफपीओ, आईएफएफडीसी, एग्री जंक्शन एवं इफको बाजार के प्रभारी थे। जिला कृषि अधिकारी द्वारा केमिकल युक्त उर्वरकों को मिट्टी में कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी साथ ही नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का अधिक से अधिक प्रयोग कर मिट्टी को बचाने व अधिक उत्पादन प्राप्त करने संबंधित जानकारी दी। शतीश कुमार उप महाप्रबंधक विपणन इफको द्वारा नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी के प्रयोग से लाभ एवं प्रयोग विधि की विस्तार से जानकारी दी। नैनो डीएपी का 5उस प्रति किलो बीज उपचारित कर बुवाई करने से अंकुरण काफी अच्छा होगा पौधे ओजस्वी होंगे जड़ों का विकास तीव्र होता है व कल्ले की संख्या में वृद्धि होगी जिससे फसल उत्पादन बढ़ेगा। दानेदार डीएपी का मूल्य 1350 रुपए प्रति बैग है एवं नैनो डीएपी का ?600 प्रति बोतल है। एक बोतल नैनो डीएपी एक बोरी डीएपी के बराबर है। खेत में दानेदार डीएपी की मात्रा आधा डालें एवं लगभग 30 दिन बाद अगर नैनो डीएवी का पानी में 4 प्रतिशत घोल एक छिड़काव कर दें तो हमारी उपज पहले से काफी बेहतर होगी।




## पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील परिसर में सोमवार दो बजे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने ग्राम पंचायत लहा में धार्मिक स्थल की जमीन से कब्जा हटवाने सहित कई गावों में चकमार्ग अवैध कब्जा मुक्त कराने व रास्ते और पुराने कुएँ से कब्जा हटवाकर अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित पाँच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। सम्स्याओं का समाधान न होने पर भाकियू ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

## गांव में नहीं पहुंचा सफाई कर्मी डीपीआरओ ने किया निलंबित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत गुलड़िया भूपसिंह में तैनात सफाई कर्मचारी विनय कुमार लगातार आठ माह से अपनी तैनाती वाले गांव में नहीं पहुंच रहे थे। उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे थे। गांव में न पहुंच कर अन्य करों में व्यस्त रहते थे।सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगे हुए थे। लगातार उच्च अधिकारी के आदेशों का निर्वाह भी नहीं कर रहा थे। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सहायक विकास अधिकारी पंचायत मरौरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में सोमवार को दो बजे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार ने देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का ठग कम्पनीज एवं सोसाइटीज में डूब चुकी रकम को दो से तीन गुना 180 दिनों में बापस कराने का बायदा किया था। पर अभी तक रुपए बापस नहीं मिले हैं।

## मामूली कहासुनी के चलते युवक को घर में घुसकर की पिटाई पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहित पुत्र छोटे लाल ने सोमवार को तीन बजे बताया कि गांव में ही मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी के चलते अमरजीत, धर्मपाल, विनोद,अजयपाल व परिवार के अन्य लोगों ने उसको घर में खीच लिया और उसकी बेहरमी से पिटाई कर दी।घायल युवक के परिजनों ने मामले में पुलिस से शिकायत की है।

## सीएचसी में लगे अल्ट्रासाउंड का डिप्टी सीएमओ ने किया निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन को संचालित किया गया था और वैकल्पिक व्यवस्था के चलते अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने को लेकर सीएमओ आलोक कुमार ने जानकारी दी थी। जिसके चलते सोमवार को तीन बजे डिप्टी सीएमओ डॉ फिरासत ने निरीक्षण किया और बताया कि जल्द ही गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा का लाभ मिलेगा जबतक डॉक्टर की तैनाती नहीं होती है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था से अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाया जाएगा।

## पशु विभाग की लापरवाही से पशु की हुई मौत डीएम से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत शेरपुर कला के रहने वाले पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हाजी रियाजत नूर खान के फार्म हाउस पर मौजूद पशुओ का सही इलाज न करने से एक की मौत हो गई मामले की जानकारी लगते ही पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हाजी रियाजत नूर खान फार्म हाउस पर पहुंचे और पशु विभाग को इस मामले की जानकारी दी पशु विभाग की तरफ से कोई भी चिकित्सक अथवा पशु विभाग की तरफ से कोई कर्मचारी नहीं आया जिससे पशु की मौत हो गई। ठंड के मौसम में पशुओं में कई बीमारी उत्पन्न हो जाती है। एक दिन पूर्व शेरपुर कला में पूर्व प्रधान हाजी रियाजत नूर खान के फार्म हाउस पर भैंस के आठ माह के बच्चे पड़िया की हुई मौत होने के बाद जिलाधिकारी को शिकायत की गई है।

# भाजपा के मण्डल अध्यक्ष चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक ने जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज अमेठी। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव प्रक्रिया तेज कर दी है। पन्द्रह दिसम्बर तक मण्डलों के गठन और तीस तक जिलाध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।भाजपा ने संगठन चुनाव के लिये योगी सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी को सुलतानपुर, अमेठी व प्रतापगढ़ का चुनाव पर्यवेक्षक बनाया हैं।राज्यमंत्री जसवंत सैनी सोमवार को जिले में पहुंचकर भाजपा के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल की उपस्थिति में पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मण्डल चुनाव अधिकारी और मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक किया।इस दौरान वह संगठन चुनाव को पारदर्शी ढंग से कराने और श्रेष्ठ कार्यकर्ता चुनने के संबंध में आवश्यक चर्चा किया।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि राज्य मंत्री सैनी एमएलसी समेत विधायकों,पूर्व जिलाध्यक्षों अन्य जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से मिलकर संगठन चुनाव के सम्बन्ध में चर्चा किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पर्यवेक्षक का प्रमुख कार्य पार्टी के संगठनात्मक चुनावों की निगरानी करना होगा।जिससे पार्टी की आंतरिक संरचना मजबूत और पारदर्शी बनी रहे।ये चुनाव बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे को बेहतर बनाने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को तैयार करने की दिशा में अहम कदम हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्रा, काशी प्रसाद तिवारी, सुरेश पासी, बिंदेश्वरी दुबे, चन्द्रमौलि सिंह भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, रामकृष्ण भारती, सुरेश तिवारी, अतुल सिंह, प्रभात शुक्ला, आशा बाजपेई उपमा सरोज सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा नेताओं ने राज्यमंत्री जसवंत सैनी का फूल मालाओं से स्वागत किया**



## सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की सूची जारी करने की मांग

सुल्तानपुर। परिषदीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों जो मार्च 2025 में सेवानिवृत होने वाले हैं उनकी सूची प्रकाशित करने की मांग रणवीर सिंह मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर उपेन्द्र गुप्ता से की है। मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने कहा कि मार्च 2025 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को विद्यालय का सम्पूर्ण चार्ज व विभिन्न पावनों के देयकों के भुगतान हेतु पत्रावली बनवाने व सक्षम अधिकारियों को प्रेषित करने में समय लगता है साथ ही 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश हो जाने से कार्य में विलम्ब हो सकता है इसलिए समय से सूची प्रकाशित होने से कार्य ससमय पूर्ण हो जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि बहुत जल्द मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची प्रकाशित हो जाएगी जिससे शिक्षकों के देयक पावनो के भुगतान में विलम्ब नहीं होने दिया जाएगा।

# ऐतिहासिक कानून

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया । इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरुआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है, जब कोई आरोपी अपने आरोपों के दंड से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। फिर, वर्षों तक जेल में रहने के बाद उन्हें न्यायालय से आरोप मुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति न्याय की दृष्टि

# मानवता के लिए सार्थक बने मानवाधिकार दिवस

मानवाधिकार दिवस/10 दिसंबर विशेष)

**मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत में 28 सितम्बर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार।**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 73 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर है, जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर, 2024 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 76वीं वर्षगांठ है। 2024 में मानवाधिकार दिवस की थीम असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है।

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है, क्योंकि मानवाधिकारों से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राजनेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

भारत में 28 सितम्बर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं।

देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा, तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।




इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मो-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीड़न पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं। इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जाति के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं। समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखे तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है। सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाई अमल में नहीं लाई जाती है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

रमेश सर्राफ धमोरा

# लोकतंत्र का मुखौटा और मानवाधिकारों का हनन

**डॉ. लोकेश कुमार**

मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि व्यक्ति को कुछ प्राकृतिक अधिकार जन्म से मिले हुए हैं , उन्हें प्राप्त करने के लिए उसे संघर्ष करते रहना चाहिए। विश्व के कई विकसित देश लोकतंत्र का मुखौटा लगाकर जनता के अधिकारों को हनन करने से पीछे नहीं हैं। हाल ही दिनों में बांग्लादेश में कुछ संगठनों ने पूरे देश में विरोध कर लोकतांत्रिक सरकार को बेदखल कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं, ईसाई और सिखों पर लगातार बहुसंख्यक समाज हमला करके उनकी सम्पत्तियों पर कब्जा कर रहा है। विरोध करने पर उनको मौत के घाट उतारा जा रहा है। साथ ही उनकी बेटियों के साथ बलात्कार किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मैक्लाउड ने कहा कि ''अमेरिका, बांग्लादेश में एक स्वस्थ लोकतंत्र देखना चाहता है, वहां हर व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।' बांग्लादेश से अभी जो खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं, हम हालात पर नजर रख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में लोग अपने धर्म का पालन करते हुए मानवता का जीवन जी सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय जगत में बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकारों के हनन को लेकर चिंता देखी जा सकती है। बहरहाल, सबसे पहले 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। इसकी औपचारिक शुरुआत 1950 से हुई। इस दिन मानवाधिकार के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार और नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। मानवाधिकार शब्द का प्रयोग सबसे पहले 1940 श्रीमती इलेनोर रूजवेल्ट ने किया। उन्होंने पाया कि पूर्व में प्रयोग होने वाले शब्द ' मनुष्य का अधिकार ' में कुछ लोग महिलाओं का अधिकार शामिल नहीं मानते। हालांकि, इस अवधारणा का अस्तित्व इसमें पहले भी रहा है। प्राचीन काल में किसी न किसी रूप में इस अवधारणा ने अपना स्थान बना लिया। प्राचीन यूनान में अरस्तू का ' न्याय का सिद्धांत' सामने आया, जिसके अनुसार बंटवारा अनुपातिक रूप में होना चाहिए। रोम में सिसरो ने जिस प्राकृतिक कानून सिद्धांत का उल्लेख किया, उसके अनुसार कानून प्रकृति ने स्थापित किया। सिसरो ने ' जूस ने चुराल' का सिद्धांत दिया, जिसके अनुसार कानून को प्रकृति ने स्थापित किया है और कानून सब लोगों पर हर समय लागू है। प्राचीन काल में महाभारत के शांति पर्व में शासक के आचरण और राजत्व के सिद्धांत के बारे में कहा गया है। अर्थशास्त्र में प्रजा के कल्याण में राजा का कल्याण बताया गया है। सम्राट अशोक ने कलिंग अभिलेख में प्रजा को संतान की तरह माना और अधिकारियों को जनता पर अत्याचार नहीं करने की चेतावनी दी थी। राजनीतिक चिंतक जेएस मिल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर जोर दिया। 1776 में अमेरिकी क्रांति के बाद स्वाधीनता की घोषणा की गई। इसमें कहा गया कि ' हमारे लिए यह स्वयं सिद्ध सत्य है कि सभी मनुष्य जन्म से समान हैं। '

फ्रांस में 1789 में क्रांति हुई, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के नारे दिए गए। फ्रांस में संविधान बना, जिसमें मनुष्य के जन्मजात अधिकारों को मान्यता दी गई। अमेरिकन संविधान विश्व का प्रथम संविधान बना, जिसमें मानव अधिकारों को लिपिबद्ध किया गया और इनके संरक्षण की व्यवस्था की गई। मानवाधिकारों की अनिवार्यता : मानवाधिकार सभ्य समाज की आधारशिला है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के मजबूत होने के साथ-साथ इन अधिकारों को अधिक सम्मान देना अनिवार्य हो गया है। मानवाधिकारों की रक्षा और प्रवर्तन करना बहुत जरूरी है ताकि मानव की गरिमा को कायम रखा जा सके। मानवाधिकार व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं और उसके सर्वांगीण विकास के लिए यह जरूरी है कि इनकी रक्षा की जानी चाहिए। 'मानवाधिकार ' मानव के जन्मसिद्ध अधिकार हैं और इन्हें मानव से अलग कर देने से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास नहीं होगा। व्यक्ति का स्थान अन्य संस्थाओं से ऊंचा है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समाज, सरकार और अन्य संगठन तभी सफल माने जा सकते हैं जब वे व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा कर सकें। मानवाधिकारों की रक्षा इसलिए भी जरूरी है कि इनकी रक्षा से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा जुड़ी है।

## सेहत मंत्र

# हृदय को स्वस्थ और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है चुकंदर

चुकंदर, सुपरफूड के रूप में काफी लोकप्रिय हो रहा है। हाल के अध्ययनों का दावा किया गया है कि चुकंदर का रस एथलीट और जिम करने वालों के प्रदर्शन में सुधार कर सकता है, यह रक्तचाप को कम कर सकता है और रक्त के प्रवाह को बढ़ा सकता है। दरअसल, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे  मिशन के तहत हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने चुकंदर को अपने आहार में शामिल करने के महत्व के बारे में बताया है। ईट राइट इंडिया 'ईट हेल्दी' और 'ईट सेफ' के दो बड़े स्तंभों पर निर्मित है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए उत्साहित करना और सक्षम बनाना है। केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट डालते हुए लिखा, ''चुकंदर एक जड़ वाली सब्जी है जो आयरन, मैंगनीज, विटामिन सी, फोलेट और फाइबर जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरा होता है। एक अच्छे सलाद के तौर पर जाना जाने वाला चुकंदर, नाइट्रेट में समृद्ध है जो हृदय स्वास्थ्य को सुनिश्चित करता है। यह रक्तचाप को भी कम करता है।'' आइए हम आपको यहां चुकंदर के अन्य स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं। चुकंदर में एक एंटीऑक्सिडेंट होता है जिसे अल्फा-लिपोइक एसिड कहा जाता है। यह यौगिक ग्लूकोज के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। एक कप चुकंदर 3.81 ग्राम फाइबर प्रदान करता है। पाचन को बेहतर बनाने और आंत को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त फाइबर का सेवन आवश्यक है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि चुकंदर का रस वर्कआउट रिकवरी और एथलीट के लिए उर्जा का अच्छा स्त्रोत हो सकता है।  उच्च रक्तचाप वाले 68 लोगों के 2015 के अध्ययन में हर दिन 250 मिलीलीटर चुकंदर का रस पीने के प्रभावों की जांच की गई। जिसमें शोधकर्ताओं ने पाया कि ऐसा करने से रक्तचाप में काफी कमी आई है। यह कैंसर कारकों को मारने में भी सक्षम होता है।

## धर्म मंत्र

# शुक्ल पक्ष में शुरू करें गुरुवार का व्रत, मिलेगा मनचाहा लाभ

अगर आप जीवन में आने वाली तरह-तरह की परेशानियों से छुटाकारा पाना चाहते हैं तो गुरुवार का व्रत आपके लिए लाभदायी होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुरुवार का व्रत एक खास दिन शुरू किया जाता है अगर नहीं तो आइए हम आपको गुरुवार का व्रत शुरु करने के कुछ नियम बताते हैं। हिंदू धर्म में बृहस्पति को ज्ञान, सौभाग्य और सुख देने वाला माना गया है। इसलिए जीवन में सभी प्रकार के सुखों को पाने के लिए गुरुवार का व्रत कर सकते हैं। साथ ही विशेष कामना की पूर्ति हेतु भी बृहस्पति देव की आराधना का विधान है। इस प्रकार गुरुवार के व्रत जीवन में सभी प्रकार की सुख और समृद्धि प्राप्त होती है।  गुरुवार का व्रत उन्होंने लोगों के लिए विशेष रूप से फलदायी होता है जिनकी कुंडली में बृहस्पति ग्रह खराब होता है। साथ ही विवाह में आ रही रूकावट को खत्म करने के लिए बृहस्पतिवार के दिन व्रत रख सकते हैं। अगर आप संतान सुख से वंचित हैं, पेट और मोटाप से समस्या से परेशान हैं तो यह व्रत निःसंदेह ही आपके लिए लाभदायी होगा।  गुरुवार का व्रत बहुत खास होता है। इसलिए यह एक खास मुहूर्त में ही शुरू करना चाहिए। इसलिए आपके लिए गुरुवार का व्रत शुक्ल पक्ष में गुरुवार व अनुराधा के योग से शुरू करना अच्छा होगा। यह व्रत कितने समय तक रहना चाहिए इस भी कुछ नियम है। आप चाहे तो 1, 3, 5, 7, 9, 11 या 1 से 3 साल या जीवन भर रख सकते हैं। हिन्दू धर्म में गुरुवार के व्रत का बहुत महत्व होता है।

## पर्यटन



# धरती में रहकर देखना है स्वर्ग तो एक बार जरूर जाएं कश्मीर

कश्मीर को धरती का स्वर्ग यूं ही नहीं कहा जाता। यहां की खूबसूरत वादियां, ऊंची-ऊंची पहाड़ियां, झीले और खूबसूरत जंगल किसी का भी मन मोह लेते हैं। हर व्यक्ति कम से कम एक बार तो कश्मीर जाना ही चाहता है। वैसे अगर आप भी कश्मीर जाने का मन बना रहे हैं तो इन जगहों का आनंद जरूर उठाएं। गूरेज घाटी- बहुत से लोग इस शायद इस घाटी के बारे में ना जानते हों, लेकिन यह जम्मू कश्मीर में एक बेहतरीन जगह है। लगभग 8000 फीट की उंचाई पर स्थित इस जगह की खूबसूरती देखते ही बनती है। यहां पर आने वाले सैलानी रॉक क्लाइंबिंग, फिशिंग और ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठाते हैं। आप यहां पर गंगाबल झील व कई ऊंचे-ऊंचे पहाड़ स्थित हैं। श्रीनगर- जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर कश्मीर की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। अगर आप कश्मीर जा रहे हैं तो आप डल झील पर शिकारा की सवारी जरूर करे। यह भारत की सबसे खूबसूरत झीलों में से एक है और जम्मू?कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील। इसके अलावा आप शंकराचार्य मंदिर से शहर का नजारा देख सकते हैं। गुलमर्ग- समुद्र तल से 2730 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, गुलमर्ग एक लोकप्रिय स्कीइंग डेस्टिनेशन है। चारों ओर बर्फ से ढंके हुए ऊंचे हिमालय, फूलों की घास, गहरी खड्डों, सदाबहार वन घाटियों से घिरा, गुलमर्ग में दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची गोंडोला सवारी भी है। वैसे गुलमर्ग अब एक एंडवेचर हब के रूप में भी विकसित हो रहा है, क्योंकि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्कीइंग और माउंटेनियरिंग यहां स्थित है। पहलगाम- पहलगाम में आपको एक अद्‌भुत प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा देखने को मिलता है। अगर आप कश्मीर जा रहे हैं तो यहां के मनलुभावन प्राकृतिक नजारे का आनंद जरूर लें। यहां पर आपको छोटे-छोटे घर, हरे-भरे खेत और केसर के खेत व घाटियों का नजारा दिखेगा। आप यहां पर फिशिंग का मजा भी ले सकते हैं।

# मिशन शक्ति में बेहतर कार्य करने वालों को डीएम-एसपी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें कि सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में आयोजित ल्लमिशन शक्ति कार्यक्रमङ्क में डीएम व एसपी ने महिलाओं औ़र बालिकाओं को साइबर व महिला सबंधी अपराध के सम्बन्ध में जागरुक किया। दोनों उच्च अधिकारियों ने महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेछध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। बताया कि महिला हिंसा से सम्बन्धित या अन्य शिकायतों के लिए वूमेन पावर लाइन (1090),पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076),चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108), जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग सहित जिला न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया।इस दौरान डीएम व एसपी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ग्रामीण, शहरी व कालजों अथवा स्कूलों सहिछंत अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भारत स्काउट और गाइड द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा बाराबंकी।स्थानीय राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में प्रथम व द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का प्रारंभ प्रातः करीब 10 बजे लार्ड बेडेन पावेल की बीपी सिक्स के साथ किया गया।ध्वज शिष्टाचार प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह के द्वारा किया गया । तत्पश्चात एडवांस स्काउट प्रशिक्षक आकाश भार्गव के नेतृत्व में सभी स्काउट/गाइड आंदोलन की जानकारी ,नियम ,प्रतिज्ञा ,सिद्धांत सलामी ,बाया हाथ मिलाना, भलाई के लिए कार्य करना, रस्सी के कार्य, अपनी व दूसरों की देखभाल करना आदि के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान महत्वपूर्ण व्यायाम परक खेल करवाए गए, मनोरंजन गीत, नाटक आदि स्काउट और गाइड ने प्रस्तुत किए गए द्य जिसमें गुलाब टोली व हाथी टोली का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा द्य इस अवसर पर विद्यालय की गाइड कैप्टन रेखा वर्मा ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।सभी स्काउट और गाइड को नाश्ता व लंच पैकेट दिया गया । स्काउट प्रशिक्षक आकाश भार्गव ने बताया कि इस प्रशिक्षण का स्काउट और गाइड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर प्रवक्ता नीलेश कुमार सिंह,सहायक अध्यापक नीरज कुमार,हरीश अवस्थी उपस्थित रहे।

# किसानों के साथ अत्याचार किसी भी स्थित में बर्दास्त नहीं : भाकियू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । भारतीय किसान यूनियन ब्लाक ईकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर

**भारतीय किसान यूनियन टिकैत हैदरगढ़ की मासिक बैठक संपन्न**

**आंदोलन के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी**



ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरीराम पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई संचालन राजेश कुमार यादव ने किया पंचायत में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह जी जिला सचिव संतोष सिंह जी उपस्थित रहे,15 तारीख को रक्तदान पर विचार किया गया किसानों से अपील की गई की जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल 15 तारीख को पहुंचे किसानो की लंबित समस्याओं के लिए चर्चा की गई इस संबंध में किसानों ने कहा है किसानों की समस्या के सभी समाधान कराया जाए यदि समाधान नहीं कराया जाता है तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे बिजली विभाग मीटर रीडिंग के अनुसार बिजली का बिल बनाएं ताकि किसान मानसिक परेशानी से बच सके किसानों की समस्याओं को त्वरित समाधान कराया जाए इस अवसर पर शमशाद अहमद लक्ष्मी नारायण सत्यनारायण रामविलास जगदीश कमलेश कुमार राम सुमिरन राम पलटन तकदीर राम है राम नाथ राजेश राम बहादुर रामनिवास वर्मा जिला कारकानी सदस्य सुरेंद्र सिंह रामबरन हरदयाल गुरुदेव श्री राम राम नरेश रमजादा आज लोगों ने संबोधित किया।

# सद्भावना दिवस के तौर पर कांग्रेस ने मनाया सोनिया का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कंग्रेस की पूर्व मुखिया एवं सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिवस सोमवार को कंग्रेसजनों ने उल्लासपूर्ण

**कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान**

माहौल में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान जिला अस्पताल में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया, कंग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला तथा युवक कंग्रेस के अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी की अगुवाई में कंग्रेसजनों ने रक्तदान किया। बता दें कि पूर्व



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कंग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया के ओबरी आवास पर गगनभेदी नारों के साथ कंग्रेसजनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और अपने प्रिय नेता की लम्बी उम्र की कामना की। इसके बाद जिला अस्पताल में पहुंचकर आयोजित रक्तदान शिविर में कंग्रेस पार्टी, युवक कंग्रेस तथा अनुसूचित जाति विभाग के कंग्रेसजनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी निभाकर रक्तदान किया। रक्त दान करने वालों में मुख्य रूप से युवक कंग्रेस के अध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी, कंग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश सचिव अजय रावत, जितेन्द्र वर्मा लम्बरदार, शुभम मिश्रा, रितेश रावत, सूरज रावत, अखिलेश रावत, शुभम वर्मा, आदि कंग्रेसजन शामिल रहे।

# सीलिंग की जमीन का चिन्हांकन कराकर अवैध कब्जे हटाएं जाए : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सोमवार को जिलाधिकारी, श्री सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी, श्री सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न मामलों के प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व कार्यो के मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने धारा-24 के मामलों में पेंडिंग केसेज अधिक होने पर नाराज़गी जताई और सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा 24 के मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए और इससे सम्बंधित चल रहे वादों का समय से निस्तारण किया जाए। धारा 34, धारा 80 व धारा 116 से सम्बन्धी मामलों का समय से निस्तारण किया जाए साथ ही खतौनी में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और समयानुसार की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-खसरा बनाने की प्रक्रिया बहुत धीमी है उसमें तेजी लाई जाए। सभी तहसीलों में शत्रु सम्पत्तियों व निष्क्रांत सम्पत्तियों को चिन्हांकित करके उनका विवरण एक अलग रजिस्टर में दर्ज किया जाए। इसके अलावा सीलिंग की जमीनों का भी चिन्हाकन कर लिया जाए और उनपर किसी का अवैध कब्जा हो तो उसे हटवाया जाए। आईजीआरएस के मामलों के निस्तारण में बड़ी संख्या में आवेदक असंतुष्ट की फ़ीडबैक दे रहे है इसके लिये अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करते यह सुनिश्चित कर ले कि मामलों की निस्तारण प्रक्रिया से आवेदक संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। अंश निर्धारण के मामलों को भी समय से पूरा किया जाए। आय, जाति और निवास के प्रमाणपत्रों में रिपोर्ट लगाकर उन्हें समय से निर्गत कराये। नीलामी प्रक्रिया के तहत तालाबों के आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। कर-करेत्तर सम्बन्धी मामलों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया और विभिन्न विभागों खनिज विभाग, राजस्व

**डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित**

विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, तहसीलों में बकायेदारों आदि सहित समस्त विभागों से कर वसूली के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलों, ब्लॉकों सहित पंचायतों में बैनर पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार कर लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें एकमुश्त समाधान योजना के तहत छूट का लाभ उठाने के लिये प्रेरित करें और विद्युत व परिवहन सहित अन्य विभागों के बकायेदारों के समय से रजिस्ट्रेशन करवाकर राजस्व का बकाया भुगतान जमा करवाने में तेजी लाई जाये। इस अवसर पर एडीएम (न्यायिक) श्री इंद्रसेन, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम नवाबगंज श्री आर जगत साईं, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी, डिप्टी कलेक्टर सहित सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गबन के आरोपी पंचायत सचिव को एडीओ की कुर्सी सौंपने की तैयारी

सुल्तानपुर। जिले में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करवाना आसान नहीं है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरों टॉलरेंस की नीति अफसरों की मनमानी से झूठी साबित हो रही है। जिन अधिकारियों कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी आरोप लगता है, पता नहीं ऐसी कौन सी खुशबू आती है कि जिम्मेदार कार्यवाही के बजाय आरोपियों पर मेहरबान हो जाते हैं। जाँच पड़ताल और दंडित करने के बजाय दागी को ऊँची कुर्सी सौंप कर और बड़ा घोटाला करने की हरी झंडी दिखाकर शिकायतकर्ता का मनोबल तोड़ रहे हैं। ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला दुबेपुर ब्लॉक के एक चर्चित पंचायत सचिव की तैनाती से जुड़ा है। सचिव पर बहलोलपुर गांव में बिना कार्य कराये लाखों रुपए के गबन का आरोप है। प्रकरण की शिकायत डीएम के यहाँ सशपथ की गयी है। पिछले माह फैजाबाद मंडल की टीम सहित डिप्टी डायरेक्ट द्वारा लौहर दक्षिण गांव में लाखों का घोटाला पकड़ा था। यहाँ भी उक्त सचिव का कारनामा उजागर हुआ। जिस पर अभी कार्यवाही चल ही रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दागी सचिव को दंडित करने के बजाय उन्हें एडीओ पंचायत की कुर्सी सौंपने की तैयारी है। दागी कर्मचारी अपने को दूबेपुर ब्लॉक का एडीओ पंचायत प्रभार पाने का दावा करने के साथ ही ब्लॉक में मौजूद अन्य कर्मचारी को धमका रहा है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचझ निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र मैलरायगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछ।सीडीपीओ अर्चना ने बताया कि आज आंगनबाड़ी केंद्र मैलार का निरीक्षण किया । यहां पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।तथा बच्चों से सामान्य ज्ञान की बात भी की है। उन्होंने जीरो से 5 वर्ष तक के शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलवाने के बातझ कहा।

## रामनाथ की प्रोन्नति उप निरीक्षक बने

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जैदपुर में तैनात हेड कांस्टेबल रामनाथ प्रसाद को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर सोमवार को दोपहर में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह व वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र मिश्रा द्वारा कंधे पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गई।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ की खुशहालगंज कालोनी निवासी सद्दाम पुत्र मोहम्मद अजीज 25 वर्ष व जैद पुत्र लाडले मोटरसाइकिल से बहराइच को जा रहे थे।इसी बीच रामनगर थाना क्षेत्र में दुर्गापुर मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रक नेट टक्कर मार दी।जिससे मौके पर ही उन दोनो की मृत्यु हुई।।प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा कार्यवाही कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

## हर घर नल, हर घर जल, महिला प्रधानों को कर्तव्य बोध

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड के सभागार में सोमवार को ग्रामीण पेय जल योजना के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पानी की बर्बादी को रोकने पर बल दिया गया है। राज्य प्रशिक्षण जल जीवन मिशन पंचायती राज जसवंत सिंह और कंसल्टिंग इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं पंचायत सहायकों और समूह की महिलाओं को गांव में बनाई गई पानी की टंकियां के हैंड ओवर एवं कुशल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि शासन का निर्देश पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य, उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) छ के प्रधान पद को हटाया जाना, ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने, महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दी गई।

## भागवत कथा आयोजनों से गांवों में वातावरण भक्तिमय

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों ग्रामीण द्वारा भागवत कथा का रसपान किया जा रहा है।मोहसंड गांव में द्वारिका नंद महराज जी ने कथा के तीसरे दिन पांडवों के स्वर्ग जाने का प्रसंग विस्तार से सुनाया कि किस प्रकार सभी पांडवों में से केवल युधिष्ठिर ही स्वर्ग पहुंच पाए थे। वही खरिहानी गांव के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास पिंकेशानंद जी ने मानव जीवन के लिए संतो के सत्संग की आवश्यकता पर प्रसंग सुनाया। इस मौके पर आयोजक अभिजीत कुमार यादव,सुरेश यादव, जगदीश यादव,नितिन अवस्थी,बालक राम राठौर,गंगा राम राठौर ,पंकज सिंह उपस्थित रहे।

## सुलतानपुर में युवक की हत्या

सुलतानपुर। दोस्तपुर थाना के ग्राम देवरपुर में सोमवार सुबह एक युवक की लाश मिली। उसके सिर पर गम्भीर चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने हत्या के खुलासे के लिए दो टीम को गठन किया है। क्षेत्राधिकारी कादीपुर ने बताया कि सोमवार सुबह थाना दोस्तपुर के ग्राम देवरपुर में शव मिला है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त किया है। जांच में पता चला कि जौनपुर निवासी सूरज शुक्ला एल एण्ड टी कंपनी कादीपुर में कलेक्शन एजेंट का काम करते हैं। इनके पास से बैग में करीब 77,700 रुपये, मोबाइल, पावर बैंक, पावर मशीन व इनकी बाइक बरामद हुई है। इनके सिर पर किसी भारी वस्तु से मारकर हत्या की गयी है। इस हत्या के अनावरण के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गौ तस्करों और खाकी के बीच चली गोली, दो घायल सात गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी । स्वाट सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में दो अपराधी घायल हुए साथ में सात गौ तस्करों को गिरफ्तार किया गया , उनके कब्जे से से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त 02 अदद चार पहिया वाहन, एक अदद मोटर साइकलि व अन्य सामान बरामद करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया रात्रि को यूपी 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमरपुर गौरियाघाट रोड पर स्थित मां दूध डेरी के पास कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन लिये जंगल के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। उक्त सूचना पर स्वाट/सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक अदद पिकप वाहन खड़ा है तथा तिरपाल से ढ़का हुआ है व डाले में रस्सी रखी है तथा एक अन्य वाहन ईको में 01 अदद लोहे का चापड़, एक अदद चाकू, एक अदद छूरी पायी गयी। इसी दौरान जंगल में छिपे हुए गौ तस्करों बदमाशों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में *दो गौ तस्करों बदमाशों सरवर पुत्र मो0 उमर उर्फ गुल्जारी निवासी ग्राम लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर गुफरान पुत्र मो0 रफी निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जपनद बाराबंकी के पैर में गोली लगने से घायल हो गए।* घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण सरवर व गुफरान उपरोक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया एवं मौके से भाग रहे पांच अन्य बदमाशों एक. मो0 उमर उर्फ गुल्जारी पुत्र गुलाम रसूल निवासी लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर अंकुल पुत्र मुन्ना लाल गुप्ता निवासी लोधौरा वाजिद अली मौजा केदारपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर . इरफान पुत्र अजमेरी निवासी सरैया थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी नवीजान पुत्र रियासत निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी . मो0 अजीज पुत्र मो0 रईश निवासी बेलहरा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण . सरवर . गुफरान उपरोक्त के कब्जे से 02 अवैध तमंचा .315 बोर व 02 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सतरिख पर धारा 3(5)/109 बीएनएस, 3/8 गोवध निवारण अधिनियम, 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण शातिर अपराधी हैं तथा गौ तस्करी जैसे जघन्य अपराध में संलिप्त हैं जिनका आपराधिक इतिहास है।

# करणी सेना ने भरी हुंकार लव जिहाद के शिकार पीड़ित परिवार को मिले न्याय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। लव जिहाद का शिकार हुए लड़की के परिजनों से हिंदू संगठन करणी सेना भारत ने ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही,

थाना असंद्रा क्षेत्र के एक गांव में लव जिहाद व धर्मांतरण के आरोप का मामला सामने आने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था किंतु आरोपी आरिफ गिरफ्तार न किए जाने से पर मामला बृहद तौर पर तूल पकड़ रहा है सोमवार को करणी सेना भारत संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रत्येक सहयोग की बात कही। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष अभिनव सिंह, विवेकानंद शुक्ला विवेक, उदल सिंह, राजपूत कौशलेंद्र सिंह, शुभम शुक्ला, ध्रुव कुमार राघवेंद्र सिंह मोनू शुक्ला विजय सिंह अमरजीत सिंह अजय सिंह शिवहर्ष सिंह सतवंत सिंह सहित दर्जनों की संख्या में करणी सेना भारत संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## भारत को एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर, बंगलादेश के साथ रखा

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत को एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बंगलादेश के साथ रखा गया है।

सोमवार को मलेशिया के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रा में 24 टीमों को चार-चार के छह ग्रुप में बांटा गया। छह ग्रुप से केवल विजेता टीम ही एशियाकप के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च 2025 और 31 मार्च 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में होगा। भारत पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए 25 मार्च 2025 को बंगलादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा, ल्हम पॉट वन टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। ग्रुपों के बीच बहुत ज़्यादा अंतर नहीं है। हर ग्रुप मुश्किल है। हांगकांग के खिलाड़ियों ने अपने कोच एशले वेस्टवुड के नेतृत्व में बहुत सुधार किया है। हम मार्च में सबसे पहले बंगलादेश के खिलाफ़ खेलेंगे, जो सैफ चैंपियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। हमारे पास छह गेम हैं और हमें एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर बने रहना होगा। एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड में भारत के मैच इस प्रकार हैः- 25 मार्च, 2025ः भारत बनाम बंगलादेश (घरेलू मैदान में),10 जून, 2025ः हांगकांग बनाम भारत (विदेश में), नौ अक्टूबर, 2025ः भारत बनाम सिंगापुर (घरेलू मैदान में), 14 अक्टूबर, 2025ः सिंगापुर बनाम भारत (विदेश में), 18 नवंबर, 2025ः बंगलादेश बनाम भारत (विदेश में), 31 मार्च, 2026ः भारत बनाम हांगकांग (घरेलू मैदान में)।

# सिराज अच्छा इंसान है, उसके पास कोहली की तरह दर्शकों में उत्साह भरने की क्षमता : हेजलवुड

एजेंसी

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ कहासुनी में उलझने के बाद मोहम्मद सिराज के आक्रामक तेवर चर्चा का विषय बने हुए है लेकिन जोश हेजलवुड ने भारत के इस तेज गेंदबाज को अच्छा इंसान करार देते हुए कहा कि वह खेल के प्रति जुनूनी है और उसके पास विराट कोहली की तरह दर्शकों में जोश भरने की क्षमता है।

एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिराज ने दो बार आक्रामक भाव भंगिमा दिखायी। दिन-रात्रि प्रारूप में खेले गये इस मैच को भारत 10 विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में उन्होंने गेंद मार्नस लाबुशेन के पास फेंक दी थी। उनकी गेंदबाजी रन अप के दौरान लाबुशेन स्टंप छोड़ कर पीछे हट गये थे जिससे खफा होकर सिराज ने ऐसी



प्रतिक्रिया दी। लाबुशेन साइट स्क्रीन के सामने किसी दर्शक के आने से क्रीज छोड़ने को मजबूर हुए थे। इसके अगले दिन वह इस मैच में शतकीय पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड को बोल्ड करने के बाद उनके साथ कहासुनी में उलझ गये।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज हेजलवुड ने कहा, '' वह अच्छे चरित्र वाले इंसान है और कभी-कभी उसे देखना अच्छा लगता है। हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम में सिराज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। उन्होंने कहा, '' मैंने सिराज के साथ आरसीबी में अपने समय का वास्तव में लुत्फ उठाया। वह संभवतः कुछ हद तक भारतीय गेंदबाजी का नेतृत्व करता है। उसका व्यक्तित्व कुछ हद तक विराट जैसा है । वह बहुत भावुक है और उसमें दर्शकों में जोश भरने की क्षमता है। उसने पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल में शानदार गेंदबाजी की है। हेजलवुड चोट के कारण एडिलेड टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने पहले टेस्ट मैच की शुरुआती पारी में कोहली को पांच रन पर आउट किया था। हेजलवुड ने भारत के इस दिग्गज बल्लेबाज के साथ होने वाली टक्कर के बारे में कहा, '' यह सिर्फ इस बात पर निर्भर करता है कि उस दिन कौन अच्छा प्रदर्शन करता है। अगर गेंद थोड़ी पुरानी हो जाये या गेंदबाजी अच्छी ना हो तो उसके लिए चीजें आसान हो जाती है। उन्होंने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह के बहुत सारे मैच-अप (दो खिलाडियों की टक्कर) होते हैं। आप जानते हैं कि हमने एक-दूसरे के साथ और खिलाफ बहुत खेला है। अगर आप 10 साल से एक-दूसरे के साथ हैं, तो आप एक-दूसरे को काफी हद तक अंदर से जानते हैं।

पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन हेजलवुड को उम्मीद है कि ब्रिसबेन में उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा होगा।

# अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए आज से शुरु होगा प्रशिक्षण शिविर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए राष्ट्रीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा।

आज से शुरु हो रहे इस प्रशिक्षण शिवर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों में टीम भावना विकसित करने, कौशल विकास, मानसिक दृढता, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। शिविर अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि अन्य खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएँगी भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्वकप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्वकप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यह 13 से 19 जनवरी 2025 तक नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्वकप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय टीम मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक चलने वाले शिविर में खिलाड़ियों की फिटनेस, उनकी चपलता और तकनीकी पर फोक्स होगा। इस



प्रशिक्षण शिविर में पुरुष और महिला वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी बिजली की तरह तेज रिफक्स, सटीक मूवमेंट और सहज समन्वय की तकनीकी और एक टीम के रूप में एक-दूसरे के साथ मिलकर कैसे मुकाबला जीता जाता है यह सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि विश्वकप के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लगभग 16 कोच और सहायक कर्मचारी खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी में सहायता करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में समन्वय, खेल अभ्यास, तकनीक, पोल डाइविंग में विशेष प्रशिक्षण के साथ फिटनेस के स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से खिलाड़ियों को सुदृढ़ करने के लिए केकेएफआई ने एक खेल मनोवैज्ञानिक को भी नियुक्त किया है। वह खिलाड़ियों को चुनौतियों का सामना करने, दबाव को कम करने और मानसिक थकान से निपटने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान, आहार विशेषज्ञ और फिजियोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ खिलाड़ियों के प्रदर्शन, मानसिक दृढ़ता और स्वास्थ्य को अनुकूलित करने के लिए टीम भावना, सहयोग और आपसी समझ पैदा करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों के दौरान विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी जो प्रशिक्षण शिविर स्थल से 100 मीटर की दूरी पर है। सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास सुविधा तथा बीस हजार रुपये की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी। खिलाड़ियों के पोषण का विशेष प्रबंध किया गया है तथा प्रशिक्षण शिविर में उन्हें आहार, सूखे मेवे, जूस, शाकाहारी तथा मांसाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिराज और हेड को आईसीसी से सजा मिलना तयः ऑस्ट्रेलियाई मीडिया

एडिलेड। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को यहां खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान आपस में उलझने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता का दोषी पाया गया है और इसके लिए उन्हें सजा मिलना तय है। ऑस्ट्रेलिया की मीडिया ने यह दावा किया है। 'डेली टेलीग्राफ' और 'कोड स्पोर्ट्स' सहित कई रिपोर्टों में कहा गया है कि सिराज और हेड को सोमवार को अनुशासनात्मक सुनवाई के बाद दोषी ठहराया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को उनके पिछले अच्छे रिकॉर्ड के कारण निलंबन का सामना करने के बजाय केवल जुर्माना या फटकार लगने की संभावना है। मैच के दूसरे दिन हेड और सिराज आपस में उलझ गए थे। हेड 140 रन बनाने के बाद जब सिराज की गेंद पर बोल्ड हुए तो दोनों खिलाड़ियों के बीच नोक झोंक हुई। हेड ने कहा कि उन्होंने सिराज की गेंदबाजी की सराहना की थी लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इसका खंडन करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था।

### हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराया, तीसरी बार जीता टीपीएल का खिताब

मुंबई। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यहां यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का खिताब जीता. हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु वर्धन ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करके हैदराबाद की टीम की जीत सुनिश्चित की. डार्ट ने महिला एकल में यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ 14-11 के स्कोर से जीत हासिल करके हैदराबाद स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद करण सिंह ने लॉक के खिलाफ पुरुष एकल में 14-11 से जीत दर्ज करके मुंबई को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मिश्रित युगल मैच में जीत दर्ज करके मुकाबले में अपना दबदबा बनाया. मिश्रित युगल में डार्ट और वर्धन की जोड़ी ने ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियन पर 16-9 से जीत हासिल की। पुरुष युगल में करण और नेदुनचेझियन ने काफी कोशिश की लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके. वर्धन और लॉक ने मैच 10-10 से समाप्त कर हैदराबाद को विजेता बनाया।

### इलेक्ट्रिक थर्मामीटर के लिए प्रस्ताव नियमों पर सार्वजनिक टिप्पणी आमंत्रित

नयी दिल्ली। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने मानव एवं पशुओं का ज्वर मापने के लिए बिजली के थर्मामीटरों के संबंध में रूप से जारी नियमों के मसौदे पर सार्वजनिक रूप से लोगों के सुझाव आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ये सुझाव 30 दिसंबर , 2024 तक सरकार के पास भेजे जा सकते हैं। बयान में कहा गया,''केंद्र ने क्लिनिकल (नैदानिक) इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर के प्रस्तावित नियमों पर 30 दिसंबर, 2024 तक सार्वजनिक टिप्पणी आमंत्रित की है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने ओआईएमएल की अनुशंसाओं के अनुसार कानूनी माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत क्लिनिकल थर्मामीटर संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यंत्र का काम सटीकता और विश्वसनीय हो ताकि उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहें। मानव और पशु शरीर के तापमान को मापने के लिए बनाए गए क्लिनिकल इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर के मानकीकरण और उनको अधिक सटीक परिणा देने वाला बनाने के लिए कुछ नए नियम प्रस्तावित किए गए हैं। इनके माध्यम से ऐसे उपकरणों के लिए मौजूदा नियमों को संशोधित करने का उद्देश्य है।थर्मामीटर उपकरण ज्वर और हाइपोथर्मिया जैसे रोगों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभाग की ओर से गठित एक समिति ने नए नियमों का मसौदा तैयार किए हैं। इन्हें सार्वजनिक परामर्श के लिए 29 नवंबर को विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। हितधारकों और जनता को 30 दिसंबर 2024 तक अपनी टिप्पणियाँ और सुझाव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### खाद्य तेलों में टिकाव; गेहूं, उड़द दाल और अरहर दाल महंगी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से गेहूं, उड़द दाल और अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 26 रिंगिट उतरकर 5310 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट फिसलकर 42.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल और अरहर दाल की 50-50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और मूंग दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रही। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 7050-7150, दाल चना 8050-8150, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 9950-10050 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2850-2950 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4800-4900 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17215 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 15751 रुपये, सोया रिफाइंड 15531 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## ढाई महीने में 8 अरब स्पैम कॉल की पहचान

एजेंसी

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने अपने एआई-संचालित स्पैम फाइटिंग सॉल्यूशन को लॉन्च करने के ढाई महीने के भीतर ही 8 अरब स्पैम कॉल और 0.8 अरब स्पैम एसएमएस को चिह्नित किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस एडवांस्ड एल्गोरिदम की मदद से, एआई-संचालित नेटवर्क ने हर दिन लगभग 10 लाख स्पैमर्स की पहचान सफलतापूर्वक की है। पिछले ढाई महीनों में कंपनी ने लगभग 25.2 करोड़ यूनिक कस्टमर्स को इन स्पैम कॉल्स के बारे में सतर्क किया है और देखा गया है कि ऐसे कॉल्स का जवाब देने वाले ग्राहकों की संख्या में 12 प्रतिशत की कमी आई है। एयरटेल नेटवर्क पर सभी कॉल्स में से 6 प्रतिशत को स्पैम कॉल्स के रूप में पहचाना गया है, जबकि कुल एसएमएस का 2 प्रतिशत भी स्पैम के रूप में चिन्हित किया गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि 35प्रतिशत स्पैमर्स ने लैंडलाइन टेलीफोन का इस्तेमाल किया है। दिल्ली के ग्राहकों को सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्राप्त हुए हैं, उसके बाद आंध्र प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को। सबसे ज्यादा स्पैम कॉल दिल्ली से की गई, उसके बाद मुंबई और कर्नाटक से। एसएमएस के मामले में सबसे ज्यादा एसएमएस गुजरात से भेजे गए, फिर कोलकाता और उत्तर प्रदेश से। सबसे ज्यादा ग्राहक मुंबई, चेन्नई और गुजरात के निशाने पर रहे। रिपोर्ट में सामने आए ट्रेंड के मुताबिक, 76 प्रतिशत स्पैम कॉल पुरुष ग्राहकों को की गई है। उम्र के आधार पर भी स्पैम कॉल की संख्या में अंतर देखा गया है। 36-60 आयु वर्ग के ग्राहकों को 48 प्रतिशत स्पैम कॉल मिली है, जबकि 26-35 आयु वर्ग के ग्राहकों को 26 प्रतिशत कॉल की गई।

## शास्त्री और गावस्कर ने रोहित को सलामी बल्लेबाज की भूमिका में लौटने को कहा

एजेंसी


एडीलेड। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर चाहते हैं कि कप्तान रोहित शर्मा फिर से पारी की शुरुआत करें ताकि वह आक्रामक और प्रभावशाली बन सकें। पहले टेस्ट में नहीं खेलने वाले रोहित गुलाबी गेंद के दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर उतरे क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में लोकेश राहुल ने श्रृंखला के पहले मैच में शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय कप्तान 'बहुत नरम' दिखे और उन्होंने यहां भारत की 10 विकेट की हार के दौरान तीन और छह रन की पारियां खेली। शास्त्री ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''यही कारण है कि मैं उन्हें शीर्ष पर देखना चाहता हूं। यहीं पर वह आक्रामक हो सकते हैं। बस उनकी बॉडी लैंग्वेज देखकर लगा कि वह थोड़े ज्यादा शांत थे। पूर्व भारतीय कोच ने कहा, ''तथ्य यह है कि उन्होंने रन नहीं बनाए। मुझे नहीं लगता कि मैदान पर वह ज्यादा सक्रिय थे। मैं बस उन्हें मैच में अधिक जुड़ा हुआ और अधिक उत्साहित देखना चाहता था। एडीलेड टेस्ट से पहले रोहित ने कहा कि वह उस संयोजन के साथ छेड़छाड़ नहीं करना चाहते जिसने टीम को श्रृंखला के पहले मैच में सफलता दिलाई थी। भारत ने पहला टेस्ट पर्थ में 295 रन से जीता था। उन्होंने कैनबरा में अभ्यास मैच में मध्य क्रम में बल्लेबाजी भी की। हालांकि रोहित ने स्वीकार किया कि व्यक्तिगत रूप से उनके लिए यह आसान निर्णय नहीं था। वर्ष 2018 के बाद पहली बार मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने वाले रोहित ने कहा, ''व्यक्तिगत रूप से यह आसान नहीं था। लेकिन टीम के लिए, हां, यह बहुत मायने रखता है। राहुल ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में साथी सलामी बल्लेबाज और शतकवीर यशस्वी जायसवाल के साथ 201 रन की साझेदारी की। उन्होंने टेस्ट में 26 और 77 रन बनाए। वह हालांकि दूसरे मैच में अपनी फॉर्म को दोहराने में विफल रहे। राहुल के अवसर का लाभ उठाने में विफल होने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने रोहित को उनके सलामी बल्लेबाज के स्थान पर आने को कहा। गावस्कर ने 'स्पोर्ट्स तक' पर कहा, ''उन्हें अपने नियमित स्थान पर वापस लौटना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि राहुल ने पारी का आगाज क्यों किया था। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि रोहित शर्मा पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा, ''मैं समझ सकता हूं कि दूसरे टेस्ट में उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में क्यों रखा गया, उन्होंने जायसवाल के साथ 200 से अधिक रन की साझेदारी की। लेकिन अब जब वह इस टेस्ट में रन नहीं बना पाए तो मुझे लगता है कि राहुल को नंबर पांच या नंबर छह पर वापस जाना चाहिए और रोहित शर्मा को पारी का आगाज करना चाहिए। अगर रोहित शुरुआत में तेजी से रन बनाते हैं तो वह बाद में बड़ा शतक भी बना सकते हैं।

# सेंसेक्स 201 और निफ्टी 59 अंक गिरा

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नवंबर के महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों की ऊर्ज़ा एफएमसीजी, हेल्थकेयर और ऑटो समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.66 अंक की गिरावट लेकर 81,508.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.32 प्रतिशत चढ़कर 47,821.82 और स्मॉलकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 57,313.61 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2296 में लिवाली जबकि 1774 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के सात समूहों का रुझान नकारात्मक जबकि अन्य का सकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, ऊर्ज़ा 0.65, एफएमसीजी 1.93, हेल्थकेयर 0.37, ऑटो 0.64, बैंकिंग 0.28 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.34 प्रतिशत गिर गए वहीं इंडस्ट्रियल्स 1.01, दूरसंचार 0.62, कैपिटल गुड्स 1.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.56, धातु 0.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।



इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31, जापान का निक्केई 0.18 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.76 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत उतर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 107 अंक की गिरावट लेकर 81,602.58 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 81,411.55 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर तक यह 81,783.28 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,709.12 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत गिरकर 81,508.46 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 44 अंक फिसलकर 24,633.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,580.05 अंक के निचले जबकि 24,705.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,677.80 अंक की तुलना में 0.24 प्रतिशत कमजोर होकर 24,619.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.37, टाटा मोटर्स 2.19, एक्सिस बैंक 1.91, एशियन पेंट 1.80, नेस्ले इंडिया 1.62, आईटीसी 1.31, रिलायंस 1.27, इंडसइंड बैंक 0.79, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.76, एसबीआई 0.71, एचसीएल टेक 0.70, अल्ट्रासिमको 0.61, मारुति 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.42, टेक महिंद्रा 0.42 और टाइटन 0.12 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एलटी 2.12, टाटा स्टील 1.05, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.72, अडानी पोर्ट्स 0.48, कोटक बैंक 0.47, भारती एयरटेल 0.31, बजाज फाइनेंस 0.16, सन फार्मा 0.14, बजाज फिनसर्व 0.13, टीसीएस 0.12, इंफोसिस 0.11, एनटीपीसी 0.11 और पावरग्रिड के शेयरों ने 0.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## पहले वर्ष एक लाख बीमा सखी नियुक्त करने का लक्ष्यः मोहंती

पानीपत। भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई बीमा सखी योजना के तहत पहले वर्ष में एक लाख बीमा सखी नियुक्त करने का लक्ष्य है। श्री मोहंती ने इस योजना को शुरू किए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस योजना के तहत नियुक्त बीमा सखी को हर महीने कम से कम दो बीमा करना आवश्यक होगा। वर्ष में 24 बीमा करना होगा तभी उन्हें आगे बढ़ाया जायेगा और तीन वर्ष एक इस लक्ष्य को पूरा करने वालों को विकास अधिकारी बनने की योग्यता मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान मासिक वर्तिका दी जाएगी और बीमा करने पर कमीशन भी मिलेगा। यह कमीशन पॉलिसी प्रीमियम पर निर्भर करेगा। सभी बीमा सखी को बीमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश के हर पंचायत में कम से कम एक बीमा एजेंट नियुक्त करना है।

# जेवर एयरपोर्ट पर सफल हुई ट्रायल लैंडिंग

## हवाई अड्डा नए साल में व्यावसायिक रूप से चालू हो जाएगा : केंद्रीय उड्डयन मंत्री

एजेंसी



गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली ट्रायल लैंडिंग सफल हो गई है. इस दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट से ट्रायल की शुरुआत भी हो गई है। यह एयरपोर्ट, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है. 17 अप्रैल 2025 से कमर्शियल फ्लाइट सेवाएं शुरू करेगा। शुरुआती चरण में लखनऊ, अहमदाबाद, वाराणसी और चेन्नई के लिए घरेलू फ्लाइट सेवा शुरू की जाएगी।

इसके अलावा, जयपुर, हैदराबाद और मुंबई के लिए भी विमान सेवाएं उपलब्ध होंगी. इस एयरपोर्ट के जरिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी संचालित की जाएंगी, जिनमें ज्यूरिख, सिंगापुर और दुबई जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए फ्लाइट सेवाएं शामिल हैं. जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाएगा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को जेवर हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है. फिलहाल यह हवाई अड्डा निर्माणाधीन है. निर्माण के बाद यह हवाईअड्डा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा.निर्माण कार्य पूरा होने पर जेवर एयरपोर्ट दुनिया का चौथा सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। नागर विमानन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, पहली वैलिडेशन फ्लाइट आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) पर सफलतापूर्वक उतरी, जो हवाई अड्डे के परिचालन के तैयार होने की दिशा में प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्थान है।ङ्क इस अवसर पर श्री नायडू, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा , जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह , नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव, वुमलुनमंग वुअलनम, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार, उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस पी गोयल सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। श्री नायडू ने इस हवाई अड्डे के विकास और प्रणालियों की स्थापना और उनके सुचारु कार्य को सुनिश्चित करने में शामिल पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेवर हवाई अड्डा भारत में हवाई यात्रा और क्षेत्रीय संपर्क को बदलने के लिए तैयार है। विज्ञप्ति के मुताबिक इस उड़ान के अंतर्गत इंडिगो एयरलाइन का विमान दोपहर में हवाई अड्डे पर उतरा। विमान को औपचारिक पानी के फौव्वारों से सलामी दी गई और हवाई पट्टी के किनारे विशेष रूप से खड़े कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विमान का स्वागत किया गया।

सत्यापन उड़ान से हवाई अड्डे के आगमन और प्रस्थान में सहायक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के व्यवस्थित होने की पुष्टि हुई। विज्ञप्ति के अनुसार वहां विमानों के दिशा-निर्देशन एवं उड़ान नियंत्रण प्रणालियों के सटीक काम की भी परख हुई। इस हवाई अड्डे से व्यावसायिक परिचालन 2025 में चालू हो जाएगा। पहले इस पर एक रनवे चालू किया जा रहा। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन की क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी और वहां विश्वस्तरीय सुविधाएं होगी। यह हवाई अड्डा अपने डिजाइन, शिल्प कौशल और यात्री सेवाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और पहचान को भी दर्शाएगा और इसके साथ प्रदेश में काम कर रहे हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी।

# दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी अफवाह निकली

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के कई स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी से सोमवार की सुबह यहां घंटों अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय कुमार त्यागी ने इसके बाद एक बयान जारी कर कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंचकर सघन जांच-पड़ताल की। प्राथमिक जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया है।

उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, ह्लआज सुबह दिल्ली के कुछ स्कूलों में ईमेल मिली थी कि स्कूलों में बम का खतरा है। तुरंत पुलिस की टीमें वहां पहुंचीं और हमने स्कूलों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की। पुलिस निरंतर जांच कर रही है और हम शीघ्र ही ईमेल के सोर्स तक पहुंच कर उस पर भी कार्रवाई करेंगे। श्री त्यागी ने लोगों से कानून व्यवस्था पर भरोसा के साथ ही शांति बनाए रखने की अपील की और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा, ह्लमैं दिल्ली की जनता को और तमाम पैरेंट्स को आश्वस्त करना चाहूंगा कि दिल्ली पुलिस स्कूलों और आपके बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है।

पुलिस सूत्रों ने बताया राजधानी के 40 से अधिक निजी स्कूलों को बम से उड़ने की धमकियां मिलीं। ये धमकियां मिलने की जानकारी पश्चिम विहार के जी डी गोयनका स्कूल में करीब सुबह छह बजकर 15 मिनट पर और आर के पुरम के डीपीएस स्कूल में सुबह सात बजकर पांच मिनट पर सामने आईं।

स्कूलों में बम रखे जाने के खतरों से संबंधित जानकारी मिलती है पुलिस के अलावा मौके पर दमकल गाड़ियों के साथ दिल्ली फायर सर्विस अधिकारी भी पहुंच गए। सघन जांच पड़ताल के बाद कहीं से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। इससे पहले पुलिस सूत्रों बताया था कि कई स्कूलों को फोन के जरिए धमकियां दी गईं।

# संसद में रचनात्मक संवाद लोकतंत्र के लिए आवश्यक : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में रचनात्मक संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए सोमवार को कहा कि यह सदन संविधान में निहित सिद्धांतों से ही अपनी शक्ति और उद्देश्य प्राप्त करता है और संसद सदस्यों के रूप में इन सिद्धांतों को बनाए रखना और उनकी रक्षा करना सभी कर्तव्य है।

श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए कहा कि भारत की संविधान सभा का गठन छह दिसंबर, 1946 को हुआ और इसकी पहली बैठक आज ही के दिन यानि नौ दिसंबर, 1946 को हुई थी। इसी दिन भारत के संविधान को गढ़ने के महती कार्य की शुरुआत हुई, जो एक ऐसा दस्तावेज है जो हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे बुजुर्ग सांसद डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने संविधान सभा की पहली बैठक की अध्यक्षता की थी। इससे पहले उन्?होंने 1910 से इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य के रूप में और 1921 से केंद्रीय विधान सभा के सदस्य के रूप में कार्य किया था। सभापति ने बताया कि संविधान सभा को अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया से तीन शुभकामना संदेश प्राप्त हुए थे, जिन्हें तत्कालीन सभापति ने पढ़कर सुनाया था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. बी.आर. अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में, संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत के भविष्?य को दिशा देने वाले प्रावधानों पर चर्चा करने और उनका मसौदा तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। राष्ट्र निर्माण की भावना में व्यक्तिगत और वैचारिक मतभेदों से उपर उठते हुए, अटूट प्रतिबद्धता के साथ ऐसा किया गया। आइए हम संविधान सभा के सदस्यों की दूरदर्शिता और समर्पण से प्रेरणा लें।

आज के ही दिन नौ दिसंबर को संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि राज्य सभा का यह सदन संविधान में निहित सिद्धांतों से ही अपनी शक्ति और उद्देश्य प्राप्त करता है। संसद सदस्यों के रूप में, इन सिद्धांतों को बनाए रखना और उनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमसे पहले आए लोगों की आकांक्षाएं आज की नीतियों और कामकाज के तरीकों के माध्यम से पूरी होती रहें। सभापति ने कहा कि संविधान सभा के सदस्यों की बहसें रचनात्मक संवाद और आपसी सम्मान के महत्व की याद दिलाती हैं, जो हमारे संसदीय लोकतंत्र के कामकाज के लिए आवश्यक हैं।

# भारतीय नौसेना को मिला 'तुशिल'

एजेंसी




नयी दिल्ली/ मास्को। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सोमवार को रूस के कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल (एफ 70) को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। श्री सिंह इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं। उन्होंने इस अवसर पर तुशिल की कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण और भारत तथा रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देश साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और विशेष एवं रणनीतिक विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी से बंधे हैं।

रक्षा मंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण पर रूस के समर्थन को भारत और रूस के बीच गहरी दोस्ती का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आईएनएस तुशिल सहित कई जहाजों में मेड इन इंडिया सामग्री लगातार बढ़ रही है। यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों की सहयोगी क्षमता का बड़ा सबूत है। यह संयुक्त कौशल के माध्यम से तकनीकी उत्कृष्टता की ओर भारत की यात्रा का उदाहरण है। भारत और रूस की नौसेनाओं के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच समग्र रूप से बढ़ते संबंधों के तहत तकनीकी और परिचालन सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ह्लहमारी नौसेना ने विभिन्न हॉटस्पॉट में समुद्री डकैती, हथियार , ड्रग तस्करों और गैर-सरकारी तत्वों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। ओमान की खाड़ी से लेकर अदन की खाड़ी तक, स्वेज से लेकर मलक्का तक और ऑस्ट्रेलिया से लेकर मेडागास्कर तक, भारतीय नौसेना आईओआर में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता की आवश्यक भूमिका निभा रही है। भारत, अपने मित्र देशों के साथ, यह सुनिश्चित करने में विश्वास करता है कि क्षेत्र में समुद्री व्यापार सुरक्षित और संरक्षित रहे, जिससे समुद्र के पार निर्बाध व्यापार को बढ़ावा मिले। श्री सिंह ने कहा कि सबसे पहले कार्रवाई करने वाले बल के रूप में भारतीय नौसेना क्षेत्र में अपने मित्रों को त्वरित और समय पर मानवीय सहायता तथा आपदा राहत प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने इस दृष्टिकोण को भारत की समुद्री नीति की रीढ़ बताया, जिसका उद्देश्य हिन्द महासागर में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है।

# पेज एक का शेष

### 'आप कब्जा...

नहीं आना चाहिए। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (उगघ) के संयुक्त महासचिव रूहुल कबीर रिज़वी समेत कुछ लोगों के उन व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद आई है, जिसमें बांग्लादेशी सेना का पूर्व सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने चेतावनी दी कि उसका कौशल भारतीय सेना से कहीं अधिक है और चार दिन में कलकत्ता पर कब्जा कर सकते हैं। रिज़वी ने दावा किया था कि अगर भारत चटगांव पर दावा कर सकता है (हालांकि भारत ने इस तरह का कोई दावा नहीं किया है), तो बांग्लादेश भी नवाब सिराजुदौला के बंगाल, बिहार, उड़ीसा को वापस चाहेगा। और बांग्लादेश के पास भी ताकत भी है। उन्होंने दावा किया था कि हम अपने देश की रक्षा के लिए अपने सशस्त्र बलों, कानून प्रवर्तन बलों की शक्ति का उपयोग आकाश, धरती, जमीन और पानी में हर जगह कर रहे हैं, और वह शक्ति कम नहीं है। बता दें कि भले ही रिजवी या अन्य बांग्लादेशी ऐसा कहें, लेकिन हकीकत यही है कि भारत की सैन्य शक्ति के मुकाबले में बांग्लादेश कहीं नहीं टिकता है। भारत बांग्लादेश के मुकाबले कई गुना आगे है। ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट 2024 के मुताबिक भारत दुनिया का चौथा सबसे शक्तिशाली देश है। वहीं बांग्लादेश 37वें स्थान पर है।

### पहले हिन्दुओं ...

में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मिसरी भारतीय वायुसेना के विमान से ढाका पहुंचे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने के तुरंत बाद मिसरी ने जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ''हमारे विदेश सचिव जशीमुद्दीन और उनके समकक्ष विक्रम मिसरी के बीच बैठक राज्य अतिथि गृह में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो रही है। पहले उन्होंने आमने-सामने संक्षिप्त बातचीत की और फिर दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ औपचारिक बैठक शुरू हुई।'' अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी पक्ष सोमवार को वार्ता के बारे में मीडिया को जानकारी देगा, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। दो दिनी दौरे के दौरान मिसरी बांग्लादेश के कार्यवाहक विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन से भी मुलाकात करेंगे। उनका बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो.फ़ेसर मोहम्मद यूनुस से शिष्टाचार भेंट करने का भी कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि वह हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को ढाका के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों के बीच बहुत ही सौहार्दपूर्ण टेलीफोन पर बातचीत हुई और मुख्य सलाहकार ने इस वर्ष अगस्त में आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में बोलने के लिए प्रधानमंत्री के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया। तब से, विदेश मंत्री और विदेश मामलों के सलाहकार भी संपर्क में हैं। वे इस वर्ष सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर एक-दूसरे से मिले थे और यह यात्रा उन मुलाकातों के बाद हुई है और उन घटनाक्रमों के बाद दोनों पक्षों के बीच पहली विदेश सचिव स्तर की संरचित बातचीत है। श्री मिस्री ने कहा, आज की चर्चाओं ने हम दोनों को अपने संबंधों का जायजा लेने का अवसर दिया है, और मैं आज अपने सभी वार्ताकारों के साथ विचारों का स्पष्ट, स्पष्ट और रचनात्मक आदान-प्रदान करने के अवसर की सराहना करता हूँ। मैंने इस बात पर जोर दिया कि भारत बंगलादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है। हमने अतीत में हमेशा देखा है और हम भविष्य में भी इस संबंध को एक जनकेंद्रित और जनोन्मुखी संबंध के रूप में देखते रहेंगे, जिसका केंद्रीय प्रेरक बल सभी लोगों का लाभ है। श्री मिस्री ने कहा कि यह बंगलादेश में जमीनी स्तर पर क्रियानवित की गई विकास परियोजनाओं में दैनिक आधार पर परिलक्षित होता है और जिनका विकास जारी है। यह व्यापार, वाणिज्य, संपर्क, बिजली, पानी और ऊर्जा, तथा विकास सहयोग, कांसुलर सहयोग और सांस्कृतिक सहयोग से लेकर कई मुद्दों पर हमारे पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग में भी परिलक्षित होता है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग हमारे दोनों लोगों के हितों को पूरा करने के लिए जारी न रहे। विदेश सचिव ने कहा, इसी उद्देश्य से, मैंने आज बंगलादेश की अंतरिम सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है। साथ ही, हमें हाल के कुछ घटनाक्रमों और मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी मिला, और मैंने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताओं सहित अपनी चिंताओं से अवगत कराया। हमने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ खेदजनक घटनाओं पर भी चर्चा की। श्री मिस्री ने कहा कि बंगलादेश के अधिकारियों द्वारा इन सभी मुद्दों पर रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया है, तथा हम आशा करते हैं कि रिश्ते सकारात्मक, दूरदर्शी और रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### अपराध होते ही...

और एलआईयू को ब्रीफ कर दिया जाए ताकि इस योजना के शुरू होने पर कहीं भी अफवाह न हो सके।

### भारत ने जो विकास...

भारत में स्टेबल गवर्नमेंट के लिए वोट दे रही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के इन पुरातन संस्कारों को हमारी डेमोग्राफी यानि युवाशक्ति आगे बढ़ा रही है। आने वाले अनेक सालों तक भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है। भारत में युवाओं का सबसे बड़ा पूल होने के साथ ही सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। इसके लिए सरकार, एक के बाद एक कई फैसले ले रही है। बीते दशक में भारत की युवाशक्ति ने अपने सामर्थ्य में एक और आयाम जोड़ा है। ये नया आयाम है, भारत की टेक पावर, भारत की डेटा पावर। आप सभी जानते हैं कि आज हर सेक्टर में टेक्नोलॉजी का, डेटा का कितना महत्व है। ये सदी टेक ड्रिवन, डेटा ड्रिवेन सदी है। बीते दशक में भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या करीब चा गुना बढ़ी है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में तो नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, और ये तो अभी शुरुआत है। भारत, दुनिया को डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी और डेटा की असली ताकत दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल टेक्नोलॉजी का डेमोक्रेटाइजेशन, हर क्षेत्र, हर वर्ग को फायदा पहुंचा रहा है। भारत का यूपीआई, भारत का बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम सिस्टम, गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस, आपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स ऐसे कितने ही प्लेटफॉर्म्स हैं, जोडिजिटल इकोसिस्टम की ताकत को दिखाते हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ, और बहुत बड़ा प्रभाव हम यहां राजस्थान में भी देखने जा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत के समृद्ध फ्यूचर में हम टूरिज्म का बहुत बड़ा पोटेंशियल देख रहे हैं। भारत में नेचर, कल्चर, एडवेंचर, कॉन्फ्रेंस, डेस्टिनेशन वेडिंग और हैरिटेज टूरिज्म सबके लिए असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान, भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र है। यहां इतिहास भी है, धरोहरें भी हैं, विशाल मरुभूमि और सुंदर झीलें भी हैं। यहां के गीत-संगीत और खान-पान उसके लिए तो जितना कहे, उतना कम है। टूर ट्रेवल और होस्पिटलिटी सेक्टर को जो चाहिए, वो सब राजस्थान में है। राजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां लोग शादी-ब्याह जैसे जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए राजस्थान आना चाहते हैं। राजस्थान में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म का भी बहुत अधिक स्कोप है। रणथंभौर हो, सरिस्का हो, मुकुंदरा हिल्स हो, केवलादेव हो ऐसे अनेक स्थान हैं, जो वाइल्ड लाइफ को पसंद करने वालों के लिए स्वर्ग हैं। मुझे खुशी है कि राजस्थान सरकार अपने टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स, हैरिटेज सेंटर्स को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने लगभग अलग-अलग थीम सर्किट्स से जुड़ी योजनाएं भी शुरू की हैं। 2004 से 2014 के बीच, 10 साल में भारत में पांच करोड़ के आस-पास विदेशी टूरिस्ट आए थे जबकि 2014 से 2024 के बीच भारत में सात करोड़ से ज्यादा विदेशी टूरिस्ट आए हैं और आप ध्यान दीजिए, इन 10 वर्षों में पूरी दुनिया के तीन-चार साल तो कोरोना से लड़ने में निकल गए थे। कोरोना काल में टूरिज्म ठप्प पड़ा था। इसके बावजूद, भारत में आने वाले टूरिस्ट्स की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ी है। भारत ने अनेक देशों के टूरिस्ट्स को ई-वीजा की जो सुविधा दी है, उससे विदेशी मेहमानों को बहुत मदद मिल रही है। भारत में आज डोमेस्टिक टूरिज्म भी नए रिकॉर्ड बना रहा है, उड़ान योजना हो, वंदे भारत ट्रेने हों, प्रसाद स्कीम हो, इन सभी का लाभ राजस्थान को मिल रहा है। उन्होंने कहा ''भारत के वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों से भी राजस्थान को बहुत फायदा हो रहा है। मैंने देशवासियों से वेड इन इंडिया का आह्वान किया है। इसका फायदा भी राजस्थान को होना तय है। राजस्थान में हेरिटेज टूरिज्म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म इसे बढ़ाने की अथाह संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में आपका निवेश, राजस्थान के टूरिज्म सेक्टर को ताकत देगा और आपका बिजनेस भी बढ़ाएगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत के समृद्ध फ्यूचर में हम टूरिज्म का बहुत बड़ा पोटेंशियल देख रहे हैं। भारत में नेचर, कल्चर, एडवेंचर, कॉन्फ्रेंस, डेस्टिनेशन वेडिंग और हैरिटेज टूरिज्म सबके लिए असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान, भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र है। यहां इतिहास भी है, धरोहरें भी हैं, विशाल मरुभूमि और सुंदर झीलें भी हैं। यहां के गीत-संगीत और खान-पान उसके लिए तो जितना कहे, उतना कम है। टूर ट्रेवल और हहोस्पिटलिटी सेक्टर को जो चाहिए, वो सब राजस्थान में है। राजस्थान दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां लोग शादी-ब्याह जैसे जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए राजस्थान आना चाहते हैं। राजस्थान में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म का भी बहुत अधिक स्कोप है। रणथंभौर हो, सरिस्का हो, मुकुंदरा हिल्स हो, केवलादेव हो ऐसे अनेक स्थान हैं, जो वाइल्ड लाइफ को पसंद करने वालों के लिए स्वर्ग हैं। मुझे खुशी है कि राजस्थान सरकार अपने टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स, हैरिटेज सेंटर्स को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार ने लगभग अलग-अलग थीम सर्किट्स से जुड़ी योजनाएं भी शुरू की हैं। 2004 से 2014 के बीच, 10 साल में भारत में पांच करोड़ के आस-पास विदेशी टूरिस्ट आए थे जबकि 2014 से 2024 के बीच भारत में सात करोड़ से ज्यादा विदेशी टूरिस्ट आए हैं और आप ध्यान दीजिए, इन 10 वर्षों में पूरी दुनिया के तीन-चार साल तो कोरोना से लड़ने में निकल गए थे। कोरोना काल में टूरिज्म ठप्प पड़ा था। इसके बावजूद, भारत में आने वाले टूरिस्ट्स की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ी है। भारत ने अनेक देशों के टूरिस्ट्स को ई-वीजा की जो सुविधा दी है, उससे विदेशी मेहमानों को बहुत मदद मिल रही है। भारत में आज डोमेस्टिक टूरिज्म भी नए रिकॉर्ड बना रहा है, उड़ान योजना हो, वंदे भारत ट्रेने हों, प्रसाद स्कीम हो, इन सभी का लाभ राजस्थान को मिल रहा है। उन्होंने कहा ''भारत के वाइब्रेंट विलेज जैसे कार्यक्रमों से भी राजस्थान को बहुत फायदा हो रहा है। मैंने देशवासियों से वेड इन इंडिया का आह्वान किया है। इसका फायदा भी राजस्थान को होना तय है। राजस्थान में हेरिटेज टूरिज्म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म इसे बढ़ाने की अथाह संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में आपका निवेश, राजस्थान के टूरिज्म सेक्टर को ताकत देगा और आपका बिजनेस भी बढ़ाएगा।''

### सीयूईटी-यूजी, स्नातकोत्तर...

और परिचालन संचालन से जुड़ी आवश्यकता जैसी परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया है। आयोग ने हाल में एक बैठक में इन सिफारिशों पर विचार किया। यूजीसी प्रमुख ने बताया कि आयोग जल्द सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी 2025 आयोजित करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देशों का विवरण देते हुए एक मसौदा प्रस्ताव जारी करेगा, जिसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और संस्थानों से प्रतिक्रिया एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। वर्ष 2022 में परीक्षा के पहले संस्करण में सीयूईटी-यूजी तकनीकी गड़बड़ियों से ग्रस्त था। साथ ही, एक विषय के लिए कई शिफ्ट में परीक्षा आयोजित किए जाने के कारण परिणामों की घोषणा के दौरान अंकों का सामान्यीकरण करना पड़ा। परीक्षा 2024 में पहली बार 'हाइब्रिड मोड' में आयोजित की गई थी। हालांकि, इसे 'लॉजिस्टिक' कारणों का हवाला देते हुए आयोजित होने से एक रात पहले दिल्ली भर में रद्द कर दिया गया था।

### कांग्रेस लाएगी...

पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। एनडीए के सांसदों ने कंाग्रेस तथा उसके नेताओं पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। वहीं कंाग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अडानी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तीन बार के स्थगन के बाद दोपहर तीन बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर भी सदन में हंगामा जारी रहा और विपक्षी सदस्यों ने अडानी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के कुछ सदस्य अपनी सीट से आगे आ गए। हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उनके कक्ष में सदन के नेता जेपी नड्डा और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ उनकी बैठक हुई। उन्होंने कहा, 'बैठक का उद्देश्य सदन में निर्बाध कामकाज सुनिश्चित करना था। दोनों पक्षों ने खुलकर चर्चा की और संकेत दिया कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता हमारे लिए पवित्र है।' धनखड़ ने कहा कि नेताओं ने मंगलवार को सुबह 10:30 बजे फिर से उनके कक्ष में मिलने पर सहमति जताई है। इसके बाद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे संविधान की शपथ पर सावधानीपूर्वक विचार करें ताकि राष्ट्र की अखंडता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा सके।

### आंदोलनकारी किसानों ...

शीर्ष अदालत से केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को निर्देश जारी करने की गुहार लगाई थी। कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत ने 2 सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। किसान 13 फरवरी से शंभू बॉर्डर पर विभिन्न मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं।

### 'सशक्त भारत' के निर्माण...

सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के लोगों को मिला है। प्रदेश में 5 करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान हेल्थ कार्ड बने हैं। इस योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी सूचीबद्ध हैं। इस योजना से आच्छादित लोगों के इलाज हेतु सरकार ने व्यापक प्रबंधन किए हैं। अस्पतालों में इसके लिए अलग कर्मचारी और काउंटर की व्यवस्था है ताकि लाभार्थियों को कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्हीं भी कारणों से जो जरूरतमंद प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभान्वित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ गोरखपुर के लोगों को भी भरपूर मिल रहा है। गोरखपुर में 91 सरकारी और 189 निजी अस्पतालों यानी कुल 280 अस्पतालों को इस योजना के तहत आच्छादित किया गया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना में लाभार्थियों के इलाज के लिए सरकार ने अस्पतालों को 320 करोड रुपये उपलब्ध कराए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया मेधावी छात्रों के शैक्षिक भ्रमण दल का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय, नानूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा-2024 के टॉपर 157 छात्र-छात्राओं के दल को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित कराने का काम करेंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड आज ऐसे निर्णय ले रहा है जो पूरे देश के लिए बेस्ट प्रैक्टिस साबित हो रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने नौ नवंबर के संबोधन में इन निर्णयों का उल्लेख कर राज्य सरकार को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने इसे उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ करार दिया है। इसी क्रम में अब प्रदेश सरकार बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रऽछात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों के एतिहासिक, शैक्षिक महत्व वाले स्थलों के भ्रमण पर भेज रही है। पहला दल आज हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के एतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये भ्रमण उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में नया अध्याय जोड़ेगा। छात्रऽछात्राएं इस दौरान जहां भी जाएंगे, वहां उत्तराखंड के ब्रांड अम्बेसडर के तौर पर खुद को पेश करें। इसलिए सभी छात्रऽछात्राएं उत्तराखंड की पवित्र नदियों, देवस्थानों, मौसम, पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी लेकर जाएं।



उन्होंने कहा कि शीतकाल के लिए चारधामों के कपाट बंद होने के बाद अब शीतकालीन प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है। दल में शामिल छात्रऽछात्राएं इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि शीतकालीन गद्दी पर भी लोग दर्शन कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम छात्रछात्राओं की सोच और व्यक्तित्व विकास को नया आयाम देगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चों के भ्रमण से प्राप्त अनुभव भी लिए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारतीय भाषा सप्ताह की दी शुभकामनाएं:- मुख्यमंत्री ने भारतीय भाषा सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विविधता में एकता का उदाहरण पेश करता है। भारतीय भाषा सप्ताह हमारे अंदर भारतीयता का गौरव भाव पैदा करेगा। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐसे अनेक नायकों से परिचित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड वासियों से जो नौ आग्रह किए हैं, उसमें अपनी क्षेत्रीय बोली भाषा का संरक्षण भी शामिल है। इसलिए सभी मेधावी अपनी बोली भाषा संस्कृति का भी संरक्षण करें। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विद्या समीक्षा केंद्र का दूसरे चरण करने और निदेशालय में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाली निर्माण की भी घोषणा की है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पहली बार कोई राज्य सरकार अपने प्रदेश में ब्लॉक स्तर के टॉपर दो -दो बच्चों के लिए इस तरह का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में शिक्षा विभाग ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के ब्लॉक स्तर पर मेधावी छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरु कर दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अपार आईडी तैयार करने में भी उत्तराखंड देश के टॉप 10 राज्यों में शामिल है। अब तक राज्य में 45 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बन चुकी है। अगले शैक्षिक सत्र से सरकार सभी छात्र छात्राओं का निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की तर्ज पर कॉपियां भी प्रदान करेगी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ, राजपुर विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर के साथ ही विभागीय सचिव रविनाथ रमन, महानिदेशक झरना कमठान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक पार्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। शिवालिकनगर नगर पालिका क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। यहां वार्ड 04 के मुख्य मार्ग पर स्थित अटल चौक के सामने आर क्लस्टर पार्क का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसकी लागत लगभग 1.50 करोड़ रुपए होगी। सोमवार को मुहूर्त पूजन के साथ इस पार्क के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता अतुल वशिष्ठ ने बताया कि यह पार्क क्षेत्रीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग का परिणाम है, जिसमें गंदगी और अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा था। इस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण से प्रस्तावित किया था। पार्क निर्माण से शिवालिकनगर क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी ही, यह स्थानीय नागरिकों के लिए एक सुंदर और सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा। इस दौरान नगर पालिका के निवर्तमान सभासद अशोक मेहता, अजय मलिक, हरिओम चौहान, भाजपा के मंडल महामंत्री संदीप राठी, मंत्री अविनाश रोहेला आदि उपस्थित थे।पार्क में होंगे ये विशेष इंतजाम 1.50 करोड की लागत से बनने वाले इस पार्क में अत्याधुनिक फाउंटेन, गज़ीबो और डेकोरेटिव लाइट्स लगाए जाएंगे। सुरक्षा दीवार के निर्माण के साथ-साथ पैदल पथ भी बनेगा, ताकि लोग आसानी से पार्क में घूम सकें। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए झूले और ओपन जिम का भी इंतजाम किया जाएगा।



# संक्षिप्त समाचार

## पूर्व विधायक संजय ने महिलाओं को बांटे कंबल, कहा– नर सेवा ही नारायण सेवा

**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता और लक्सर के पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने सोमवार को कनखल स्थित श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी में महिलाओं को कंबल वितरित किए। इससे पहले भी उन्होंने श्रीवाल्मीकि आश्रम में 500 महिलाओं को कंबल बांटे थे। कंबल पाकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी नजर आई और उन्होंने संजय गुप्ता के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। कंबल वितरण के अवसर पर संजय गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म हमें एक–दूसरे की मदद करने की प्रेरणा देता है। हर मनुष्य में नारायण का निवास है, इसलिए नर सेवा को नारायण सेवा कहा गया है। उन्होंने आगे कहा कि भीषण सर्दी की शुरुआत हो चुकी है और इस कारण जरूरतमंदों की मदद करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने संजय गुप्ता के इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि संजय गुप्ता हमेशा नर सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करते हैं। उनका सेवा भाव प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान संजय गुप्ता ने 500 कंबल वितरित किए और बताया कि गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए उनका यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उनके इस कार्य को स्थानीय लोगों और महिलाओं ने भी खूब सराहा।

## फूड वैन के बाद ट्रांसजेंडर अदिति ने खोला कैफ़ेटेरिया

**देहरादून।** बधाइयां गाकर अपना जीवनयापन करने वाले किन्नरों (ट्रांसजेंडर्स) के लिए मिसाल बनी उत्तराखंड के देहरादून की पहली पंजीकृत ट्रांसजेंडर अदिति शर्मा ने फूड वैन संचालन के बाद, अब सोमवार को रेस्टोरेंट (कैफ़ेटेरिया) शुरू कर दिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी, दर्ज़ाधारी मंत्री विनोद उनियाल और पूर्व दर्ज़ाधारी रविन्द्र आनन्द ने संयुक्त रूप से 'निवाला प्यार का' कैफ़ेटेरिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, कैबिनेट मंत्री श्री जोशी ने अदिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अदिति जैसे लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़कर, अपने लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं, यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ रहे हैं। उन्होंने अदिति को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में उनके द्वारा किए गए इस तरह के प्रयासों के लिए समाज उनके साथ है। दर्ज़ाधारी राज्यमंत्री विनोद उनियाल और पूर्व राज्यमंत्री रविंद्र आनंद ने भी अदिति द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। कैफ़ेटेरिया की संचालक ट्रांसजेंडर आदिति ने कहा कि यह रेस्टोरेंट अपने नाम 'निवाला प्यार का' के अनुरूप, हर किसी के लिए प्यार और स्वाद का प्रतीक होगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं सर्व महिला शक्ति समिति अध्यक्ष शिवानी कौशिक गुप्ता, तेजस्विनी चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया गुलाटी, मधु मारवाह, मंजू हरनाल, रमनप्रीत कौर, अंजू बारी, मंजू शर्मा, रजनी शर्मा, बबीता गुप्ता, अल्का, पूजा, शशि भाटिया, डॉक्टर स्वाति आदि उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने शुरु की प्रवक्ता प्रतिभा खोज

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'यंग इंडिया के बोल' सीज़न–5 का आरंभ करते हुए सोमवार को प्रवक्ता प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की शुरुआत की। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा पार्टी की छात्र इकाई राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रभारी कन्हैया कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए इसके पोस्टर भी लॉन्च किये और देश भर के युवाओं से इससे जुड़ने की अपील की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया, ल्लप्रतियोगिता के लिए आवेदन प्रक्रिया 15 दिसंबर से 'विद आईवाईसी एप' के माध्यम से शुरू होगी। इच्छुक प्रतिभागियों को इन दोनों मुद्दों पर अपने वीडियो प्रस्तुत करने होंगे। प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आमंत्रित कर युवा कांग्रेस के राज्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने के साथ ही उन्हें पार्टी के विचारों को प्रासंगिक मुद्दों पर व्यक्त करने का मौका भी मिलेगा।

# भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है जीवन: कीर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व सोच का प्रभाव है कि आज पूरी दुनिया भारत में हुए डिजिटल क्रांति की तारीफ कर रही है। मोदी सरकार द्वारा 01 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तीकरण को सुनिश्चित करके भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना था। आज अगर आप एक क्लिक से पैसा ट्रांसफर करने से लेकर तमाम जरूरी काम कर पाते हैं तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक सोच है।

केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को जोरबाग स्थित पर्यावरण भवन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने 2047 में विकसित भारत की नींव रख दी है। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति लाने और लोगों को डिजिटली काम करने के लिए प्रेरित किया है, जो अभूतपूर्व है। इसका सीधा सकारात्मक असर 140 करोड़ देशवासियों पर हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भारत में डिजिटल क्रांति को लेकर विदेश में हो रही चर्चा व अनुभव से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब वे विदेश में प्रवास पर होते हैं तो वहां की सरकार के प्रतिनिधि व जनमानस के मुंह से भारत की डिजिटल क्रांति की बात सुनकर बहुत अच्छा लगता है। यह सुखद है कि डिजिटल इंडिया को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने पूरे देश को विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाई है।

# हरिद्वार में सजी सुरों की शाम, वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं ने बिखेरा हुनर का जलवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मधुरिमा संगीत समिति हरिद्वार की ओर से त्रिपुरा मंदिर सभागार में आयोजित दो दिवसीय गायन, वादन, नृत्य और संगीत प्रतियोगिता में 110 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के 32वें वार्षिक उत्सव के रूप में किया गया, जिसमें सभी आयु वर्गों के लिए प्रतियोगिताएं रखी गईं।समिति की अध्यक्ष श्वेता पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में सात ग्रुप डांस, पांच ग्रुप सॉन्ग, और कई सोलो प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसिद्ध संगीतज्ञ राजीव लोचन भट्ट, सुनील मुखर्जी और निखिल घोष थे। प्रतिभागियों ने फिल्मी गीत, सुगम संगीत, क्लासिकल संगीत के साथ-साथ हारमोनियम, तबला, पखावज और गिटार वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।



विशेष रूप से संतोष नामदेव की पखावज प्रस्तुति को खूब सराहना मिली। त्रिपुरा मंदिर के परमाध्यक्ष स्वामी संत मुनि ने कहा कि ऐसे आयोजनों से देवभूमि के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और कला को निखारने का बेहतरीन अवसर मिलता है। उन्होंने समिति की अध्यक्ष श्वेता पटेल और सचिव करुणा चौहान को सफल आयोजन की बधाई दी। समिति की सचिव करुणा चौहान ने बताया कि इस आयोजन के पीछे टीम का कठोर परिश्रम और समर्पण रहा। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को संतों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान कर किया गया। इस आयोजन ने हरिद्वार के सांस्कृतिक और संगीत प्रेमियों के बीच एक अमिट छाप छोड़ी।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से बदला मौसम का मिजाज, सर्दी को लेकर प्रशासन अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मौसम का मिजाज बदलते ही सर्दी का असर बढ़ने लगा है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश के बाद ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, 10 दिसंबर के बाद प्रदेश में मौसम फिर शुष्क हो जाएगा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है, जिससे सर्दी और बढ़ सकती है।बढ़ती सर्दी को देखते हुए लक्सर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। लक्सर तहसील के एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल को रैन बसेरे का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके बाद मोहम्मद कामिल ने नगर के रैन बसेरे का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरे में साफ-सफाई, पानी, रसोई और गड्ढों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। सफाई कर्मचारियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। रैन बसेरे में 20 बेड की व्यवस्था है और इसकी 30 बेड की क्षमता है।इसके अलावा एसडीएम और अधिशासी अधिकारी ने नगर में अलाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए, ताकि ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को राहत मिल सके।



# मुर्मु मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करेंगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल यहां मानवाधिकार दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी।

मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकार को अपनाया था और इसकी सर्वव्यापी घोषणा की थी। यह मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक निर्देश चिन्ह (बेंचमार्क) के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानवाधिकार दिवस को दुनिया भर के विभिन्न हितधारकों के लिए अपने कार्यों और जिम्मेदारियों पर विचार करने के अवसर के रूप में देखता है। मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा इस सिद्धांत को दर्शाती है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं, उन्हें जीवन, स्वतंत्रता और सुरक्षा, कानून के समक्ष समानता और विचार, विवेक, धर्म, राय तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। यह सिद्धांत भारत के संविधान और मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम (पीएचआरए), 1993 में भी परिलक्षित होता है, जिसने 12 अक्टूबर, 1993 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत की स्थापना के लिए कानूनी ढांचा प्रदान किया। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी, महासचिव भरत लाल, वरिष्ठ अधिकारी, वैधानिक आयोगों के सदस्य, राज्यों के मानवाधिकार आयोग , राजनयिक, नागरिक समाज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# राह सुगम बनाने के लिए सड़क सुरक्षा का मेगा अभियान, देहरादून में सुधार कार्य युद्धस्तर पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। देहरादून शहर की सड़कों पर यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान तेजी से चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में घंटाघर, राजपुर रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सड़क सुधार के कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। स्पीड ब्रेकर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन और डिवाइडर नवीनीकरण का कार्य शहर में सुचारू यातायात और नागरिक सुरक्षा के लिए जारी है।


जिला प्रशासन का कहना है कि सुरक्षित सड़क, सुगम आवागमन अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात को सुव्यवस्थित करना है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर नागरिकों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव देना है। घंटाघर में स्पीड ब्रेकर, स्टॉप लाइन और ज़ेब्रा क्रॉसिंग का कार्य पूरी तरह से संपन्न हो चुका है। इस पहल से इस व्यस्त क्षेत्र में पैदल यात्रियों और वाहन चालकों दोनों को राहत मिलेगी। प्रशासन का कहना है कि इस क्षेत्र में यातायात प्रबंधन बेहतर होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। राजपुर रोड पर पुराने और जर्जर डिवाइडरों को हटाने का कार्य तेज़ गति से जारी है। इनकी जगह नए और मजबूत डिवाइडर लगाए जा रहे हैं। यह कार्य क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाएगा। शहर के अन्य प्रमुख चौकों और चौराहों पर भी स्पीड ब्रेकर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग और स्टॉप लाइन का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इन सुधारों से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने में मदद मिलेगी और पैदल यात्रियों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया जाएगा। सड़क सुरक्षा कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल स्वयं प्रतिदिन इन कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके निर्देश पर उप जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी कुमकुम जोशी और अधिशासी अभियंता जीतेन्द्र त्रिपाठी मौके पर मौजूद रहकर हर कार्य की बारीकी से जांच कर रहे हैं। शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह के कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।

# रामेश्वरी नेहरू ने पत्रकारिता के साथ साथ दंगा पीड़ितों की भी सेवा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आज से 115 वर्ष पहले 'स्त्री दर्पण' पत्रिका निकालकर स्त्री आंदोलन शुरू करने वाली संपादक रामेश्वरी नेहरू ने केवल पत्रकारिता ही नहीं की बल्कि हरिजनों और विभाजन के समय दंगा पीड़ितों की भी सेवा की। रज़ा फाउंडेशन स्त्री दर्पण और ड्रीम फाउंडेशन द्वारा रविवार को यहां आयोजित रामेश्वरी नेहरू स्मृति समारोह में वक्ताओं ने उस ज़माने को याद करते हुए कहा उस समय हिंदुस्तानी मौसिकी को बुलंदियों पर ले जानेवाली तवायफ़ गायिकाओं ने न केवल आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया बल्कि राष्ट्रनिर्माण में भी भूमिका अदा की। दस दिसम्बर 1886 को लाहौर में जन्मी रामेश्वरी नेहरू की याद में पहली बार साहित्य समाज में कोई समारोह किया गया। समारोह में प्रख्यात लेखिका ममता कालिया, वरिष्ठ कवि और पत्रकार इब्बार रब्बी , साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका नासिरा शर्मा , बनारास घराने की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका एवम सविता देवी की शिष्या मीनाक्षी प्रसाद, एनडीटीवी के पत्रकार लेखक प्रियदर्शन और कथाकार प्रभात ने विचार व्यक्त किये।

श्रीमती प्रसाद ने कहा कि पुरुषों ने स्त्रियों की प्रतिभा को कमतर आंकने के लिए उस ज़माने की भूली बिसरी गायिकाओं को तवायफ़ गायिकाएं कहकर पुकारना शुरू किया। वरिष्ठ कवि विमल कुमार के कविता संग्रह तवायफ़ नामा के विमोचन के अवसर पर कहा कि उन दिनों कोठे पर पुरुष कलाकार और महिला कलाकार साथ गाते बजाते और सीखते थे लेकिन महिला गायिकाओं को बाई या जान कहकर पुकारा गया जबकि उन्हें सम्मान जनक भाषां में पुकारा जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वे महिलाएं विदुषी थी, लिखती पढ़ती थी और उम्दा गायिकाएं थीं । उन्होंने हिंदुस्तानी मौसिकी को बचाया लेकिन पुरुष कलाकारों को उस्ताद या पंडित कहा गया जबकि महिला कलाकारों को बाई या जान या तवायफ़ गायिकाएं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063